

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorcha.com | लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित | जन जन की आवाज



लखनऊ | वर्ष : 05 अंक : 50 | गुरूवार 02 अप्रैल 2026 | चैत्र शुक्ल अमावस्या विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 14 | मूल्य : 05




## वार अपडेट

### 'ईरान ने युद्धविराम का किया अनुरोध': ट्रंप ने सामने रखी शर्त



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि ईरानी शासन के नए राष्ट्रपति अपने पूर्ववर्तियों की तुलना में कहीं कम कट्टरपंथी और कहीं अधिक बुद्धिमान हैं। उन्होंने अभी-अभी अमेरिका से युद्धविराम का अनुरोध किया है। होर्मुज जलडमरूमध्य के पूरी तरह से खुला, मुक्त और सुरक्षित होने पर ही हम इस पर विचार करेंगे। तब तक हम ईरान को पूरी तरह तबाह कर देंगे या यूं कहें कि उसे पाषाण युग में वापस भेज देंगे।

इससे पहले, मंगलवार को ट्रंप ने पत्रकारों से बातचीत में कहा था कि अमेरिका जल्द ही ईरान से बाहर निकल आएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, मुझे बस ईरान से निकलना है और हम बहुत जल्द ऐसा करेंगे। इसके बाद वे खुद ही गिर जाएंगे। आज शेयर बाजार लगभग रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, क्योंकि दो उन्हें दो बातें पता हैं। पहली- हमारा देश सुरक्षित है। हमें थोड़ा रास्ता (तरीका) बदलना पड़ा, क्योंकि हमारे पास खामेनेई नाम का एक पागल व्यक्ति था, जो अब हमारे बीच नहीं है। हमने पहले शासन परिवर्तन कर लिया है। हमने एक शासन को हटाया। फिर दूसरे को हटाया। अब हमारे पास ऐसे लोगों का समूह है, जो बहुत अलग हैं। जो ज्यादा पहुंच में हैं।

### कई वर्षों तक परमाणु हथियार नहीं बना पाएगा ईरानः ट्रंप

ट्रंप ने कहा था कि वह बिना किसी समझौते के भी वहां से निकल जाएंगे। उन्होंने कहा, 'नहीं..उन्हें मेरे साथ समझौता करने की जरूरत नहीं है। जब हमें लगेगा कि उन्हें लंबे समय के लिए पाषाण युग में पहुंचा दिया गया है और वे परमाणु हथियार नहीं बना पाएंगे, तब हम वहां से निकल जाएंगे। समझौता हो या न हो, इससे फर्क नहीं पड़ता। हालांकि, संभवना है कि समझौता हो जाएगा, क्योंकि वे समझौता करना चाहते हैं। वे मुझसे ज्यादा समझौते करना चाहते हैं। लेकिन, जल्द यह सब खत्म हो जाएगा। वे कई वर्षों तक परमाणु हथियार नहीं बना पाएंगे।

### अमेरिकी राष्ट्रपति ने नाटो को बताया 'कागज का शेर'

इसके अलावा, ट्रंप ने बुधवार को यह भी कहा कि वह उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) से अमेरिका को बाहर निकालने पर गहराई से विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, नाटो ईरान के खिलाफ युद्ध में शामिल नहीं हुआ। ट्रंप ने नाटो को 'कागजी शेर' करार दिया। टेलीग्राफ के साथ इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा, 'यह गठबंधन (नाटो) एक कागजी शेर है और ब्रिटेन के पास नौसेना तक नहीं है।'

## सीएम योगी ने सपा पर साधा निशाना, कहा-

# पिछली सरकारें गंदगी में डूबी थीं, अब है स्वच्छता और विकास

एजेंसी समाचार

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लखनऊ में पर्यावरण अनुकूल कचरा प्रबंधन वाहनों के एक बेड़े को हरी झंडी दिखाते हुए समाजवादी पार्टी (सपा) पर तीखा हमला बोला और कहा कि उनकी सरकार ने राज्य से "कचरे की राजनीति को हटा दिया है।" मुख्यमंत्री लखनऊ में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को मजबूत करने के उद्देश्य से लगभग 250 इलेक्ट्रिक और सीएनजी से चलने वाले वाहनों को हरी झंडी दिखाने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे। आदित्यनाथ ने कहा, "हमने और उत्तर प्रदेश के लोगों ने कचरे की राजनीति को उखाड़ फेंका है। पहले, शासन और सोच दोनों गंदगी से भरे हुए थे, जिससे गंदगी और बीमारियां फैलती थीं।"

उन्होंने कहा कि 2017 से पहले पिछली सरकारों के कामकाज के कारण घर-घर कचरा उठाने जैसी प्रभावी कचरा संग्रहण प्रणाली संभव नहीं थी। उन्होंने अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती सरकार पर स्पष्ट रूप से निशाना साधते हुए कहा, "पहले सत्ता में रहने वाले लोग खुद गंदगी में डूबे हुए थे। उनके कार्य और सोच उसी को प्रतिबिंबित करते थे,



जिसके परिणामस्वरूप इंसेफ्लाइटिस, डेंगू, मलेरिया और फाइलेरिया जैसी बीमारियां फैल गईं।"

मुख्यमंत्री ने स्वच्छता मानकों में सुधार के लिए "डबल इंजन सरकार" को श्रेय दिया और कहा कि लखनऊ अब पिछले नौ वर्षों में स्वच्छता रैंकिंग में देश के शीर्ष तीन शहरों में शामिल हो गया है। आदित्यनाथ ने कहा कि नए इलेक्ट्रिक वाहन कार्बन उत्सर्जन को कम करने में मदद करेंगे और बेहतर अपशिष्ट निपटान प्रणाली सुनिश्चित करते हुए "नेट जीरो" लक्ष्य प्राप्त करने में योगदान देंगे। उन्होंने पिछली सरकारों की तुलना में मौजूदा स्थिति की तुलना करते हुए शहरी बुनियादी ढांचे में बदलाव पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पहले के शासनकाल में अनियमित बिजली आपूर्ति के कारण पुरानी हैलोजन स्ट्रीट लाइट्स को प्राथमिकता दी जाती थी, जबकि उनकी सरकार ने 24 घंटे बिजली सुनिश्चित की और शहरों में उनकी जगह ऊर्जा-कुशल एलईडी लाइट्स लगाईं।

मुख्यमंत्री ने कहा, "राज्य भर में 16 लाख से अधिक एलईडी स्ट्रीट लाइट्स लगाई गई हैं, जिससे शहर अच्छी तरह से रोशन और सुरक्षित हो गए हैं।" उन्होंने कहा कि बेहतर रोशनी से सुरक्षा और शहरी सौंदर्य में वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल के वर्षों में लखनऊ में तेजी से विकास हुआ है, जिसमें मेट्रो सेवाओं का विस्तार, बेहतर सड़क कनेक्टिविटी, जल निकासी व्यवस्था और नागरिक सुविधाएं शामिल हैं।

## चाय बागान में पीएम मोदी का अनोखा अंदाज...

# पत्तियां तोड़ते हुए महिलाओं संग की बात, खिंचवाई सेल्फी

एजेंसी समाचार

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को असम के डिब्रूगढ़ जिले में एक चाय बागान



का दौरा किया और वहां काम कर रहीं महिला श्रमिकों से बातचीत की। मोदी भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में दो चुनावी रैलियों को संबोधित करने के लिए राज्य के एक दिवसीय दौरे पर हैं।

प्रधानमंत्री ने 'मनोहारी टी इस्टेट' का दौरा करने के बाद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, "हम हर चाय जनजाति परिवार के प्रयासों पर अत्यंत गर्व महसूस करते हैं। उनकी कड़ी मेहनत और लगन ने असम के गौरव को बढ़ाया है।"

मोदी को महिलाओं के एक समूह के साथ चाय की पत्तियां तोड़ते हुए भी देखा गया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच पर एक अन्य पोस्ट में कहा, "चाय की पत्तियां तोड़ने के बाद महिलाओं ने अपनी संस्कृति के बारे में बात की और अंत में एक सेल्फी भी ली!" प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें साझा करते हुए कहा कि ये डिब्रूगढ़ के एक चाय बागान की कुछ झलकियां हैं।

असम विधानसभा चुनाव 2026 को लेकर राज्य में सियासी पारा चढ़ गया है। 126 सीटों वाली इस विधानसभा के लिए मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ NDA गठबंधन और विपक्षी असम सम्मिलित मोर्चा के बीच होने वाला है।

चुनाव आयोग के अनुसार, असम की सभी 126 सीटों पर एक ही चरण में 9 अप्रैल 2026 को मतदान होगा, जबकि नतीजों की घोषणा 4 मई 2026 को की जाएगी।

## पश्चिम एशिया संकट

# पीएम आवास पर सीसीएस की बैठक

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा के लिए पीएम आवास पर सीसीएस की बैठक हो रही है। यह बैठक वरिष्ठ कैबिनेट मंत्रियों के एक समूह के साथ हो रही है। बैठक में राजनाथ सिंह, अमित शाह, एस जयशंकर और निर्मला सीतारमण समेत कई मंत्री मौजूद हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार शाम पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा के लिए वरिष्ठ कैबिनेट मंत्रियों के साथ बैठक कर रहे हैं। इस बैठक में आम लोगों के लिए खाद्य, ऊर्जा और ईंधन सुरक्षा जैसे जरूरी मुद्दों पर चर्चा हो रही है। बैठक पीएम आवास पर हो रही है।

बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, पीयूष गोयल, शिवराज सिंह चौहान, जेपी नड्डा, अश्विनी वैष्णव, मनोहर लाल खट्टर, प्रल्हाद जोशी, के राममोहन नायडू और हरदीप सिंह पुरी समेत कई मंत्री शामिल हैं। इसके अलावा राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा और शक्तिकांत दास तथा कैबिनेट सचिव टीवी सोमनाथन भी बैठक में मौजूद हैं।

इससे पहले प्रधानमंत्री ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में पश्चिम एशिया में जारी भीषण युद्ध से उत्पन्न हालात को चुनौतीपूर्ण बताया था। उन्होंने देशवासियों से एकजुट होकर इस संकट का सामना करने की अपील की थी। प्रधानमंत्री ने संकट का राजनीतिकरण करने वालों को भी चेतावनी दी और कहा कि ऐसे समय में स्वार्थ की राजनीति की कोई जगह नहीं है।

# 'यहां भगवान भी सुरक्षित नहीं': केरल में गरजे राजनाथ सिंह

## बोले-एलडीएफ और यूडीएफ भ्रष्टाचार के यार

एजेंसी समाचार

**तिरुवनंतपुरम।** केरल विधानसभा चुनाव के रण में उतरे देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा है। परवूर में एनडीए उम्मीदवार वत्सला प्रसन्ना कुमारी के पक्ष में हुंकार भरते हुए उन्होंने कहा कि आज 'गॉड्स ओन कंट्री' यानी ईश्वर की अपनी भूमि कहे जाने वाले केरल में खुद भगवान भी सुरक्षित नहीं बचे हैं। उन्होंने लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) और यूडीएफ यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) को भ्रष्टाचार के यार बताया है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि जिस तरह जुडास ने चांदी के कुछ सिक्कों के लिए ईसा मसीह को



धोखा दिया था, ठीक उसी तरह सत्ताधारी एलडीएफ ने सोने के लिए भगवान अयप्पा के साथ छल किया है। रक्षा मंत्री ने सबरीमाला के कथित सोने की चोरी का मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जनता की गाढ़ी कमाई और आस्था को लूटने वालों को बचाया जा रहा है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि कांग्रेस के एक बड़े नेता भी आरोपियों के साथ खड़े नजर आ चुके हैं। उन्होंने एलान किया कि सबरीमाला मामले की जांच सीबीआई से कराई जाएगी।

## बीजू पटनायक पर बयान देकर फंसे निशिकांत दुबे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीते हफ्ते भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने ओडिशा के पूर्व सीएम बीजू पटनायक को लेकर कुछ ऐसा कह दिया था, जिस पर खासा विवाद हुआ। अब निशिकांत दुबे ने अपने बयान पर माफी मांगी है। निशिकांत दुबे ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में बताया कि उनके बयान का गलत मतलब निकाला गया और ये उनके व्यक्तिगत विचार थे। निशिकांत दुबे ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, 'पिछले हफ्ते मीडिया से बात करते हुए मैंने नेहरू गांधी परिवार के कारनामों के क्रम में कुछ बयान दिया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री और भारत के अग्रणी नेताओं में शुमार बीजू पटनायक के संदर्भ में बोली गईं, मेरी बातों का गलत मतलब निकाला गया। यह मेरा व्यक्तिगत बयान है। नेहरू जी के ऊपर मेरे विचार को बीजू पटनायक के ऊपर समझा गया।' निशिकांत दुबे ने कहा 'बीजू बाबू हमारे लिए हमेशा ऊंचे कद के नेता रहे हैं और रहेंगे। मेरे वक्तव्य से अगर किसी की भावनाएं आहत हुई हैं तो मैं उसके लिए बिना शर्त माफी मांगता हूं।' भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने 27 मार्च को एक बयान में दावा किया था कि 1960 के दशक में अमेरिका ने तिब्बत में अपने सैनिक और सीआईए एजेंट भेजे थे क्योंकि उसे डर था कि चीन तिब्बत पर कब्जा कर लेगा। दलाई लामा और उनके भाई लगातार अमेरिकी सरकार के संपर्क में थे। पंडित नेहरू ने पूरा युद्ध अमेरिका के पैसों और सीआईए के सहयोग से लड़ा।

# 'यह हमारी जंग नहीं है': ईरान युद्ध के बीच ब्रिटेन ने भी छोड़ा ट्रंप का साथ

एजेंसी समाचार

**लंदन।** पूरा पश्चिम एशिया युद्ध की आग में सुलग रहा है। इस्राइल और अमेरिका ने मिलकर सबसे पहले ईरान पर हमला किया। बदले में ईरान ने आस-पास के सभी दुश्मन देशों को निशाना बनाया। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सहयोगी देशों से मदद की अपील की। लेकिन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ईरान युद्ध में शामिल न होने के अपने रुख पर अडिग हैं।

दरअसल, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने एक बड़ा और कड़ा फैसला लिया है। प्रधानमंत्री स्टार्मर ने कहा कि ब्रिटेन, ईरान के खिलाफ अमेरिका और इस्राइल के सैन्य अभियान में शामिल नहीं होगा। उन्होंने साफ-



साफ कहा कि यह हमारी लड़ाई नहीं है।

उनका यह फैसला ऐसे समय में आया है जब नाटो सहयोगी देशों की तरफ से ब्रिटेन पर इस जंग में कूदने का भारी दबाव बनाया जा रहा था। प्रधानमंत्री ने साफ किया कि वह देश की सेना को किसी ऐसे आक्रामक अभियान का हिस्सा नहीं बनने देंगे, जिससे ब्रिटेन के राष्ट्रीय हितों को नुकसान पहुंचे।

वहीं, ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर ने एलान किया है कि जंग की मार झेल रहे होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए ब्रिटेन इसी हफ्ते करीब 35 देशों की एक 'महाबैठक' की मेजबानी करने जा रहा है। प्रधानमंत्री स्टार्मर ने बताया कि इस बेहद संवेदनशील बैठक की अध्यक्षता ब्रिटेन की विदेश सचिव यवेट कूपर करेंगी। हालांकि, उन्होंने बैठक के सटीक दिन का खुलासा अभी नहीं किया है।

प्रधानमंत्री स्टार्मर ने कहा कि इस चर्चा में हम उन सभी कूटनीतिक और राजनीतिक कदमों का आकलन करेंगे, जो हम होर्मुज की आजादी को बहाल करने के लिए उठा सकते हैं। हमारा मकसद वहां फंसे जहाजों और नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और जरूरी सामानों की आवाजाही को फिर से शुरू करना है। कीर स्टार्मर ने कहा कि इस बैठक के बाद हम सैन्य योजनाकारों को भी एक साथ लाएंगे। उनका काम यह देखना होगा कि युद्ध खत्म होने के बाद हम अपनी क्षमताओं का इस्तेमाल कैसे करें, जिससे इस समुद्री रास्ते को हमेशा के लिए सुरक्षित और सुलभ बनाया जा सके।

# पाकिस्तान पर हमला करने वाली थी नौसेना, कुछ मिनट पहले गिड़गिड़ाया; एडमिरल त्रिपाठी ने किया खुलासा

एजेंसी समाचार

नई दिल्ली। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय नौसेना समुद्र से पाकिस्तान पर हमले करने ही वाले थे कि उन्होंने कार्रवाई रोकने का अनुरोध किया। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने बुधवार को यह बात कही।

उन्होंने यह बात नौसेना अलंकरण समारोह-2026 में कही। समारोह में उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपनी विशेष सेवा के लिए नौसेना के दो वरिष्ठ अधिकारियों को युद्ध सेवा पदक प्रदान किए। यह ऑपरेशन पिछले साल पहलगाम आतंक हमले के बाद किया गया था। एडमिरल त्रिपाठी ने कहा, अब यह कोई छिपी हुई बात नहीं है कि हम पाकिस्तान पर समुद्र से हमला करने से बस कुछ मिनट दूर थे, जब उन्होंने कार्रवाई रोकने का अनुरोध किया।



नौसेना प्रमुख एडमिरल त्रिपाठी ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर से भारतीय नौसेना ने अनुकरणीय तत्परता और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया। हमारी इकाइयों ने त्वरित तैनाती की और पूरी अवधि के दौरान अत्यधिक आक्रामक रुख बनाए रखा। यह अब कोई छिपी हुई बात नहीं है कि जब हम समुद्र से पाकिस्तान पर हमला करने से बस कुछ ही मिनट दूर थे, तभी उसने सैन्य कार्रवाई रोकने का अनुरोध किया। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तत्काल और दृढ़ कार्रवाई के जरिये भारतीय सेना ने अपनी क्षमताओं से देश के भरोसे को मजबूत किया।

उन्होंने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर और पूरे वर्ष निरंतर परिचालन गतिविधि के अलावा, हमें पश्चिमी तट पर भारतीय नौसेना की ऐतिहासिक 17 घंटे की रात की तैनाती के दौरान प्रधानमंत्री के सामने अपनी परिचालन क्षमताओं का प्रदर्शन करने पर भी बहुत गर्व है।' एडमिरल त्रिपाठी ने कहा, इसी के साथ भारतीय नौसेना ने क्षेत्र में सबसे पहले मदद पहुंचाने वाली ताकत (फर्स्ट रिस्पॉन्डर) के रूप में अपनी प्रतिबद्धता को भी निभाया। हमने कम समय में और कठिन परिस्थितियों में म्यांमार में ऑपरेशन ब्रह्मा से लेकर श्रीलंका में ऑपरेशन सागर बंधु तककई राहत और बचाव अभियान चलाए।

उन्होंने कहा, आत्मनिर्भरता पर लगातार फोकस करने से हम अपने जहाज और पनडुब्बियां खुद बनाने वाली नौसेना बनने की दिशा में आगे बढ़े और हमारी ताकत भी तेजी से बढ़ी। एक ही साल में 12 जहाज और पनडुब्बियां शामिल की गईं। आज हम केवल पिछले साल की उपलब्धियां नहीं गिनाते, बल्कि भारतीय नौसेना की कामयाबी को भी सम्मान देते हैं।

# प्रदेश में एक साथ सक्रिय होंगे दो पश्चिमी विक्षोभ

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अप्रैल का पहला हफ्ता मौसमी उतार चढ़ाव भरा रहने वाला है। मौसम विभाग का कहना है कि यूपी में तीन और सात अप्रैल को लगातार दो पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहे हैं। इसके असर से प्रदेश भर में तेज हवा संग बेमौसम बारिश का एक और दौर शुरू होगा।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि लगातार दो विक्षोभ के सक्रिय होने से पश्चिमी यूपी, मध्यांचल व बुंदेलखंड के कई हिस्सों में 50 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने और ओलेगिरने की भी संभावना जताई गई है।

इधर 31 मार्च और एक अप्रैल के दौरान प्रदेश के विभिन्न इलाकों में गरज चमक और तेज हवा के साथ बारिश हुई। कन्नौज में सर्वाधिक 29 मिमी बारिश रिकार्ड हुई। वहीं मैनपुरी में 20 मिमी और लखनऊ में 15.1 मिमी वर्षा हुई। एटा, हाथरस और चित्रकूट में भी 10 मिमी से ज्यादा बारिश हुई। फर्रूखाबाद में ओले गिरने की भी सूचना मिली।

बांदा 38.8 डिग्री सेल्सियस के साथ प्रदेश में सबसे गर्म रहा। जबकि आजमगढ़ में 38.4 डिग्री और अयोध्या में 38 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ।

# 1.5 करोड़ तक लाइसेंस से राहत, वेंडरों को भी छूट

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत के साथ खाद्य कारोबार से जुड़े नियमों में बड़ा बदलाव लागू कर दिया गया है। भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) ने लाइसेंस और पंजीयन की प्रक्रिया को सरल बनाते हुए छोटे कारोबारियों को बड़ी राहत दी है। मंगलवार आधी रात से लागू हुए इन नियमों का सीधा फायदा स्थानीय व्यापारियों और रेहड़ी-पटरी वालों को मिलेगा।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल के अनुसार अब केवल उन्हीं कारोबारियों को लाइसेंस लेना होगा, जिनका वार्षिक टर्नओवर 1.5 करोड़ रुपये से अधिक है। बड़े होटल, रेस्टोरेंट, मिठाई प्रतिष्ठान और डेयरी संचालक इस दायरे में आएंगे। 1.5 करोड़ रुपये से कम टर्नओवर वाले कारोबारियों को अब लाइसेंस लेने की जरूरत नहीं होगी। ऐसे व्यापारियों को केवल विभाग में पंजीयन कराना होगा। इससे समय और खर्च दोनों की बचत होगी और छोटे कारोबारियों को राहत मिलेगी। नई व्यवस्था में स्ट्रीट वेंडरों को खाद्य विभाग से अलग लाइसेंस लेने से छूट दी गई है। वे नगर निकाय की टाउन वेंडिंग कमेटी के जरिए पंजीयन कराकर अपना काम जारी रख सकेंगे। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल ने बताया कि पहले 12 लाख रुपये से अधिक टर्नओवर पर लाइसेंस अनिवार्य था। अब सीमा बढ़ाकर 1.5 करोड़ कर दी गई है, जिससे बड़ी संख्या में छोटे कारोबारियों को सीधा लाभ मिलेगा।

# अस्पतालों की मनमानी खत्म, वसूली पर कसेगा शिकंजा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** विकास भवन सभागार में हुई मंडलीय समीक्षा बैठक इस बार सिर्फ औपचारिक नहीं रही, बल्कि अफसरों के लिए साफ संदेश बनकर उभरी–जनता से जुड़ी योजनाओं में गड़बड़ी मिली तो सीधे कार्रवाई होगी। मंडलायुक्त भूपेंद्र एस. चौधरी ने आयुष्मान योजना से लेकर गेहूं खरीद, स्वास्थ्य सेवाओं और निर्माण कार्यों तक हर मोर्चे पर अधिकारियों की जमकर क्लास ली।

सबसे ज्यादा सख्ती आयुष्मान योजना को लेकर दिखाई गई। कमिश्नर ने साफ कहा–अगर किसी मरीज से इलाज के नाम पर पैसा लिया गया तो सिर्फ पैसा वापस कराने से काम नहीं चलेगा, जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी। पीलीभीत में दर्ज एफआईआर का हवाला देकर अफसरों को चेताया गया कि अब शिकायत आई तो सीधे केस दर्ज होगा।

## गेहूं खरीद पर नजर, केंद्रों पर लापरवाही मिली तो खैर नहीं

गेहूं खरीद की समीक्षा में सामने आया कि मंडल में 538 केंद्र तैयार हैं और 2582 रुपये प्रति क्विंटल की दर तय है, लेकिन बारिश के चलते आवक धीमी है। इस पर कमिश्नर ने आदेश दिया कि हर केंद्र का सुबह-शाम निरीक्षण हो, कर्मचारी गायब मिले तो कार्रवाई तय मानी जाए। वहीं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में कमिश्नर का रुख सख्त रहा। उन्होंने साफ कहा कि बजट खर्च कहां हो रहा है, इसकी अलग से समीक्षा हो। साथ ही अस्पतालों में ढ्ष्ट बेड बढ़ाने के निर्देश दिए गए। गर्भवती महिलाओं की हेपेटाइटिस-बी जांच को अनिवार्य बताते हुए कहा गया कि इसमें लापरवाही सीधे बच्चों की सेहत से खिलवाड़ है।

## फर्जी बिल और प्रमाणपत्रों पर शिकंजा, हर कागज की होगी जांच

शाहजहांपुर में फर्जी मेडिकल बिलों का मामला सामने आने पर कमिश्नर ने अफसरों को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि जिन अस्पतालों का अस्तित्व ही नहीं, उनके बिल पास होना बेहद गंभीर है। अब हर बिल का सत्यापन होगा। दिव्यांग प्रमाणपत्र और मेडिकोलीगल रिपोर्ट भी बिना जांच के जारी नहीं होंगे। निर्माण कार्यों में ढिलाई पर भी कमिश्नर ने सख्त तेवर दिखाए। आदेश दिया कि किसी भी परियोजना का 50 प्रतिशत काम पूरा होने से पहले निरीक्षण अनिवार्य होगा। गर्रा नदी पुल, पीलीभीत स्टेडियम और बस अड्डों जैसी परियोजनाओं की प्रगति पर भी सीधे सवाल पूछे गए।

## योजनाओं की रफ्तार बढ़ाओ, रोजगार से जुड़ो

ओडीओपी टूलकिट, आंगनबाड़ी भर्ती और रोजगार योजनाओं पर भी तेजी लाने के निर्देश दिए गए। कमिश्नर ने कहा कि विभाग भी रोजगार योजना में रजिस्ट्रेशन कर फायदा लें। साथ ही स्कूलों में बदले जा रहे कोर्स और किताबों की जांच कराने के आदेश दिए गए। बैठक में बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर और बदायूं के डीएम समेत तमाम अधिकारी मौजूद रहे। अंत में कमिश्नर ने दो टूक कहा अब काम में ढिलाई या गड़बड़ी मिली तो सीधे कार्रवाई होगी, कोई भी बच नहीं पाएगा।

# बरेली कॉलेज में बवाल, भाजपा नेत्री को सेक्सी कहने वाले चीफ प्रॉक्टर हटे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बरेली कॉलेज में बुधवार को उस समय माहौल गरमा गया, जब चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे के नाम से बनी फेसबुक आईडी पर कथित अमर्यादित पोस्ट सामने आई। पोस्ट को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश फैल गया और उन्होंने कॉलेज परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया।

छात्र संगठन का आरोप है कि फेसबुक आईडी से महिलाओं को लेकर अभद्र टिप्पणी की गई, जिससे छात्र-छात्राओं में नाराजगी फैल गई। इसी के विरोध में एबीवीपी कार्यकर्ता कॉलेज पहुंचे और पैदल मार्च करते हुए प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश राय के कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया।



प्रदर्शन के दौरान छात्र नेता चीफ प्रॉक्टर को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़ गए। जैसे ही प्रो. आलोक खरे सामने आए, गुस्साए कार्यकर्ताओं ने उन्हें घेर लिया और धक्का-मुक्की शुरू हो गई। छात्राओं ने भी विरोध में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हालात बिगड़ते देख सुरक्षा कर्मियों ने हस्तक्षेप कर किसी तरह उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला। स्थिति को गंभीर होते देख प्राचार्य ने तत्काल प्रभाव से चीफ प्रॉक्टर को पद से हटा दिया और पूरी प्रॉक्टोरियल टीम को भंग करने का आदेश जारी कर दिया। हालांकि, इस कार्रवाई के बाद भी छात्रों का गुस्सा शांत नहीं हुआ।

## दफ्तर पर जड़ा ताला, सौंप दी चाबी

आक्रोशित छात्रों ने चीफ प्रॉक्टर के कार्यालय पर ताला जड़ दिया और उसकी चाबी प्राचार्य को सौंप दी। पूरे घटनाक्रम के दौरान एबीवीपी के विभाग संगठन मंत्री विकास गोला और महानगर मंत्री आनंद कठेरिया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विरोध दर्ज कराया। इस पूरे मामले के बाद कॉलेज परिसर में लंबे समय तक गहमागहमी और तनाव का माहौल बना रहा। छात्र संगठन ने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, प्रशासन स्थिति को सामान्य बनाए रखने में जुटा रहा।

# गिरफ्तार होते ही निगल गया चोरी का ब्रेसलेट, पुलिस ने कराया एक्सरे

जागरण मोर्चा कार्यालय





**बरेली।** शहर में चोरी का एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने पुलिस को भी हैरान कर दिया। चोर ने पहले शातिर अंदाज में वारदात को अंजाम दिया, लेकिन गिरफ्तारी के वक्त ऐसी हरकत कर दी कि खुद ही फंस गया। अब पुलिस आरोपी के पेट से सबूत निकलवाने की तैयारी में जुटी है।

सुरेश शर्मा नगर निवासी अशोक कुमार के घर में चोरी की घटना हुई। चोर पड़ोसी की छत से होते हुए घर में दाखिल हुए और अंदर से दरवाजा खोलकर आराम से वारदात को अंजाम दिया। घर से बुलेट मोटरसाइकिल और चांदी का ब्रेसलेट चोरी कर लिया गया। घटना के बाद पीड़ित ने थाना बारादरी प्रभारी धनंजय पांडे से शिकायत की।

पीड़ित द्वारा दिए गए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की। यक्ष एप के जरिए फुटेज में दिख रहे संदिग्धों की पहचान की गई। जांच में सामने आया कि एक आरोपी हाजियापुर निवासी सिकंदर और उसका साथी बिथरी का रहने वाला मुकेश कुमार है। पुलिस ने दोनों को दबोच लिया। पुलिस जब सिकंदर को पकड़ने पहुंची, तब उसने चोरी का ब्रेसलेट अपनी कलाई में पहन रखा था। लेकिन गिरफ्तारी के दौरान उसने अचानक ब्रेसलेट मुंह में डालकर पानी के साथ निगल लिया। यह देखकर पुलिस भी हैरान रह गई।

पुलिस तत्काल आरोपी को जिला अस्पताल ले गई, जहां एक्सरे कराया गया। रिपोर्ट में ब्रेसलेट उसके पेट में साफ दिखाई दे रहा है। अब पुलिस आरोपी के पेट से ब्रेसलेट निकलने का इंतजार कर रही है। जरूरत पड़ने पर ऑपरेशन कराकर सबूत बरामद किया जाएगा, जिसके बाद आरोपी को जेल भेजा जाएगा। इस पूरे मामले में पुलिस की त्वरित कार्रवाई और तकनीकी जांच ने चोरों की चालाकी को फेल कर दिया। अब पुलिस चोरी गया सामान पूरी तरह बरामद करने की कोशिश में जुटी है।

# मौलाना शहाबुद्दीन का धामी सरकार पर तीखा हमला, बोले- इतिहास पढ़िए

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** उत्तराखंड में मदरसा बोर्ड खत्म करने के फैसले और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के बयान पर सियासी और धार्मिक बहस तेज हो गई है। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने इस फैसले को बड़ी गलती बताते हुए सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि मदरसों पर जिहाद की शिक्षा देने का आरोप लगाना न सिर्फ गलत है, बल्कि यह देश के इतिहास और संविधान के भी खिलाफ है।

मौलाना शहाबुद्दीन ने कहा कि मदरसों का इतिहास गौरवशाली रहा है। 1857 की क्रांति से लेकर 1947 तक और हाल के वर्षों में भी मदरसों से जुड़े उलमा ने देश के लिए कुर्बानियां दी हैं। उनका दावा है कि करीब 55 हजार उलमा और छात्र अंग्रेजों से लड़ते हुए शहीद हुए। उन्होंने कहा कि ऐसे संस्थानों पर सवाल उठाना उन बलिदानों का अपमान है।

मौलाना ने मुख्यमंत्री धामी के बयान पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि बिना इतिहास को समझे मदरसों को जिहादी सोच से जोड़ना असंवैधानिक है। उन्होंने कहा कि संवैधानिक पद पर बैठे लोगों को शिक्षा संस्थानों में सुधार की बात करनी चाहिए, न कि उन्हें बदनाम करने का काम करना चाहिए। उन्होंने उत्तराखंड सरकार पर आरोप लगाया कि राज्य में 250 मदरसों को बंद कर दिया गया है और 125 सूफी मजारों पर बुलडोजर चलाया गया। मौलाना ने कहा कि इस तरह की कार्रवाई धार्मिक शिक्षा को खत्म करने की दिशा में उठाया गया कदम है और इससे समाज में गलत संदेश जा रहा है।

वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मदरसा बोर्ड खत्म करने के फैसले को सही ठहराते हुए कहा था कि राज्य में विभाजनकारी सोच को रोकना जरूरी है। उन्होंने कहा कि मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों को भी मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़ा जाना चाहिए और एक समान पाठ्यक्रम लागू किया जाएगा। धामी ने साफ कहा कि सरकार नहीं चाहती कि ये संस्थान जिहादी सोच या अलगाववाद के केंद्र बनें। मुख्यमंत्री के अनुसार, जुलाई 2026 से मदरसों में भी वही पाठ्यक्रम लागू किया जाएगा, जो राज्य के अन्य शिक्षा बोर्ड में लागू है। सरकार का उद्देश्य बच्चों को आधुनिक शिक्षा से जोड़कर उन्हें देश की मुख्यधारा में शामिल करना है।

# फीनिक्स यूनाइटेड की 14वीं वर्षगांठ पर हंसी और सुरों का संगम





## कॉमेडियन वीआईपी की मिमिक्री ने बांधा समां

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** फीनिक्स यूनाइटेड में शुक्रवार की शाम आम दिनों से अलग थी। लाइट्स, साउंड और लोगों की मौजूदगी बता रही थी कि मॉल में खास जश्न की तैयारी है। मौका था फीनिक्स यूनाइटेड बरेली के 14 साल पूरे होने का, जिसे मॉल में आने वाले विजिटर्स के साथ पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। जश्न की शुरुआत केक कटिंग से हुई। इस दौरान वहां मौजूद लोग भी इसका हिस्सा बने। इसके बाद मशहूर कॉमेडियन वीआईपी की, जिनकी अलग-अलग आवाज़ों और अंदाज़ में पेश किये गए उनके लाइव ऐक्ट ने दर्शकों का मनोरंजन किया। कभी फिल्मी अंदाज़, कभी रोज़मर्रा के किरदार उनकी परफॉर्मेंस की वैरायटी पर दर्शकों की तालियों के साथ प्रतिक्रिया मिली। इसके अलावा मिशक ने लाइव बैंड परफॉर्मेंस दी। कार्यक्रम के रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर का राजन विद्यार्थी, सोशल एक्टिविस्ट, छोटी सी आशा की पारुल धवन मलिक स्पेशल गेस्ट के रूप में उपस्थित रहे।

इसके बाद लाइव म्यूज़िक ने माहौल को और जीवंत बना दिया। यहां आने वाले लोग आज परिवार और दोस्तों के साथ खरीदारी के बीच इस खास शाम का आनंद लेते नजर आए। इस मौके पर फीनिक्स मिल्स के रिटेल डायरेक्टर (नॉर्थ) श्री संजीव सरीन ने कहा कि यह 14 साल हमारे लिए सिर्फ एक आंकड़ा नहीं बल्कि बरेली के साथ बने रिश्ते की कहानी है। यहां के लोगों ने हमें हमेशा अपनापन दिया है। आज इस तरह सबको एक साथ देखकर खुशी होती है और हम आगे भी ऐसे ही अनुभव यहां लेकर आते रहेंगे।

फीनिक्स यूनाइटेड अब शहर के लोगों के लिए एक ऐसी जगह बन चुका है, जहां वह सिर्फ खरीदारी ही नहीं, बल्कि अपने खास पल भी साझा करते हैं। यह शाम उसी जुड़ाव और साथ के एहसास को और मजबूत करती नजर आई।

# बहेड़ी-भुड़िया सड़क टू-लेन, 50 करोड़ मंजूर

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** वित्तीय वर्ष 2025-26 के आखिरी दिन बहेड़ी क्षेत्र को बड़ी राहत देने वाली खबर आई है। बहेड़ी से नदेली और बहापुर होते हुए भुड़िया कॉलोनी तक करीब 17 किलोमीटर लंबी सड़क के दो लेन चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के लिए शासन ने 50 करोड़ 62 लाख रुपये की प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति दे दी है। इसके साथ ही राज्य सड़क निधि से 2 करोड़ 47 लाख रुपये भी जारी कर दिए गए हैं। लंबे समय से बदहाल इस सड़क के निर्माण से दर्जनों गांवों की कनेक्टिविटी सुधरेगी और लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

बहेड़ी से भुड़िया कॉलोनी तक की यह सड़क लंबे समय से खस्ताहाल थी। सिंगल लेन और जगह-जगह बड़े गड्ढों के कारण इस पर सफर करना जोखिम भरा था। कई बार वाहन पलटने की नौबत आ जाती थी। हालात ऐसे थे कि ग्रामीण शहर आने से कतराने लगे थे, जिससे कारोबार भी प्रभावित हो रहा था। अब टू-लेन बनने के बाद यह समस्या खत्म होने की उम्मीद है।

## केंद्रीय मंत्री के प्रयास लाए रंग

इस सड़क की बदहाली का मुद्दा केंद्रीय राज्य मंत्री और क्षेत्रीय सांसद जितिन प्रसाद के सामने उठा था। उन्होंने खुद इस सड़क पर सफर कर हालात देखे और प्रदेश सरकार से इसे टू-लेन करने का प्रस्ताव आगे बढ़ाया। हालांकि प्रस्ताव पहले ही मंजूर हो चुका था, लेकिन वित्तीय स्वीकृति अटकी हुई थी। वित्तीय वर्ष के आखिरी दिन उनकी पहल रंग लाई और मंजूरी मिल गई। प्रदेश सरकार के संयुक्त सचिव राजेश प्रताप सिंह ने पीडब्ल्यूडी के प्रमुख अभियंता को स्वीकृति पत्र जारी कर दिया है। इससे अब निर्माण कार्य जल्द शुरू होने की उम्मीद है। करीब 17 किलोमीटर लंबी इस सड़क के बनने से क्षेत्रीय यातायात व्यवस्था पूरी तरह बदल जाएगी।

## सितारगंज के लिए बनेगा शॉर्टकट

यह सड़क भुड़िया से उत्तराखंड के सितारगंज मार्ग को जोड़ती है। अभी खराब हालत के कारण लोग पुलभट्टा होकर लंबा रास्ता तय करते हैं। सड़क के चौड़ीकरण के बाद यह मार्ग छोटा और सुगम हो जाएगा, जिससे समय और दूरी दोनों की बचत होगी। वहीं बहेड़ी-भुड़िया मार्ग से फरीदपुर जाने वाली सड़क भी जुड़ती है। अभी पचपेड़ा और फरीदपुर की ओर जाने वाले लोगों को बदहाल सड़क पर सफर करना पड़ता है। नई सड़क बनने से इन इलाकों के दर्जनों गांवों के लोगों को भी राहत मिलेगी।

## शहर के अंदर धूल और गड्ढों से निजात

शहर में केसर क्रॉसिंग से झाजूनागर तक करीब दो किलोमीटर का हिस्सा बेहद खराब हालत में है। गड्ढों और धूल के कारण स्थानीय लोग और दुकानदार परेशान हैं। हल्की बारिश में सड़क दलदल बन जाती है। सिंह गौंटिया, टीचर्स कॉलोनी और झाजूनागर के लोगों के लिए यही मुख्य रास्ता है। सड़क बनने के बाद शहर के इस हिस्से की तस्वीर बदलने की उम्मीद है। केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि यह सड़क बहेड़ी क्षेत्र के लिए बेहद महत्वपूर्ण है और लंबे समय से इसकी स्थिति खराब थी। उन्होंने प्रदेश सरकार का आभार जताते हुए कहा कि सड़क के बनने से क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और विकास को गति मिलेगी।

# भेदभाव के आरोपों के बीच डेयरी किसानों का आक्रोश, नगर निगम का घेराव

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर अब सवाल खड़े होने लगे हैं। दुग्ध डेयरी संचालकों और किसानों ने नगर निगम प्रशासन पर उत्पीड़न और भेदभावपूर्ण कार्रवाई का आरोप लगाते हुए बुधवार को नगर आयुक्त संजीव मौर्य को ज्ञापन सौंपा। किसानों का कहना है कि कार्रवाई केवल उन्हें निशाना बनाकर की जा रही है, जबकि प्रभावशाली लोगों पर कोई हाथ नहीं डाल रहा।

किसान एकता संघ के नेतृत्व में पहुंचे किसानों ने आरोप लगाया कि नगर निगम अतिक्रमण हटाने के नाम पर सिर्फ डेयरी संचालकों को परेशान कर रहा है। सड़क किनारे बड़े-बड़े अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों और रसूखदारों पर कार्रवाई नहीं हो रही, जिससे भेदभाव साफ नजर आ रहा है। राष्ट्रीय संगठन मंत्री रवि नागर ने बताया कि नगर निगम की टीम आए दिन जेसीबी लेकर हवाई अड्डा गेट के पास पहुंच जाती है और किसानों को जमीन खाली करने के लिए धमकाती है। किसानों का कहना है कि वे मुख्य सड़क से दूर और गड्ढों के किनारे अपना काम कर रहे हैं, फिर भी उन्हें अतिक्रमणकारी बताकर प्रताड़ित किया जा रहा है।

किसानों ने बताया कि इस मुद्दे को लेकर पहले भी हवाई अड्डा गेट से टोल प्लाजा तक पदयात्रा निकाली गई थी। जिलाधिकारी को भी ज्ञापन दिया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला। इससे किसानों में नाराजगी लगातार बढ़ रही है। किसानों ने नगर आयुक्त से मांग की है कि अतिक्रमण के नाम पर हो रही एकतरफा कार्रवाई को तुरंत रोका जाए और सभी पर समान रूप से नियम लागू किए जाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उत्पीड़न बंद नहीं हुआ तो किसान बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

Akademie der Exzellenz

NEW SATTYAM ACADEMY
A Senior Secondary School
Affiliated to CBSE- 2133170




FREE Admission till MARCH, 30

2026 Admission OPEN NOW

PlayGroup to IX & XI

Your Kids Deserve The Best Education

ALL STREAMS AVAILABLE FOR XI

HUMANITIES | SCIENCE | COMMERCE

Follow Us

Call For Admission query
+91 9027369378
+91 8192800047

- Interactive Learning
- A Grade CBSE School
- Group Activities
- CCTV Surveillance
- Individual Development
- Well Equipped Labs
- Digital Classrooms
- Safe Transport Facility
- NCERT Books

For More Information Visit our School
Rambagh Road, Kaithal gate, Chandausi

# जनता दर्शन में डीएम की संवेदनशीलता गंभीर मरीज को 1.44 लाख की संजीवनी

## अधिकारियों को दो टूक-गुणवत्ता के साथ तय समय-सीमा में हो हर शिकायत का निस्तारण

- दुर्घटनाग्रस्त के पास खुद पहुंचकर दिया आयुष्मान कार्ड

जागरण मोर्चा कार्यालय


युवक को आयुष्मान कार्ड देते डीएम। –जागरण मोर्चा

**रामपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता दर्शन केवल शिकायतों का मंच नहीं, बल्कि त्वरित राहत का जरिया बन गया।जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने फरियादियों की समस्याएं सुनने के साथ ही मौके पर ही उनका समाधान भी सुनिश्चित किया।

इस दौरान जहां गंभीर बीमारी से जूझ रहे एक मरीज को इलाज के लिए 1.44 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी। वहीं एक युवा को स्वरोजगार के लिए 30 हजार रुपये का चेक सौंपा गया। प्रशासन का सबसे मानवीय चेहरा तब नजर आया जब दुर्घटना में घायल एक व्यक्ति को डीएम ने स्वयं बाहर जाकर आयुष्मान कार्ड सौंपा। इसके अलावा एक दिव्यांग को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल देकर आत्मनिर्भरता की राह दिखाई गई।धन के अभाव में किसी गरीब का इलाज न रुके, शासन की इस मंशा को धरातल पर उतारते हुए जिलाधिकारी ने तहसील सदर के ग्राम लालपुर पट्टी खुर्द निवासी भारत सिंह को आरोग्य निधि के तहत 1.44 लाख रुपये का चेक प्रदान किया। भारत सिंह का इलाज लखनऊ के संजय गांधी पीजीआई में चल रहा है और आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उनके परिजनों ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई थी।

इस त्वरित सहायता से मरीज के परिजनों को बड़ी राहत मिली है।जनता दर्शन में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर विशेष तत्परता दिखाई गई। तहसील मिलक के ग्राम चिचौली निवासी दिलीप कुमार को उनके निःशुल्क उपचार के लिए आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया। इसी दौरान एक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल यासीन का मामला जब जिलाधिकारी के सामने आया, तो वे खुद बाहर आए और घायल को आयुष्मान कार्ड सौंपते हुए उनके बेहतर इलाज के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर मौजूद लोगों ने डीएम की इस संवेदनशील पहल की जमकर सराहना की।

### स्वरोजगार को 30 हजार की उड़ान

युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने की मुहिम के तहत चीनी मिल निवासी राधा रोड के नितिन को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत 30 हजार रुपये का चेक दिया गया। जिलाधिकारी ने लाभार्थी का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वह इस धनराशि का सदुपयोग कर अपना व्यवसाय स्थापित करें। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक पात्र लोगों को स्वरोजगार योजनाओं के दायरे में लाया जाए ।दिव्यांगजनों के जीवन को सुगम बनाने के लिए भी अहम कदम उठाया गया। जनता दर्शन में आए दिव्यांग राम सागर मिश्रा को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल भेंट की गई। इस मदद से अब उनकी दैनिक दिनचर्या पहले से कहीं अधिक आसान हो सकेगी और वे बिना किसी पर निर्भर हुए अपने कार्य कर सकेंगे। जिलाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में निर्देशित किया कि जनता दर्शन आमजन की समस्याओं के समाधान का सबसे प्रभावी माध्यम है। इसमें प्राप्त शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचना ही प्रशासन का मुख्य लक्ष्य है, इसलिए सभी शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

# टायर जलाकर जहरीला धुआं उगल रही फैक्ट्री, ग्रामीणों का जीना दुश्वार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जनपद के ग्राम अहमदनगर जागीर लोहा मिल रोशन बाग में संचालित एक फैक्ट्री द्वारा टायर जलाकर फैलाए जा रहे प्रदूषण का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। भारतीय किसान यूनियन (संघर्ष मोर्चा) ने इस गंभीर समस्या को लेकर सीधे क्षेत्रीय प्रदूषण बोर्ड के पत्र लिखा है और फैक्ट्री को तत्काल बंद कराने की मांग की है। यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो फैक्ट्री गेट पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

भाकियू (संघर्ष मोर्चा) के युवा जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद सैफी और जिलाध्यक्ष मोहम्मद आलिम के नेतृत्व में भेजे गए पत्र में बताया गांव में आईकॉन एनर्जी प्रोडक्ट के नाम से एक फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा है। आरोप है कि फैक्ट्री संचालक द्वारा रबड़ के टायर जलाए जा रहे हैं, जिससे उठने वाले जहरीले धुएं और भयंकर बदबू से ग्रामीणों का जीना मुहाल हो गया है। ज्ञापन में बताया इस जहरीले धुएं के कारण गांव में दमा, टीबी, खांसी और एलर्जी जैसी तमाम गंभीर व घातक बीमारियां फैल रही हैं। फैक्ट्री के बिल्कुल समीप ही एक मस्जिद और मज़ार भी स्थित है, जहां आने-जाने वाले लोगों को भी इस प्रदूषण का सामना करना पड़ रहा है। धुएं के कारण क्षेत्र में जान-माल के नुकसान की आशंका बनी हुई है। किसानों का आरोप है कि इस मामले की शिकायत पूर्व में जिलाधिकारी, मुख्यमंत्री (उत्तर प्रदेश शासन) और क्षेत्रीय प्रदूषण बोर्ड (मुरादाबाद) से कई बार की जा चुकी है, लेकिन आज तक कोई भी कार्यवाई नहीं की क्षेत्रीय प्रदूषण बोर्ड की रामपुर की अधिकारी ने जिलाधिकारी का पत्र आने से इनकार किया।



जबरन शिकायतकर्ताओं को कार्रवाई करने के लिए धमकी दी और कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसी निराशा के चलते अब ग्रामीणों और यूनियन ने देश के प्रधानमंत्री समित जिला अधिकारी और मुख्य मंत्री एवं केंद्रीय प्रदूषण बोड को पत्र लिखकर इस मामले में हस्तक्षेप कर ईमानदार अधिकारी से जांच कराने की गुहार लगाई है। भाकियू ने स्पष्ट किया है कि यदि ग्रामीणों के स्वास्थ्य को देखते हुए टायर जलाने पर रोक नहीं लगाई गई और संचालक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई नहीं हुई, तो भारतीय किसान यूनियन (संघर्ष मोर्चा) फैक्ट्री गेट पर अनिश्चितकालीन धरना देगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी फैक्ट्री संचालक और संबंधित विभागों की होगी ।ज्ञापन पर जुबैर अहमद सैफी, जावेद मिया. मोहम्मद आलिम, मारूफ, अमीर अहमद, हनीफ मामू, युसूफ, मसरूर, मुन्ना, सागरा सहित यूनियन के कई पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के हस्ताक्षर हैं। इसकी प्रतिलिपि नगर मजिस्ट्रेट रामपुर, थाना अध्यक्ष सिविल लाइंस और एलआईयू को भी सूचनार्थ भेजी गई है।

## एक नजर



### नए एसपी का गुलदस्ते देकर किया स्वागत

**रामपुर।** बुधवार को नवागन्तुक पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना द्वारा विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह,क्षेत्राधिकारी टांडा कीर्ति निधि आनंद द्वारा उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट करके स्वागत किया। इससे पहले विद्यासागर मिश्र का पुलिस लाइन में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जहां उनको लोगों ने जाकर विदाई दी।

# आईआईए के पदाधिकारियों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**रामपुर।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के चेयरमन श्रीष गुप्ता पदाधिकारियो को ज्ञापन देकर कहा है कि मध्यपूर्व में चल रहे युद्ध के कारण गैस की समस्या चल रही है। यह युद्ध के आपात काल में आशंका भी थी। वर्तमान चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उद्यमी ,होटल ,रेस्टोरेंट व्यबसाई ,प्रशासन के सहयोग से समस्या का सामना करने के लिए प्रयासरत है।केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार ने कमर्शियल कनेक्शन धारकों को यथा संभव अनुपातिक आधार पर गैस सप्लाई करने के निर्देश दिए हुए है। होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा,उद्योगों को जो जन सेवा के उद्यम है एवं जो कि आवश्यक सेवा है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार कमर्शियल गैस सप्लाई के लिए जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित करें कि वो एक योजना तैयार कर यथासंभव आपूर्ति की जाए।कुछ होटल ,रेस्टोरेंट, ढाबा आदि नए पीएनजी एवं गैस कनेक्शन लेना चाहते है उन्हें नए कमर्शियल कनेक्शन्स देने का निर्देश गैस एजेंसियों को करने की कृपा करें। जिला पूर्ति अधिकारी, गैस एजेंसी स्वामी, एवं होटल रेस्टोरेंट एसोसिएशन के पदाधिकारियों की एक समन्वय बैठक आयोजित कर समस्या का यथासंभव समाधान निकालने के दशा में प्रयास करने की कृपा करें।


डीएम से वार्तालाप करते पदाधिकारी।

# पांच दिवसीय शिविर का हुआ आरंभ

**रामपुर।** राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य जागृति मदान धींगड़ा के मार्गदर्शन, रोवर लीडर डॉ. राजेश कुमार द्वारा महाविद्यालय की रोवर्स एवं रेंजर्स इकाई के पांच दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन किया।

1 से 5 अप्रैल तक आयोजित होने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्य, प्रशिक्षकों एवं प्राध्यापकों द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा तथा स्काउटिंग के संस्थापक लार्ड बेडेन पावेल के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। प्रार्थना, ध्वजारोहण, झंडा गीत, सु विचार आदि के पश्चात आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) प्रेमपाल सिंह तथा जिला संगठन आयुक्त (गाइड) नरवत कौर ने ध्वज शिष्टाचार, नियम, प्रतिज्ञा, झंडा गीत, सैल्यूट आदि का प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर किम्स गेम्स प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य जागृति मदान धींगड़ा ने कहा कि रोवर्स-रेंजर्स जैसी गतिविधियों के अन्तर्गत जीवनोपयोगी कौशल का जो प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर प्राप्त हो, उसका पूरा लाभ विद्यार्थियों को लेना चाहिए तथा उनका सदुपयोग करना चाहिए, तभी ऐसे कार्यक्रमों की सार्थकता है। कार्यक्रम का संचालन रोवर लीडर डॉ. राजेश कुमार ने किया।


कार्यक्रम के दौरान मौजूद स्टॉफ। –जागरण मोर्चा

## सार संक्षेप

### पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन ने एसपी को दी विदाई

**शाहबाद।** पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र को शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन की तरफ से विदाई दी ।संगठन के पदाधिकारियों ने बुधवार को पुलिस लाइन पहुंचकर एसपी विद्यासागर मिश्र को विदाई दी ।इस दौरान एसपी विद्यासागर मिश्र ने मंच से शाहबाद के पत्रकारों का आभार व्यक्त किया। शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन के द्वारा एसपी विद्यासागर मिश्र के कार्यकाल की सराहना की। पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों के द्वारा एसपी विद्यासागर मिश्र के स्वस्थ जीवन की कामना की गई।



### त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत 10.55 करोड़ रुपये से सड़कों का निर्माण : जिलाधिकारी

**रामपुर।** जनपद में वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत 10 .55 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न सड़कों का निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य कराया जाएगा। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना का उद्देश्य जनपद में बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करना एवं विकास कार्यों को गति प्रदान करना है ।जिलाधिकारी ने कहा कि प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्यों के पूर्ण होने से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के बीच आवागमन सुगम होगा, जिससे आमजन को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सभी कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराए जाएं ।उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या मानकों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश दिए गए हैं ।जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के समग्र विकास के लिए मजबूत सड़क नेटवर्क अत्यंत आवश्यक है और इस दिशा में प्रशासन निरंतर प्रयासरत है, ताकि आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

### नमामि गंगे के तहत स्वच्छता पखवाड़ा में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

**रामपुर।** नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा (16 से 31 मार्च) के तहत जिला गंगा समिति के के तत्वावधान में रामगंगा घाट मदारपुर मड्डी, ब्लॉक शाहबाद में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। इस अवसर पर जन जागरूकता रैली, भाषण प्रतियोगिता, नारा लेखन प्रतियोगिता, गंगा गीत एवं स्वच्छता शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में डालचंद शर्मा इंटर कॉलेज एवं मनोरमा इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अध्यापकों, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया ।इस दौरान ग्राम प्रधान ने कहा कि स्वच्छता हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि नदी एवं घाटों को स्वच्छ रखें, पूजा सामग्री जल में न डालें तथा प्लास्टिक के उपयोग को कम करें। डालचंद शर्मा इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य ने कहा कि इस अभियान को एक दिन तक सीमित न रखकर जन आंदोलन का रूप देना आवश्यक है। वहीं, शिक्षकों ने भी सभी से स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। जिला गंगा समिति के जिला परियोजना अधिकारी (नमामि गंगे) लव कुमार ने कहा कि नदियों, तालाबों एवं कुंडों में ऐसी कोई भी वस्तु न डालें जिससे जल प्रदूषित हो। नदियों को स्वच्छ रखकर हम जलीय जीवों के संरक्षण में भी योगदान देते हैं। इस अवसर पर शुभम मिश्रा (आर्ट ऑफ लिविंग) सहित अन्य गंगा स्वच्छता स्वयंसेवक भी उपस्थित रहे।

### शहीद-ए-आज़म स्टेडियम बमन पुरी में स्विमिंग पुल सत्र का शुभारंभ

**रामपुर।** शहीद-ए-आजम स्टेडियम बमन पुरी में स्विमिंग पुल सत्र का विधिवत शुभारंभ वरिष्ठ कोषाधिकारी रणजीत सिंह द्वारा फीता काटकर किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं खेल प्रेमियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। शुभारंभ के बाद जनपद के स्विमिंग खिलाड़ियों द्वारा पूल में अभ्यास किया। इस दौरान बटरफ्लाई, बैक स्ट्रोक, फ्रीस्टाइल एवं ब्रेस्ट स्ट्रोक जैसी विभिन्न तैराकी विधाओं का प्रदर्शन किया। प्रशिक्षकों द्वारा खिलाड़ियों को तकनीकी जानकारी भी दी। जिला क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि स्विमिंग पूल में बिगनर श्रेणी के अंतर्गत छोटे बच्चों को तैराकी प्रशिक्षण देने के लिए पंजीकरण प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इच्छुक अभिभावक अपने बच्चों का पंजीकरण बमन पुरी स्टेडियम कार्यालय में जाकर करा सकते हैं ।स्विमिंग सत्र का संचालन सुबह एवं शाम की अलग-अलग शिफ्टों में किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक खिलाड़ियों को प्रशिक्षण का लाभ मिल सके ।इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष, जिला योगासन खेल संघ रामपुर डॉ. अनूप कुमार सिंह, हॉकी प्रशिक्षक फरहत अली खान, खेलो इंडिया प्रशिक्षक सौरभ, लाइफगार्ड अमरेश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।

### चार घंटे बंद रही बिजली

**रामपुर।** उपखंड अधिकारी तकनीकी एमबी सिंह ने बताया कि 33/11केवी उपकेंद्र जामा मस्जिद फीडर पर 11 केवी लाइन का अनुरक्षण, पेड़ों की टहनियों की कटाई छटाई, अंडरसाइज जम्फर सही किए जाने का कार्य कराया गया। आपूर्ति सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक कूंचा परमेश्वरी दास, नवाब रोड, बाजार सराफा, शादाब मार्केट, बाजार सफदरगंज, गली बैजनाथ, यूनियन बैंक मार्केट, काजी की गली, पुरानी तहसील, टीपू सुल्तान मार्केट क्षेत्र के उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बाधित रही।

# सेवानिवृत शिक्षकों के अनुभवों से लाभ उठाएं शिक्षक : बीइओ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**स्वार।** खंड शिक्षा अधिकारी फोटो लाल ने कहा कि एक शिक्षक कभी रिटायर नहीं होता। उन्होंने कहा कि हमें सेवानिवृत शिक्षकों के अनुभवों से लाभ उठाना चाहिए। बुधवार को वह सेवानिवृत हुए शिक्षकों के सम्मान में आयोजित विदाई समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान सेवानिवृत हुए शिक्षकों को शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

स्वार क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय हर नगला में सेवानिवृत हुए शिक्षक विजय सिंह के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि शिक्षकों पर समाज को दिशा देने एवं शिक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका है,वे बालकों में मालवीय मूल्यों का विकास करने का काम करते हैं। बड़ों का आदर करना सिखाते हैं। बच्चों में छुपी प्रतिभाओं को बाहर निकालने का काम करते हैं। बच्चों के सर्वांगीण विकास में अपनी महती भूमिका निभाते हैं। शिक्षक समाज को एक दिशा देने का कार्य करते हैं। एक पढ़े लिखे समाज का निर्माण करने का काम भी शिक्षक करते हैं। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह चौहान ने कहा शिक्षक देश के भविष्य का निर्माता होता है। समाज में जो शिक्षा की अलख जगाई है। उसे बहुत रोकना नहीं हैं, बल्कि बहुत आगे ले जाना है। इस दौरान कार्यक्रम में आए शिक्षकों ने उन्हें बुके देकर सम्मानित किया। सेवानिवृत शिक्षक विजय सिंह ने अपने अनुभव साझा किए।



इस दौरान अभिभावकों ने शिक्षकों को ढोल नगाड़ों से स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन गुरप्रीत सिंह ने किया। इस दौरान नीतू सिंह, जाहिद हुसैन, मोहम्मद आरिफ, उमाकांत,नरेश सिंह, मोहम्मद आसिफ,जीपी गौतम, राकेश कुमार, अनुज सिंह, दिनेश सिंह, फरजंद अली, तहसीन आलम खां, राज कुमार वर्मा, रमेश सिंह, वीरेंद्र कुमार, मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# नामांकन बढ़ाने वाले शिक्षक होंगे सम्मानित: कल्पना देवी

**रामपुर।** बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी ने कहा है कि जिन विद्यालयों में नामांकन में वृद्धि होगी, वहां के शिक्षकों को 5 सितंबर को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही उन्होंने सभी शिक्षकों को निर्देश दिए कि 15 अप्रैल तक पात्र सभी बच्चों का नामांकन सुनिश्चित किया जाए।

बुधवार को नए शैक्षिक सत्र 2026-27 के प्रारंभ पर शिक्षक प्रतिनिधिमंडल बीएसए से मिला ।विभिन्न शैक्षिक बिंदुओं पर चर्चा की।बीएसए ने कक्षा एक में प्रवेश के लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का सहयोग लेने तथा कक्षा 6 में प्रवेश हेतु प्राथमिक विद्यालयों से समन्वय स्थापित कर शत-प्रतिशत नामांकन कराने के निर्देश दिए।उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी बच्चे को दस्तावेजों के अभाव में प्रवेश से वंचित न किया जाए और तत्काल दाखिला सुनिश्चित किया जाए।इस दौरान शिक्षकों ने गैर-शैक्षणिक कार्यों से पढ़ाई प्रभावित होने की बात रखते हुए आगामी जनगणना में शिक्षकों की ड्यूटी अंतिम विकल्प के रूप में लगाने की मांग की।बैठक में प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री आनंद प्रकाश गुप्ता, डॉ. एहसान खान, शीतल सिंह, ख्याति वर्मा, सलोनी लोचन, नवेद अहमद शमसी, मेजर सिंह यादव, शिव कुमार सिंह, अनीता, राजेंद्र सिंह, नरेंद्र कुमार भारती, मदनलाल सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।


बीएसए से वार्तालाप करते शिक्षक नेता। –जागरण मोर्चा

### प्राथमिक विद्यालय मेंहदीपुर में वार्षिक समारोह सम्पन्न

**रामपुर।** प्राथमिक विद्यालय मेंहदीपुर में वार्षिक समारोह बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एआरपी पृथ्वी सिंह ने सरस्वती माता के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। नन्हे छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया ।एआरपी पृथ्वी सिंह ने विद्यार्थियों और अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया और नियमित विद्यालय आगमन व अधिक से अधिक नामांकन कराने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सरकारी विद्यालय की उपलब्ध सुविधाओं पर भी प्रकाश डाला ।कार्यक्रम में सर्वाधिक उपस्थिति, उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम और खेल-कूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों व अभिभावकों को सम्मानित किया। प्रधानाध्यापिका तनुजा सिंघल ने धन्यवाद ज्ञापित कर समारोह का समापन किया। इस अवसर पर रंजना, आशा सलोनिया, तेजपाल, विमला देवी और अलका उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम | प्रशासनिक सेवाओं की ओर बढ़ने की जरूरत

# याचक नहीं शासक बनें ब्राह्मण : मुनीश चंद्र

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा द्वारा एकता विहार स्थित आशीर्वाद भवन में मानस मंथन कार्यक्रम का आयोजन किया। सुरेश चंद्र शर्मा रुद्राणी शर्मा ने दीप जलाकर समारोह की शुरुआत की। इस मौके पर उप्र लोकसेवा आयोग द्वारा चयनित अंशिका शर्मा को सम्मानित किया।

संगठन के राष्ट्रीय मंत्री डॉ. मुनीश चन्द्र शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज के लिए यह बहुत गौरवशाली समय है। जब रामपुर की धरती से हमारी बेटी अंशिका का उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा उत्तीर्ण कर नायब तहसीलदार के पद के लिए चयन किया गया है। अंशिका की यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और संकल्प दृढ़, तो कोई भी बाधा हमें रोक नहीं सकती। वर्तमान समय में ब्राह्मण समाज एक संधिकाल से गुजर रहा है। हमारे सामने चुनौतियां भी हैं। असीम अवसर भी, इतिहास गवाह है कि ब्राह्मणों ने हमेशा समाज को दिशा देने का कार्य किया है। आज हमें पुनः उसी 'बौद्धिक नेतृत्व को स्थापित करना होगा। हमें केवल अतीत पर गर्व नहीं करना है, बल्कि नया गौरवशाली इतिहास रचना है, जैसा अंशिका ने कर दिखाया है। उन्होंने कहा कि हमे याचक नहीं बल्कि शासक और प्रशासक बनने की जरूरत है। युवा शाखा के जिलाध्यक्ष अनुभव वशिष्ठ ने कहा कि आज का युग तकनीक और ज्ञान का है।

हमें अपने युवाओं को पारंपरिक मूल्यों के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा और प्रशासनिक सेवाओं की ओर बढ़ने की जरूरत है। प्रदेश उपाध्यक्ष आर के पांडेय ने कहा कि अंशिका की सफलता केवल उसकी व्यक्तिगत जीत नहीं है, बल्कि यह उन सभी रूढ़ियों पर प्रहार है जो समाज की प्रगति को रोकती हैं। इस अवसर पर श्वेता शर्मा को भाजपा की जिलामंत्री और पूजा शर्मा को नगरपालिका की नामित सभासद बनने पर अंग वस्त्र और भगवान परशुराम की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। रामचरित मानस के सुंदरकांड और भक्तिकाल भजनों के साथ समारोह का समापन किया गया। संगठन के जिलाध्यक्ष सौरभ पाठक, अभिषेक शर्मा, पुनीत पाठक,ओमेंद्र पांडेय, विकास शर्मा, विनोद शर्मा, सुरेश चंद्र शर्मा, दिनेश चंद्र शर्मा, डॉ. नीरज शर्मा, अंबर वशिष्ठ, व्योम वशिष्ठ, एकांशु वशिष्ठ, अवधेश शर्मा, विकास शर्मा, विनोद शर्मा, सुधा शर्मा, कामिनी शर्मा, सुषमा पांडेय, मालती शर्मा, रजनी, करुणा शर्मा, ज्योति शर्मा, रखी शर्मा उपस्थित रहे।


अंशिका शर्मा को सम्मानित करती महिलाएं। –जागरण मोर्चा

# नए शैक्षिक सत्र के प्रथम दिवस पर बेसिक स्कूलों में बच्चों का पुष्प वर्षा करके हुआ स्वागत

## अभिभावकों की संगोष्ठी आयोजित कर उन्हें शिक्षा के प्रति जागरूक किया


छात्र-छात्राओं का पुष्प वर्षा कर स्वागत करते कंपोजिट स्कूल घाटमपुर के शिक्षक।


स्कूल में खीर पूरी खाते बच्चे।


बच्चों के ऊपर फूल डालकर स्वागत करते शिक्षक।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** नए शैक्षिक सत्र के प्रथम दिवस पर प्राथमिक विद्यालय लालपुर कला में बच्चों का उत्साहपूर्ण स्वागत किया।विद्यालय परिसर को फूलों, गुब्बारों और झालरों से आकर्षक रूप से सजाया गया। सुबह विद्यालय पहुंचते ही शिक्षकों ने गेट पर खड़े होकर बच्चों पर पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया, जिससे बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

विद्यालय में प्रत्येक कक्षा में भी बच्चों का विशेष स्वागत किया। उन्हें सहज एवं आनंददायक वातावरण प्रदान किया। शासन की मंशा के अनुरूप शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अभिभावकों की संगोष्ठी आयोजित कर उन्हें शिक्षा के प्रति जागरूक किया।मध्याह्न भोजन में भी विशेष व्यवस्था करते हुए बच्चों को खीर परोसी गई, जिससे उनका उत्साह और बढ़ गया।

इसके साथ ही कक्षाओं में विभिन्न शैक्षिक गतिविधियां और खेल आयोजित किये। ताकि बच्चों का मन पढ़ाई में लगे और वे विद्यालय में खुशी-खुशी समय बिताएं। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष अफजाल हुसैन, प्रधानाध्यापिका शबनम आरा तथा स्टाफ सदस्य रीना, निदा खान, बुशरा फिरदौस, नंद किशोर, आराधना सक्सेना, रेखा, अफसाना, काबुल निशा, फरजाना, शबाना ईरम सहित अन्य अभिभावक भी उपस्थित रहे।

### फूल माला और तिलक लगाकर किया स्वागत

रामपुर। बिलासपुर के मुल्लाखेड़ा स्थित मॉडल प्राथमिक विद्यालय में कक्षा एक में पहले दिन ही 12 बच्चों का नामांकन कर उनका तिलक लगाकर और फूल माला पहना कर स्वागत किया। नये बच्चों मे विद्यालय के प्रति उत्साह बहुत था। प्रधाना ध्यपिका द्वारा बच्चों को उपहार भी दिए गए।बच्चों को आशीर्वाद भी दिया गया। इस अवसर पर नीलम राणा, प्रिया सिंह, कमलेश, गायत्री एवं रसोइया उपस्थित रहीं। इसके अलावा शैक्षिक सत्र 2026-27 के प्रथम दिन कंपोजिट स्कूल घाटमपुर के शिक्षक विद्यालय आए। जहां उन्होने छात्र-छात्राओं का पुष्प वर्षा करके स्वागत किया।

## बच्चों ने निकाली स्कूल चलो रैली


बच्चों का टीका लगाकर और फल देकर स्वागत करती शिक्षिका -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** प्राथमिक विद्यालय भैंसिया में नए सत्र की शुरुआत का प्रारंभ बच्चों के स्वागत से किया।इस अवसर पर विद्यालय को फूल मालाओं से सजाया।सुंदर ब्लैक बोर्ड डेकोरेशन भी किया।

सभी बच्चों को उपहार व फल भी वितरित किए गए इसके साथ-साथ विद्यालय में प्रवेश उत्सव भी मनाया।आंगनबाड़ी केंद्र के ऐसे बच्चे जिनकी 31 मार्च तक 6 वर्ष की आयु पूर्ण हो चुकी है उन सभी बच्चों के अभिभावकों ने विद्यालय में अपने बच्चों का नामांकन करवाया। सभी नवीन नामांकित बच्चों व उनकी माता का प्रधानाध्यापिका सुमन सिंह ने तिलक लगाकर स्वागत किया। सबसे अच्छी बात यह थी कि जितने भी बच्चों का विद्यालय मैं नामांकन हुआ वह सभी बच्चों के अभिभावकों ने पहले से ही उनकी यूनिफॉर्म भी बनवा ली थी अतः आज नवीन सत्र के प्रथम दिवस ही प्राथमिक विद्यालय भैंसिया के सभी बच्चे 100 प्रतिशत यूनिफॉर्म में उपस्थित थे। सभी नवीन नामांकित बच्चों को उपहार स्वरूप कॉपी पेंसिल इरेजर, फल वितरित कर विद्यालय में स्वागत किया गया। स्कूल चलो अभियान रैली भी निकाली गई, जिसमें की विद्यालय के समस्त छात्र छात्राओं, शिक्षकों,आंगनबाड़ी केन्द्र के स्टाफ तथा अभिभावकों ने प्रतिभाग किया।इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका सुमन सिंह, ज्योति ,विक्रम कुमार , गुड्डी , निदा खान, सरोज, विनीता, परवीन, नीरज आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षक एवं छात्रों को किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर ।** बुधवार से प्रारंभ हुए नये शैक्षिक सत्र के अवसर पर स्कूल चलो अभियान के तहत विकास भवन सभागार में निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण कार्यक्रम आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला पंचायत अध्यक्ष ख्याली राम लोधी, शहर विधायक आकाश सक्सेना, जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र ने दीप प्रज्वलित करके किया।


किताबों के साथ मौजूद बच्चे एवं डीएम। -जागरण मोर्चा

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़ना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि प्रदेश एवं केंद्र सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार किए गए हैं तथा बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए निरंतर विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

शहर विधायक ने बताया कि जनपद के सरकारी विद्यालयों में पहले ही निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण सुनिश्चित किया जा चुका है, जो एक बड़ी उपलब्धि है।इस अवसर पर छात्रा प्रियंका यादव एवं प्रियांशी ने मेरी कहानी, मेरी जुबानी के माध्यम से अपने अनुभव साझा किए, जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा।जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाए, ताकि उनका भविष्य उज्जवल हो सके। साथ ही शिक्षकों से अपेक्षा की कि वे बच्चों के नामांकन के साथ-साथ उनकी शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें और उन्हें प्रतिस्पर्धी वातावरण के अनुरूप तैयार करें।कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा विद्यालयों में सर्वाधिक नामांकन कराने वाले शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

साथ ही नवोदय विद्यालय एवं राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में चयनित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को भी सम्मानित किया। जन प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया। स्कूल चलो अभियान के तहत विकास भवन परिसर से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

कार्यक्रम में जिला पंचायतराज अधिकारी नत्थूलाल गंगवार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# करीमपुर शर्की में आयोजित हुआ वार्षिकोत्सव


सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। -जागरण मोर्चा


पुरस्कृत बच्चों के साथ एआरपी अरुण कुमार एवं विद्यालय स्टाफ। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** विकासखंड चमरौआ के प्राथमिक विद्यालय करीम पुर शर्की में वार्षिकोत्सव तथा नवारंभ उत्सव का आयोजन किया।कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि एआरपी अरुण कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बच्चों की उम्र 31 जुलाई 2026 को 6 वर्ष पूर्ण हो रही है उनकी सूची आंगनबाड़ी के द्वारा प्रधानाध्यापिका मीनाक्षी शर्मा को सौंपी गई एवं उनका नवीन नामांकन विद्यालय में किया गया।

कार्यक्रम में शामिल हुए अभिभावकों से अपील की गई कि आप सभी अधिक से अधिक नामांकन विद्यालय में करवाएं एवं अपने बच्चों को रोजाना विद्यालय भेजें। स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत ग्राम स्तर पर जितने भी बच्चों की आयु 6 वर्ष पूर्ण हो चुकी है उन सभी चिन्हित कर नामांकन अपने निकटतम परिषदीय विद्यालय में कराने के लिए अपील की।सक्रिय अभिभावकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

मीनाक्षी शर्मा द्वारा विद्यालय में अध्ययन कर रहे छात्र छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धियों की जानकारी दी गई तथा सभी अभिभावकों को नवीन नामांकन प्रेरित किया।कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र- छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। नवारंभ उत्सव के तहत 3 से 6 वर्ष के बच्चों का नामांकन किया गया। स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत सभी नव प्रवेशित बच्चों को उपहार देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान रेखा, मोहम्मद नईम, पुष्पा पांडे तथा खलील अहमद आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## ढोलसर विद्यालय में वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण

**रामपुर।** प्राथमिक विद्यालय ढोलसर में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।


बच्चों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष कैलाश बाबू पटेल रहे। उन्होंने कहा कि अब सरकारी विद्यालयों में निजी स्कूलों जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं और शिक्षा का स्तर भी बेहतर हुआ है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि अपने बच्चों का नामांकन सरकारी स्कूलों में कराएं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ हुआ, जिसके बाद बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। अंत में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को मेडल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाध्यापक ओमकार सिंह, सहायक अध्यापक दीपाली अग्रवाल व अंशु द्वारा किया गया, जबकि संचालन विक्रम सिंह ने किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान, पूर्व प्रधान व अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## बच्चों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया

**रामपुर।** न्यू एकता जूनियर हाई स्कूल, सनैया सुख में बच्चों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया।विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया।जिसमें कक्षा के अनुसार प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।वक्ताओं के द्वारा विद्यालय में प्रभावी शिक्षण के लिए किये जा रहे नवाचारों व सुविधाओं जैसे कम्प्यूटर लैब, लाईब्रेरी, लर्निंग कार्नर आदि पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान सनैया जट रामकुमार, पूरनलाल तथा ग्राम प्रधान सनैया सुख सत्तार अली उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक भी शामिल हुए। सभी अतिथियों ने बच्चों की मेहनत व लगन की सराहना की।सम्मान प्राप्त करने के बाद बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे, जिससे पूरे कार्यक्रम में उत्साह और आनंद का वातावरण बना रहा। अंत में प्रबंधक शिशुपाल सिंह लोधी ने विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया एवं आशा जताई कि सभी का सहयोग इसी तरह भविष्य में भी मिलता रहेगा जिससे समाज में शिक्षा का उजाला फैलाने में मदद मिलेगी और समाज व राष्ट्र में हो रहे सकारात्मक बदलाव में क्षेत्र अग्रणी भूमिका निभायेगा।कार्यक्रम की अध्यक्षता महेश कुमार लोधी द्वारा की गई, जबकि कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य राहुल कुमार ने किया।


कार्यक्रम में शामिल अतिथि एवं शिक्षक। -जागरण मोर्चा


शिक्षिका को सम्मानित करते विधायक और डीएम। -जागरण मोर्चा

# तिलक लगाकर बच्चों का किया स्वागत

- नवागंतुक बच्चों का हुआ स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** ब्लॉक संसाधन केंद्र मिलक स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट में बुधवार को स्कूल चलो अभियान का आयोजन किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी राजेश कुमार ने नवागंतुक बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया तथा नए सत्र के लिए पुस्तकों का वितरण किया।


किताबों के साथ मौजूद बच्चे। -जागरण मोर्चा

संबोधन में उन्होंने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा बच्चों और परिवार को समाज में सम्मानजनक स्थान दिलाने के साथ प्रगति का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सरकारी विद्यालयों के छात्र हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों के समकक्ष अपनी क्षमता साबित कर रहे हैं।खंड शिक्षा अधिकारी बबीता सिंह ने कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र विभिन्न क्षेत्रों में उच्च पदों पर आसीन हो रहे हैं, जो शिक्षकों के समर्पित प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने 6 से 14 वर्ष तक के सभी बच्चों का नामांकन निकटतम परिषदीय विद्यालय में कराने की अपील की, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।कार्यक्रम का संचालन सुशील कुमार ने किया। इस अवसर पर शिक्षक चंचल गंगवार, दयमंती गंगवार, एआरपी पृथ्वी सिंह, रोहित शर्मा, सचिन पाण्डेय सहित अभिभावक उपस्थित रहे।

आयोजन | स्वार में निकली स्कूल चलो रैली

# शिक्षा अनमोल रतन, पढ़ने का सब करो जतन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**स्वार।** सर्व शिक्षा अभियान के तहत बुधवार को स्वार में ब्लॉक स्तरीय स्कूल चलो रैली का आयोजन किया। रैली को स्वार विधायक शफीक अहमद अंसारी के प्रतिनिधि मोहम्मद उमैर और खंड शिक्षा अधिकारी पीएल निरंकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान छह से 14 वर्ष तक के सभी बच्चों का सरकारी स्कूलों में नामांकन कराने का आह्वान किया।


रैली निकालते शिक्षक। -जागरण मोर्चा

रैली में नगर और आसपास के दर्जनभर से अधिक परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। सुबह करीब 10 बजे सभी बच्चे राजकीय इंटर कॉलेज में एकत्रित हुए, जहां से रैली शुरू होकर मुख्य मार्ग, चक स्वार, कोतवाली मार्ग, मुख्य बाजार, रामपुर-स्वार मार्ग, मोहल्ला रसूलपुर और अगलागा होते हुए पुनः जीआईसी परिसर में समाप्त हुई। रैली में शामिल बच्चे हाथों में बैनर और पोस्टर लिए हुए थे। जिन पर शिक्षा से संबंधित जागरूकता संदेश लिखे थे।

इस दौरान शिक्षा है अनमोल रतन, पढ़ने का सब करो जतन, घर-घर विद्या दीप जलाओ, अपने बच्चे सभी पढ़ाओ, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा। खंड शिक्षा अधिकारी पीएल निरंकारी ने कहा कि शिक्षा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाती है। देश के विकास की नींव है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को अनिवार्य रूप से स्कूल भेजें और रैली के उद्देश्य को सफल बनाएं।रैली में उच्च प्राथमिक विद्यालय वार्ड चार, पूर्व माध्यमिक विद्यालय स्वार वार्ड तीन, प्राथमिक विद्यालय स्वार प्रथम व द्वितीय,अगलागा, कलीनगर, फाजलपुर, धनौरी, धनौरा, मधुपुरा, मधुपुरी, नौगजा सहित अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राएं और शिक्षक शामिल रहे। इस मौके पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह चौहान, एआरपी नीतू सिंह, मुकेश कुमार, अनुज सिंह, राकेश कुमार, तहसीन आलम खां, नौशीन, सोरन सिंह, राजेश शर्मा, मोहम्मद आसिफ, प्रेम बाबू सिंह सैनी, बरकत अली, फरजंद अली, मीनाक्षी समेत कई लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### सतीश चंद्र बने नायब तहसीलदार



**चन्दौसी।** एनकेबीएमजी कालेज के राजनीतिक विज्ञान विभाग के शोधछात्र सतीश चंद्र का चयन उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित पीसीएस परीक्षा 2024 में हुआ। महाविद्यालय की राजनीति विज्ञान विभाग की प्रभारी/असिस्टेंट प्रोफेसर व शोध पर्यवेक्षक डा. रीता के निर्देशन में जान राल्स का सामाजिक न्याय सिद्धांत एवं भारत में आरक्षण द्वारा स्थापित न्याय का तुलनात्मक अध्ययन विषय पर शोध कार्य कर रहे हैं। वह मूलरूप से पीलीभीत जनपद सतीश चंद्र का चयन पीसीएस परीक्षा में नायब तहसीलदार के पद पर हुआ है। उनकी सफलता पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. अलका रानी अग्रवाल, शिक्षिकाओं व छात्राओं में हर्ष है।

### व्यक्ति ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मणगंज में 40 वर्षीय व्यक्ति ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद किसी से 15 दिन पहले एक व्यक्ति से विवाद होना बताया जा रहा है। लक्ष्मणगंज निवासी इरशाद 40 वर्ष कारपेंटर का कार्य करता है। परिजनों ने बताया कि कई दिनों से वह मानसिक रूप से तनाव में चल रहे हैं। 15 दिन पहले उनका किसी व्यक्ति से झगड़ा व मारपीट हुई थी। कोतवाली में तहरीर देने के बाद भी आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। आरोप है कि उक्त व्यक्ति द्वारा उन्हें व उनके पुत्र को परेशान किया जा रहा है। जिससे वह तनाव में चले गए थे। इसी के चलते बुधवार की सुबह घर में रखा जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जब उनकी हालत बिगड़ी तो परिजनों को जानकारी हुई। उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार नहीं होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों ने संभल स्थित निजी हास्पिटल में भर्ती कराया। जहां दोपहर को उपचार के दौरान इरशाद की मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

# स्कूलों की मनमानी को लेकर व्यापारियों में आक्रोश

**अभिभावकों के आर्थिक शोषण के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग**

जागरण मोर्चा कार्यालय



व्यापार मंडल की बैठक में बोलते नगर अध्यक्ष। -जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** नगर के कैथल गेट स्थित एक निजी प्रतिष्ठान पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में निजी स्कूलों की मनमानी और अभिभावकों के आर्थिक शोषण के मुद्दे पर गंभीर चर्चा की गई।

नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय ने कहा कि पिछले वर्ष निजी स्कूलों की अनियमितताओं पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा कुछ स्कूलों पर एक-एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया था, लेकिन इसके बावजूद स्कूल संचालक अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान शैक्षणिक सत्र में निजी स्कूलों द्वारा अत्यधिक फीस वृद्धि, किताबों और यूनिफार्म के नाम पर अनावश्यक खर्च और अन्य शुल्कों के माध्यम से अभिभावकों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है। उन्होंने यह भी मुद्दा उठाया गया कि कई स्कूल अभिभावकों पर दबाव बनाते हैं कि वे केवल निर्धारित दुकानों से ही महंगी किताबें और ड्रेस खरीदें। इसके अलावा बिल्डिंग फंड, एक्टिविटी फीस जैसे विभिन्न मदों में अतिरिक्त शुल्क वसूला जा रहा है, जिससे आम परिवारों के लिए बच्चों की शिक्षा प्राप्त करना कठिन होता जा रहा है। व्यापार मंडल ने प्रशासन से मांग की कि इस गंभीर समस्या का संज्ञान लेकर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही, दिल्ली जैसे महानगरों में फीस आडिट और निजी स्कूलों पर नियंत्रण के लिए उठाए गए कदमों का उदाहरण देते हुए उत्तर प्रदेश सरकार से भी ऐसे ही प्रभावी कदम उठाने की अपील की गई। अंत में अभिभावकों से भी अपील की गई कि वे एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाएं, क्योंकि शिक्षा व्यापार नहीं, बल्कि हर बच्चे का अधिकार है। इस दौरान निशांत शर्मा, गोविंद, सुरेंद्र राणा, मारूफ खान, सुधीर सागर, तस्लीम खान, शुभम अग्रवाल, ऋतिक सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

## संचारी रोग अभियान को लेकर दी जानकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 से 30 अप्रैल तथा दस्तक अभियान 10 से 30 अप्रैल से चलाया जा रहा है। जिसके सफल क्रियान्वयन को कलक्ट्रेट परिसर से बुधवार को रैली का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया ने हरी झंडी दिखाकर रैली का रवाना किया। जो कलक्ट्रेट परिसर से आरंभ होकर मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय परिसर पर पहुंच संपन्न हुई। इस अवसर पर डीएम ने रैली में मौजूद लोगों को शपथ दिलाई। उन्होंने सभी विभागों के निर्देश दिया कि वह संचारी व दस्तक अभियान में शासन द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करें और अभियान को सफल बनाए। सीएमओ डा. पंकज विश्नोई ने सभी आशाओं से आभा आईडी बनाने तथा उसको परिवार को देने साथ ही दस्तक अभियान में घर-घर सोर्स रिडक्शन के कार्य सुचारू रूप से करने तथा लार्वा मिलने पर उसका आंकलन अपनी रिपोर्ट में प्रत्येक दशा में करने के निर्देश दिए।



## हनुमान जन्मोत्सव पर विशाल भंडारे का किया गया आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** बजरंगी सनातन समूह द्वारा नगर के सीता रोड स्थित रघुनाथ आश्रम मंदिर परिसर में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधान के साथ कन्या पूजन एवं ब्राह्मण भोज से किया गया, जिसके बाद श्रद्धालुओं के लिए भंडारा शुरू हुआ।

भंडारे में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और भगवान के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। पूरे परिसर में भक्ति गीतों और जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। चिराग फैंसी ने कहा कि हनुमान जन्मोत्सव हमें सेवा, समर्पण और परोपकार की प्रेरणा देता है। इसी भावना के साथ यह भंडारा आयोजित किया गया, जिससे अधिक से अधिक लोगों तक सेवा का संदेश पहुंचे। संस्था अध्यक्ष विमल वार्ष्णेय ने बताया कि बजरंगी सनातन समूह निरंतर धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों के माध्यम से समाज को जोड़ने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में एकता और भाईचारे को मजबूत करते हैं। शुभम अग्रवाल ने कहा कि भविष्य में भी इसी तरह सेवा कार्य जारी रखे जाएंगे। इस दौरान अनुज वार्ष्णेय, मयंक वार्ष्णेय, अभिनव वार्ष्णेय, चिराग वार्ष्णेय, निशांत शर्मा, सौरभ गुप्ता, शुभम वार्ष्णेय आदि रहे।



एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल मे मिशन शक्ति अभियान कैंप में शामिल डीपीओ व स्कूल स्टाफ।

## अब आत्मनिर्भर बनेंगी महिलाएं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** आकांक्षा सोसायटी के तत्वावधान मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं को जागरूक, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

डीपीओ ने कैंप का निरीक्षण किया तथा बच्चों द्वारा प्रस्तुत गतिविधियों की सराहना की। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम उनके व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। इस कैंप में लगभग 18 बच्चों ने सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया। आकांक्षा सोसाइटी की अध्यक्ष संगीता भार्गव ने बच्चों को हर गतिविधि में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि मिशन शक्ति कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाना, उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा समाज में एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में विकसित करना है। इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं, बल्कि उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए भी तैयार करते हैं। इस दौरान अंकुश, योगिता ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## भक्त प्रह्लाद का प्रसंग सुन श्रद्धालु भावभिवोर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** नगर के गणेश कालोनी गली नंबर 10 में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा के दौरान महिलाओं सहित सभी भक्तों ने अत्यंत श्रद्धा और भक्ति भाव से कथा का श्रवण किया। श्रीधाम वृंदावन से आए कथा व्यास स्वामी ओमप्रकाश महाराज ने अपने मधुर वचनों से भक्तों को भावविभोर कर दिया। उन्होंने भगवान शिव द्वारा माता पार्वती को सुनाई गई अमर कथा, साथ ही भक्त प्रह्लाद पर भगवान की विशेष कृपा और 28 प्रकार के नर्कों का विस्तृत वर्णन किया। स्वामी ने श्री शुकदेव के जन्म प्रसंग को अत्यंत रोचक ढंग से प्रस्तुत किया।

## पुरस्कार पाकर खुशी से झूमें बच्चें

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** बनियाखेड़ा विकास खंड के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक विद्यालय अकबरपुर चितौरी में बुधवार को वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। साथ ही, नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण हुई छात्रा को विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिससे अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिल सके। कार्यक्रम में कविता शर्मा ने सभी बच्चों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और मेहनत एवं लगन से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका संगीता गुप्ता ने कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं स्टाफ का आभार व्यक्त किया तथा बच्चों की प्रगति में उनके सहयोग को सराहा। इस दौरान अनीता रानी, जगदीश कुमार आदि समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।



प्राथमिक विद्यालय अकबरपुर चिरौरी में परीक्षाफल के साथ बच्चें और शिक्षिकाएं।

▸ प्राथमिक विद्यालय अकबरपुर चितौरी में परीक्षा फल वितरण समारोह

## एंटी रोमियो टीम ने महिला व बालिकाओं के लिए सुरक्षा को लेकर किया जागरूक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** पुलिस की एंटी रोमियों टीमों द्वारा मिशन शक्ति फेज-05' अभियान चलाया गया। जिसमें टीम ने महिलाओं एवं बालिकाओं को पंपलेट वितरण करके व विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों से अवगत कराया गया।

उत्तर प्रदेश शासन के 'मिशन शक्ति फेज-5.0' के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन में जिले की एंटी रोमियो टीमों ने बुधवार को विशेष अभियान चलाया। चन्दौसी के विभिन्न बाजारों, स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर महिला पुलिसकर्मियों ने चौपाल लगाकर बालिकाओं व महिलाओं को सुरक्षा और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान टीम ने सुरक्षा संबंधी पंपलेट वितरित किए और शासन द्वारा जारी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे- वुमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 1076, और साइबर क्राइम हेल्प लाइन 1930 की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही मोबाइल पर पैनिक बटन के इस्तेमाल का डेमो भी दिया गया। इस दौरान महिलाओं को अपनी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रोत्साहित किया गया।



बीएमजी इंटर कॉलेज मे छात्राओं को जागरुक करती एण्टी रोमियो की टीम।

## धूमधाम से मनाया हिंदू नववर्ष व हनुमान जन्मोत्सव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** श्री गीता सत्संग भवन में हिंदू नववर्ष एवं हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ भारत माता व हनुमान जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। ग्रुप संयोजिका इंदु अग्रवाल ने कहा कि भारतीय नवसंवत्सर केवल तिथि परिवर्तन नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है। जिसे विक्रम संवत भी कहा जाता है। जो शुल्क पक्ष की प्रतिपदा तिथि मार्च-अप्रैल से शुरू होता है। अध्यक्ष मंजू अग्रवाल ने कहा कि हनुमान जन्मोत्सव शिव का रुद्र अवतार माना जाता है। वह शक्ति, ज्ञान व साहस के प्रतीक हैं और भक्त उनसे मानसिक और शारीरिक शक्ति प्राप्त करने के लिए पूजा करते हैं।



स्वयंसेवक को प्रशिक्षण देते प्रशिक्षक। -जागरण मोर्चा

## स्वयंसेवकों को किया प्रशिक्षित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** मॉडल पब्लिक एजूकेशन कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसका विषय आपदा प्रबंधन रहा। शिविर का आरंभ महाविद्यालय को प्राचार्य प्रोफेसर राजकुमार गोयल ने किया।

एनडीआरएफ द्वारा प्रशिक्षित स्वयंसेवक कुलदीप व अमित कुमार मौजूद रहे। उन्होंने स्वयंसेवकों को भी प्रशिक्षित किया। जिसमें सीपीआर देना, आग को बुझाना, पट्टी करना, बंद खिड़की से व्यक्ति को बाहर निकलना, अपनी सुरक्षा करते हुए आपात स्थिति आदि के बारे में प्रशिक्षित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी शर्मीली उपाध्याय, जयप्रकाश, एचडी शर्मा, कविता चौधरी, डा. तेजपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में सुलह-समझौता से सात मामलों का निस्तारण

जागरण मोर्चा कार्यालय

▸ बैठक अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) एवं क्षेत्राधिकारी के निर्देशानुसार संपन्न हुई

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक श्री कृष्ण कुमार बिश्नोई के निर्देशन में पारिवारिक विवादों के समाधान के लिए संचालित पुलिस परिवार परामर्श एवं सुलह-समझौता केंद्र की एक महत्वपूर्ण बैठक नगर स्थित गौशाला रोड पिंक चौकी में आयोजित की गई। यह बैठक अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) कुलदीप सिंह एवं क्षेत्राधिकारी डा. प्रदीप कुमार सिंह के निर्देशानुसार संपन्न हुई।

परामर्श केंद्र प्रभारी डा. रुकम पाल सिंह के मार्गदर्शन में काउंसलरों की टीम ने पति-पत्नी के बीच उत्पन्न आपसी विवादों को सुलझाने का प्रयास किया। बैठक के दौरान कुल 16 पत्रावलियों की सुनवाई की गई, जिनमें से 7 मामलों का सफलतापूर्वक सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण किया गया। इसके अतिरिक्त 7 पत्रावलियों को पक्षकारों द्वारा पर्याप्त सहयोग न मिलने अथवा अन्य कारणों के चलते बंद कर दिया गया। शेष मामलों में आगामी कार्यवाही जारी रखने का निर्णय लिया गया। पुलिस विभाग द्वारा इस प्रकार के प्रयास समाज में आपसी सामंजस्य और पारिवारिक सौहार्द बनाए रखने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इस दौरान काउंसलर श्वेता गुप्ता, उपनिरीक्षक महेश गंगवार, मनोहर सिंह, रुचि सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।



## रैली के माध्यम से किया बच्चों को स्कूल भेजने का आह्वान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** प्राथमिक विद्यालयों से बुधवार को स्कूल चलो अभियान के तहत रैली का आयोजन किया गया। जिसमें अभिभावकों से अपने-अपने बच्चों को स्कूल भेजने का आह्वान किया गया। बुधवार की सुबह फव्वारा चौक स्थित गोविंद बल्लभ पंत उच्च प्राथमिक विद्यालय से स्कूल चलो अभियान के तहत रैली का आयोजन किया गया। जिसमें गांधी प्राथमिक विद्यालय, राजेंद्र प्रसाद प्राथमिक विद्यालय व सुभाष प्राथमिक विद्यालय के स्कूली बच्चों ने प्रतिभाग किया। रैली के माध्यम से उन बच्चों के अभिभावकों से आह्वान किया गया, जो अभिभावक किसी कारण अपने बच्चों को विद्यालय नहीं भेजते हैं। अभिभावक से अपने बच्चों को विद्यालय भेजकर शिक्षित बनाने का आह्वान किया गया। ताकि बच्चे पढ़-लिखकर अच्छा इंसान बन सके।

## गेहूं लेकर सबसे पहले मंडी पहुंचे किसान का माला पहनाकर स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** मंडी में सबसे पहले गेहूं लेकर आए किसान गौतम सिंह को मंडी इंस्पेक्टर ने माला पहना कर स्वागत किया। किसान को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा किया। मंडी इंस्पेक्टर यश बंसल और विवेक कुमार ने बताया कि उप मंडी स्थल पर गेहूं खरीद केंद्र बनाया गया है। इस बार ऊपर से ये निर्देश प्राप्त हुए कि मंडी समिति में जो किसान सबसे पहले गेहूं लेकर आए, उसका शानदार सम्मान होना चाहिए। जिससे किसान गेहूं लाने के लिए प्रेरित हों। बुधवार को चकनवाला गांव निवासी किसान गौतम सिंह गेहूं लदी ट्रैक्टर ट्राली लेकर आए। किसान का गेहूं तौलने से पहले किसान को माला पहनाई गई।

## नलकूप के पास लगे 6 सोलर पैनल चोरी, पुलिस को दी सूचना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** बनियाठेर थाना क्षेत्र के थाने के पास से गुमथल रोड पर खेत पर नलकूप लगा है। 30 मार्च की रात नलकूप के पास लगे 13 सोलर पैनल में से चोर 6 पैनल चोरी हो गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है।



कोतवाली क्षेत्र के मालवीय चौक निवासी हरिशंकर अग्रवाल का थाना बनियाठेर के निकट से जा गुमथल को जाने वाले मार्ग पर भूमि है वहीं पर नलकूप है। नलकूप के पास ही 13 सोलर पैनल लगे हैं, जिससे नलकूप को सप्लाई दी जाती है और फसलों की सिंचाई होती है। उक्त खेत पर थाना क्षेत्र के भुलावई का सौदान बटाई पर खेती आदि का कार्य करता है। रोजाना की तरह सौदान 30 मार्च की रात 8 बजे अपने घर चला गया। 31 मार्च की सुबह सौदान को सूचना मिली कि नलकूप की छत से 6 सोलर पैनल चोरी हो गए। कुछ ही देर में सौदान मौके पर पहुंचा और घटना की जानकारी की। बटाईदार ने घटना की सूचना खेत स्वामी को दी। कुछ देर बाद वह भी मौके पर पहुंच और जानकारी की। घटना की सूचना थाना पुलिस को दी गई है।

## रायल स्ट्राइटर 9 विकेट से जीती

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** क्रीड़ा भारती की ओर से टीचर प्रीमियर लीग का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को टूर्नामेंट के छठे मैच का आयोजन पंडित हनुमान सिंह ग्राउंड पर मास्टर ब्लास्टर व रायल स्ट्राइकर के बीच खेला गया।

जिसमें रायल स्ट्राइकर ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मास्टर ब्लास्टर ने 173 रन बनाए। जिसमें विशेष ने 48, अश्विनी ने 30, रवि ने 20 रनों का योगदान दिया। रायल स्ट्राइकर के गेंदबाज हिलाल ने 2, पुष्पेंद्र, मोसिन ने एक-एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रायल स्ट्राइकर ने 16.4 ओवर में 9 विकेट से विजय प्राप्त कर ली। जिसमें रफत ने 64 व हिलाल ने 83 रन की पारी खेली। मैन आफ द मैच का पुरस्कार हिलाल को दिया गया। जबकि इम्पैक्ट प्लेयर शाहरुख, बेस्ट बालर अश्विनी शर्मा, बेस्ट बल्लेबाज मोहम्मद रफत रहे। मैच में अंपायरिंग कुश रावत व विकास माथुर, स्कोरिंग अभिषेक राठौर ने की। इस अवसर पर क्रीड़ा भारती के जिलाध्यक्ष अनिल कपूर, महामंत्री डा. गौरव मिश्रा, कोषाध्यक्ष अशोक पाठक, प्रफुल्ल, संजीव सिंह, अनुज कुमार, पुनीत शर्मा, अमित कुमार, खुशाल, हेमंत, अमित शर्मा, राजीव, विजय आदि मौजूद रहे।



मैन आफ द मैच रहे हिलाल को पुरस्कार देते अतिथि। -जागरण मोर्चा

▸ पंडित हनुमान सिंह ग्राउंड पर टीचर प्रीमियर लीग टूर्नामेंट किया जा रहा आयोजन

## एक नजर

### अलग-अलग सड़क हादसों में तीन घायल

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग सड़क हादसों में तीन युवक बुरी तरह घायल हो गए ।तीनों घायलों की हालत को गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर किया गया है। कोतवाली क्षेत्र के अलीगढ़ मार्ग पर रहरा थाना क्षेत्र के गांव जेवड़ा निवासी धर्मपाल पुत्र जबर सिंह अपने बेटे बिनु के साथ बुधवार की दोपहर नगर से अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक अलीगढ़ मार्ग पर कुटी दौलतपुर इंटर कॉलेज के निकट पहुंची तो सामने से आ रही एक अज्ञात थार कार ने पिता पुत्र की भाई को टक्कर मार दी टक्कर लगते ही पिता पुत्र सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए। जबकि थार चालक अपनी थार गाड़ी को लेकर मौके से फरार हो गया। राहगीरों के द्वारा घायलों को नगर के सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पिता पुत्र की हालत को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। वही दूसरी घटना नगर के गजरौला मार्ग स्थित आगापुर पुलिया के निकट हुई जहां दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में एक युवक बुरी तरह घायल हो गया।

# बालाजी जन्मोत्सव के अवसर पर निकली भव्य शोभा यात्रा

## चेयरमैन राजपाल सैनी ने पूजन कर किया शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** श्री बालाजी जन्मोत्सव के अवसर पर नगर के मुख्य मार्गों पर बड़ी ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ बालाजी महाराज की शोभा यात्रा निकाली गई शोभा यात्रा का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा विधि विधान से पूजन कर किया गया शोभा यात्रा में सम्मिलित झांकियां नगर वासियों का मन मोह कर रही थी, शोभायात्रा का नगर में कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया।


शोभा यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व पूजन करते हुए चेयरमैन राजपाल सैनी एवं अन्य।। –जागरण मोर्चा



शोभायात्रा में सम्मिलित झांकियां। –जागरण मोर्चा

बुधवार को श्री राम बालाजी भक्त मंडल के तत्वाधान में बालाजी जन्मोत्सव के अवसर पर बालाजी शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी द्वारा विधि विधान के साथ बाबा का पूजन कर किया गया। शोभा यात्रा में राम दरबार, शंकर परिवार, मां दुर्गा, राधा कृष्ण आदि की झांकियां मन मोह रही थी। वही राधाकृष्ण रास मंडल, अघोरी नृत्य,राम रावण युद्ध एवं राजस्थानी नृत्य शोभा यात्रा का आकर्षण का केंद्र रहे। शोभा यात्रा का नगर में कई स्थानों पर भक्तों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभा यात्रा में संतोष अग्रवाल उर्फ सोनू, अरुण अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, रवि रस्तोगी, संजीव गोयल, शंकर, पंकज भटनागर, अतुल गर्ग, सुशील अग्रवाल, देवेंद्र चौधरी संजीव आदि भक्त मौजूद रहे।



# बच्चों ने रैली से दिया शिक्षा का संदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा नगर में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली निकाल कर बच्चों को स्कूल चलने के लिए जागरूक किया रैली का शुभारंभ चेयरमैन राजपाल सैनी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



रैली को हरी झंडी दिखाते हुए चेयरमैन राजपाल सैनी। –जागरण मोर्चा

शासन के निर्देश पर शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं के द्वारा जागरूकता रैली निकाली जा रही है इसी क्रम में बुधवार को नगर के शिक्षा विभाग के द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जागरूकता रैली का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। जागरूकता रैली नगर पालिका प्रांगण से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों पर भ्रमण करती हुई पालिका पहुंचकर संपन्न हुई।

रैली के दौरान नन्हे मुन्ने बच्चे बोल रहे थे कि पापा-मम्मी हमें पढ़ाओ, विद्यालय जरूर पहुंचाओ... और आधी रोटी खाएंगे, स्कूल जरूर जाएंगे... आदि नारे लगाते हुए चल रहे थे। नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी द्वारा बताया गया कि शासन की मंशा के अनुरूप शिक्षा विभाग के द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी उदयवीर सिंह, पालिका बाबू दिनेश कुमार, विनोद शर्मा,मनी बेदी, रजनी शर्मा,वसीम खान,जरगाम अली आदि मौजूद रहे।

# जागरूकता से रुकेंगे संचारी रोग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** संचारी रोग के नियंत्रण के लिए बुधवार से स्वास्थ्य विभाग ने अभियान शुरू कर दिया। इस रोग के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए सीएचसी से जागरूकता रैली निकाली गई। जिसे सीएचसी प्रभारी डॉक्टर धुर्वेद्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।


संचारी रोग पर नियंत्रण को सीएचसी प्रभारी ने झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

रैली नगर के मुख्य मार्गों पर निकाली गई।बुधवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचारी रोग अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली निकाली गई,रेली का शुभारंभ सीएचसी प्रभारी द्वारा झंडी दिखाकर किया गया। रैली सीएचसी प्रांगण से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों पर भ्रमण करती हुई सीएचसी पहुंचकर संपन्न हुई।संचारी रोग नियंत्रण के लिए 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक अभियान चलेगा। इसके अंतर्गत लोगों को मच्छरों एवं संक्रामक रोगों से बचाव की जानकारी दी जाएगी। मच्छरों से बचाव के लिए लोगों को दरवाजों व खिड़कियों पर जाली लगवाने, मच्छरदानी का नियमित प्रयोग करने, अनुपयोगी वस्तुओं में पानी इकट्ठा न होने देने, पानी की टंकी पूरी तरह से ढककर रखने, घर और कार्यस्थल के आसपास पानी इकट्ठा न होने देने, कूलर व गमलों को सप्ताह में खाली कर सुखाने आदि को लेकर जागरूक किया जाएगा। इसी प्रकार संक्रामक रोगों से बचाव के लिए नालियों में जलभराव रोकने, खाने से पहले साबुन से हाथ धोने, खुले में शौच न करने और नियमित शौचालय का प्रयोग करने, कुपोषित बच्चों का विशेष ध्यान रखने व बच्चों को जापानी इंसेफेलाइटिस के दोनों टीके लगवाने के प्रति सजग किया जाएगा।

## संक्षेप समाचार

### रजिस्टर्ड इकरारनामे के बाद आवास योजना के तहत जारी की गई पहली किस्त

**कांठ।** योगी सरकार में भी योजना के अपात्र लोगों को अधिकारियों की मिली भगत के चलते लाभ प्राप्त हो रहा है नगर में इसका एक उदाहरण देखने को मिला है। थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने नगर में 154 गज के प्लाट का जिसके ऊपर टीन सेट पड़ी हुई थी 4 सितंबर 2024 को 300000 देकर रजिस्टर्ड इकरारनामा कराया था। अधिकारियों की मिली भगत के चलते इकरारनामे के उपरांत विवादित आराजी पर प्रधानमंत्री रोजगार योजना के तहत आवास बनाने हेतु पहली किस्त 100000 भूमि मालिक के खाते में भेज दी गई है। पीड़ित महिला ने मुख्यमंत्री पोर्टल एवं मंडल आयुक्त मुरादाबाद को दिए गए शिकायती पत्र में भेजी गई पहली किस्त की जांच उपरांत उचित कार्यवाही की मांग की है ।क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर गुर्जर निवासी अनीता रानी पत्नी नरेश कुमार ने गत 4 सितंबर 2024 को एक भूमि की आराजी का रजिस्टर्ड एग्रीमेंट नगर के मोहल्ला पट्टी वाला निवासी मोहम्मद इरफान पुत्र मोहम्मद फुरकान से कराया था। निर्धारित समय 11 माह में भूमि मालिक ने आराजी का बैनामा नहीं कराया। इस संबंध में पीड़ित महिला ने विपक्षी के विरुद्ध सिविल जज मुरादाबाद के न्यायालय में बाद दायर कर दिया। इसके बावजूद विवादित आराजी पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मोहम्मद इरफान के खाते में आवास निर्माण हेतु प्रथम किस्त 100000 भेज दी गई। पीड़ित महिला ने संबंध दस्तावेजों का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मुख्यमंत्री पोर्टल, मंडल आयुक्त मुरादाबाद एवं संबंधित अधिकारियों से शिकायत कर जांच उपरांत उचित कार्यवाही की मांग की है।

### एसडीएम ने नामित सभासदों को दिलाई पद और गोपनीयता की शपथ

**कांठ।** शासन द्वारा नगर पंचायत कांठ में नामित तीन सभासदों को आज तहसील सभागार में आयोजित समारोह में पद और गोपनीयता की की शपथ दिलाई गई। एसडीएम संत दास पवार ने एक आयोजित समारोह में बुधवार को नामित सभासद गौरव बिश्नोई, मोहित चौहान, एवं प्रीति को शपथ दिलाई। नये सभासदों को भाजपा नेता अभय विश्नोई ने शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भाजपा के अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भाकियू इंडिया ने इंटर कॉलेज प्रबंधन पर लगाया अवैध फीस वसूली का आरोप

**हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन इंडिया ने इंटर कॉलेज में कक्षा 9 व 10 में ली गई अवैध फीस वापिस करने के संबंध में कुटी दौलतपुर इंटर कॉलेज कक्षा 10 तक के वित्त पोषित है कक्षा 10 से 35 सौ रुपए तथा कक्षा 9 से तीन हजार रुपए देते थे । जबकि रजिस्टर में कक्षा 10 के 968 रुपए तथा कक्षा 9 के रजिस्टर में 517 रुपए चढ़ते थे यूनियन के प्रयास से 2483 रुपए कक्षा 9 के वापिस हुए वह कक्षा 10 से 2532 रुपए अवैध लिए जा रहे थे। यूनियन के कुछ अभिभावकों ने 1076 पर कॉल की तब पैसे वापिस किए गए। जिला अध्यक्ष की कालेज प्रधानाचार्य से बात हुई तो उन्होंने बताया कि विभाग के आदेश अनुसार 190 रुपए बच्चों की दोनों कक्षाओं की फीस वापसी कर दी है ।शेष 30 बच्चों की फीस वापस कर देंगे फीस वापिस होने पर छात्र-छात्राओं ने एवं अभिभावक को धन्यवाद दे रहे हैं। यह जानकारी भाकियू इंडिया के जिला अध्यक्ष लोकेश बिधुडी एवं अन्य अभिभावकों ने दी। अखबारो के माध्यम से मांग करते हैं कि पूरे जनपद में सहायता प्राप्त स्कूल जैसे कुटी दौलतपुर में आगामी सत्र में फीस ना दी जाए ।इस मौके पर लोकेश बिधुडी , संजय सिंह, सतपाल सिंह ,तेजपाल सिंह, सिद्धार्थ सिंह, जितेंद्र सिंह, श्याम सिंह ,दिमाग सिंह प्रधान ,मलखान सिंह आदि लोगों के शिकायत पत्र पर हस्ताक्षर हैं।

# नर्सिंग शोध पर टीएमयू में अंतरराष्ट्रीय मंथन

जागरण मोर्चा कार्यालय



**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी (टीएमयू) के नर्सिंग कॉलेज की ओर से 'प्रोस्पैक्ट एंड चैलेंजेज़ फॉर अर्ली एंड एडवांस हेल्थकेयर रिसर्चर्स' विषय पर दो दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस 'केयरकॉन-2.0' का आगाज 3 अप्रैल से होने जा रहा है। विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में देश के 12 राज्यों के साथ-साथ विदेशों के दिग्गज नर्सिंग एक्सपर्ट्स ब्लेंडेड मोड (ऑनलाइन और ऑफलाइन) के माध्यम से अपने विचार साझा करेंगे।

कॉन्फ्रेंस के दौरान विभिन्न तकनीकी सत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं और नर्सिंग क्षेत्र से जुड़े लगभग 30 महत्वपूर्ण रिसर्च पेपर्स प्रस्तुत किए जाएंगे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आईएनएस इंडिया की सीईओ और लॉन स्टार की एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर रिटायर्ड कर्नल बिनु शर्मा मौजूद रहेंगी। वहीं, अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ के नर्सिंग डीन डॉ. अशोक कुमार विश्नोई गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में शिरकत करेंगे। इस अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में विला कॉलेज मालद्वीप की डिप्टी डीन डॉ. मनो प्रिया विजयान और योनसी यूनिवर्सिटी, साउथ कोरिया की डॉ. वासुकी आर. जैसे वैश्विक नाम जुड़ेंगे। इसके साथ ही एम्स नई दिल्ली की डॉ. लता वेंकटेशन, एम्स ऋषिकेश की डॉ. स्मृति अरोरा, पीजीआई चंडीगढ़ की डॉ. सुखपाल कौर और जामिया हमदर्द की प्रो. मंजू चुगानी जैसे राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञ नर्सिंग रिसर्च की चुनौतियों और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा करेंगे।

आयोजन में टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन, डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन और नर्सिंग कॉलेज की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित रहकर शोधार्थियों का उत्साहवर्धन करेंगे। विश्वविद्यालय का मानना है कि इस कॉन्फ्रेंस से नर्सिंग छात्रों और शोधकर्ताओं को स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में हो रहे नए नवाचारों को समझने का बेहतर मंच मिलेगा।



# भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक संपन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** विकास खंड हसनपुर के सभागार में बुधवार को भारतीय किसान संघ की जिला स्तरीय मासिक बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य हरपाल सिंह डागर मौजूद रहे। उन्होंने जिले भर से आए किसानों की समस्याओं को सुना और उनके समाधान के तरीके बताए। हरपाल सिंह डागर ने जिले में किसानों के हित में किए गए कार्यों और सर्वाधिक सदस्यता के लिए पूरे प्रांत में अग्रणी बताया। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए जिले के सभी 1124 गांवों में सदस्यता अभियान चलाने का आह्वान किया। बैठक में प्रांत संगठन मंत्री सुनील कुमार और प्रांत उपाध्यक्ष नरेंद्र चौधरी ने भी विचार रखे। जिला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश शर्मा ने जिले की ब्लॉक एवं ग्राम समितियों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की।

### अंबेडकर विकास मंच के तत्वाधान में ही निकलेगी जयंती पर शोभा यात्रा

**हसनपुर।** अंबेडकर जयंती शोभायात्रा निकालने को लेकर दो गुटों के बीच चला आ रहा विवाद मंगलवार देर शाम कोतवाली में एसडीएम हिमांशु उपाध्याय, सीओ पंकज कुमार त्यागी, प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी की मौजूदगी में आयोजित बैठक में निपट गया। तय हुआ कि शोभायात्रा इस बार भी अंबेडकर विकास मंच के नेतृत्व में निकलेगी। काफी समय से चल रहे इस विवाद को समाप्त करते हुए यह भी तय किया गया कि आयोजन समिति में इस बार दो अध्यक्ष होंगे।

**संबंध विच्छेद**

मैं मुश्तर जहाँ पत्नी ज़क्कन ख़ां, निवासी बमनपुरी गेट, थाना गंज, रामपुर अपने पुत्र मुईन को उसकी गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल एवं अचल संपत्ति से बेदखल करती हूँ। भविष्य में उसका मेरी किसी भी संपत्ति पर कोई अधिकार नहीं होगा। यदि कोई व्यक्ति उससे किसी प्रकार का लेन-देन करता है, तो उसकी जिम्मेदारी स्वयं की होगी।

-मुश्तर जहाँ, निवासी- बमनपुरी गेट, रामपुर।

**न्याय-संवाद** युवाओं से किया आह्वान, वे संवैधानिक मूल्यों का सम्मान करें, न्यायपालिका की समानता, न्याय और विकास में अहम भूमिका

# टीएमयू में भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस यूयू ललित का सार्थक संवाद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** देश के पूर्व मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति श्री उदय उमेश ललित ने कहा, न्यायपालिका केवल न्याय प्रदान करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह संवैधानिक मूल्यों की संरक्षक और सामाजिक परिवर्तन की प्रेरक शक्ति भी है।





भारतीय न्यायपालिका ने देश में लोकतंत्र को सुदृढ़ करने और समावेशी विकास को गति देने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया, वे संवैधानिक मूल्यों का सम्मान करते हुए नैतिक नेतृत्व अपनाएं और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें। स्वतंत्रता प्राप्ति के समय देश में कमजोर अर्थव्यवस्था, व्यापक गरीबी, निम्न साक्षरता दर, औद्योगिकीकरण का अभाव, कमजोर स्वास्थ्य सुविधाएं, शिक्षा में महिलाओं की कम भागीदारी, जातिगत असमानता, बेरोजगारी, खाद्यान्न संकट, वंचित वर्गों की न्याय तक सीमित पहुंच सरीखी गंभीर समस्याएं प्रमुख थीं। इन परिस्थितियों के बावजूद संविधान और न्यायपालिका ने देश को समानता, न्याय और विकास के मार्ग पर आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। न्यायमूर्ति श्री ललित तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद की ओर से फ्रॉम कोर्टरूम टू नेशन बिल्डिंगः लीडरशिप लेसन फ्रॉम द ज्यूडिशरी पर लीडरशिप टाक सीरीज़ के सेशन- 18 में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पूर्व मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति श्री उदय उमेश ललित, टीएमयू के कुलपति प्रो. वीके जैन, डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज के डीन प्रो. हरबंश दीक्षित आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके टाक सीरीज़ का ऑडी में शुभारम्भ किया। मुख्य अतिथि सीधे प्रशासनिक भवन पहुंचे, जहां यूनिवर्सिटी के आला अफसरों ने बुके देकर गर्मजोशी से स्वागत किया। अंत में वीसी ने मुख्य अतिथि को पोट्रेट देकर सम्मानित किया। टाक सीरीज के बाद टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन ने प्रशासनिक भवन में चीफ गेस्ट न्यायमूर्ति श्री उदय उमेश ललित को बुके और स्मृति चिन्ह देकर गर्मजोशी से स्वागत किया। ईडी श्री अक्षत जैन ने पूर्व मुख्य न्यायाधीश को यूनिवर्सिटी की बड़ी उपलब्धियां बताईं।

# एच.एच.एस. पब्लिक स्कूल में परीक्षाफल वितरण समारोह

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर के एच.एस.एस. पब्लिक स्कूल परिसर में बुधवार को वार्षिक परीक्षाफल वितरण दिवस के अंतिम चरण का सफल समापन हुआ। इस दौरान कक्षा 6 से कक्षा 11 तक के विद्यार्थियों को परिणाम वितरित किए गए। कार्यक्रम का आयोजन सुव्यवस्थित एवं अनुशासित वातावरण में हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य अंकुर काशिव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि परिश्रम, अनुशासन और नियमित अध्ययन ही सफलता की कुंजी है। मेधावी छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

संपादकीय

# घरेलू गैस उत्पादन और ऊर्जा सुरक्षा

आज के वैश्विक परिदृश्य में ऊर्जा केवल विकास का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता का मूल आधार बन चुकी है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और भू-राजनीतिक तनावों ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि ऊर्जा आपूर्ति में जरा-सी बाधा भी किसी देश की आर्थिक रफ्तार को थाम सकती है। भारत जैसे तेजी से उभरते देश के लिए, जो अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात पर निर्भर करता है, यह चुनौती और अधिक गंभीर हो जाती है। वैश्विक संकट (चाहे महामारी हो या युद्ध) हमारी अर्थव्यवस्था की बाहरी निर्भरता को उजागर करते रहे हैं। हॉर्मुज जलडमरूमध्य जैसे संवेदनशील मार्गों में अवरोध और खाड़ी देशों से आपूर्ति में अनिश्चितता का सीधा असर भारत की ऊर्जा सुरक्षा, महंगाई और विदेशी मुद्रा भंडार पर पड़ता है। ऐसे में आत्मनिर्भर ऊर्जा नीति की आवश्यकता केवल विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता बन गई है। इसी संदर्भ में अपतटीय दमन अपसाइड विकास परियोजना से गैस उत्पादन की शुरुआत एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। अरब सागर में स्थित इस परियोजना से व्यावसायिक गैस उत्पादन न केवल तकनीकी दक्षता का प्रमाण है, बल्कि यह भारत की दूरदर्शी ऊर्जा रणनीति का भी सशक्त संकेत है। अल्प समय में पूर्ण हुई इस परियोजना से प्रतिदिन लगभग 5 मिलियन मानक घन मीटर गैस उत्पादन की क्षमता विकसित होना उल्लेखनीय है। घरेलू उत्पादन में यह वृद्धि आयात पर निर्भरता कम करने की दिशा में निर्णायक कदम है। साथ ही, सरकार द्वारा नए क्षेत्रों को अन्वेषण के लिए खोलना और निवेश को प्रोत्साहन देना ऊर्जा क्षेत्र में दीर्घकालिक स्थिरता की नींव रखता है। स्पष्ट है कि ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते ये प्रयास भारत को वैश्विक अनिश्चितताओं से बचाने में सहायक होंगे। अब जरूरत इस बात की है कि इन पहलों को निरंतरता और व्यापकता के साथ आगे बढ़ाया जाए, ताकि 'विकसित भारत 2047' का लक्ष्य ऊर्जा के मोर्चे पर भी मजबूत कड़ी बन सके।

# परमाणु साये में सुलगती वैश्विक राजनीति

मध्य-पूर्व में चल रहा मौजूदा संघर्ष अब केवल क्षेत्रीय युद्ध तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह वैश्विक शक्ति संतुलन, ऊर्जा सुरक्षा और परमाणु हथियारों की होड़ का खतरनाक मोड़ पर आ चुका है। 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिका-इजराइल के हमले के पीछे कुछ ही हफ्तों में तेहरान की मौजूदा सत्ता को बदलने की सोच अब पीछे छूट गई। नतीजतन एक महीने से अधिक का समय बीतने के बाद भी हालात इसके उलट नजर आ रहे हैं, युद्ध लंबा खिंचता जा रहा है और इसके प्रभाव वैश्विक स्तर पर गहराते जा रहे हैं। शुरुआती हमलों में ईरान के शीर्ष नेतृत्व और परमाणु कार्यक्रम से जुड़े कई अहम चेहरों को निशाना बनाया गया। यहां तक कि सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत की खबर ने यह संकेत दिया कि सत्ता परिवर्तन अब आसान हो जाएगा। मगर इतिहास गवाह है कि बाहरी हमले अक्सर किसी भी देश की आंतरिक एकजुटता को कम नहीं करते, बल्कि बढ़ा देते हैं और ईरान इसका उदाहरण है। सत्ता का ढांचा टूटने के बजाय और अधिक कठोर व आक्रामक हो गया।

ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी। खाड़ी के देशों में ऊर्जा ठिकानों, अमेरिकी सैन्य अड्डों और इजराइली ठिकानों पर लगातार मिसाइल व ड्रोन हमले हुए। सबसे बड़ा असर हॉर्मुज जलडमरू पर पड़ा, जहां से दुनिया का 20% तेल गुजरता है। इसके बाधित होने से वैश्विक बाजारों में तेल की कीमतें तेजी से बढ़ीं और महंगाई का दबाव साफ दिखने लगा। यह रणनीति स्पष्ट थी, युद्ध को लंबा खींचकर अमेरिका पर कूटनीतिक और आर्थिक दबाव बनाना। इस बीच अमेरिका को भी भारी आर्थिक लागत चुकानी पड़ी। आधुनिक फाइटर जेट्स और मिसाइल सिस्टम जैसे महंगे हथियारों का इस्तेमाल और ध्वस्त से नुकसान, पहले से ही दबाव में चल रही अर्थव्यवस्था पर बोझ पड़ा है। यही वजह रही कि डोनाल्ड ट्रंप युद्धविराम की दिशा में आगे बड़े। हालांकि यह मनसूबा फैल हो गया, क्योंकि इजराइल ने हमले जारी रखे और अमेरिका को पुनः सक्रिय होना पड़ा। इस घटनाक्रम का सबसे चिंताजनक पहलू है, परमाणु खतरे का बढ़ना।



अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के अनुसार, ईरान के पास 440.6 किलोग्राम 60% शुद्ध यूरेनियम मौजूद है, जिसे और शुद्ध कर लगभग 9 परमाणु बम बनाए जा सकते हैं। इसके अलावा 200 किलोग्राम 20% संवर्धित यूरेनियम भी उसके पास है, जिसे हथियार-ग्रेड स्तर तक ले जाना तकनीकी रूप से कठिन नहीं है।

ईरान के पास लगभग 2,500 बैलिस्टिक मिसाइलों का जखीरा भी है, जो खाड़ी क्षेत्र में सबसे बड़ा माना जाता है। ऐसे में यदि यह संघर्ष और बढ़ता है, तो परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की आशंका को पूरी तरह खारिज नहीं किया जा सकता। विशेषज्ञों का मानना है कि जब किसी देश के अस्तित्व पर संकट गहराता है, तो वह अपनी सुरक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकता है और परमाणु हथियार इस दिशा में सबसे बड़ा 'डिटरेंट' साबित होते हैं। इसी संदर्भ में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों का बयान भी महत्वपूर्ण हो जाता है, जिसमें उन्होंने यूरोपीय देशों को 'परमाणु छतरी' देने और हथियारों की संख्या बढ़ाने की बात कही। यह संकेत है कि दुनिया एक नए परमाणु हथियारों की दौड़ की ओर बढ़ रही है। अमेरिका की खुफिया प्रमुख तुलसी गबार्ड भी चेतावनी दे चुकी हैं कि चीन, रूस, उत्तर कोरिया और पाकिस्तान जैसे देश उन्नत मिसाइल प्रणालियों के विकास में लगे हैं, जो अमेरिकी रक्षा कवच को भी चुनौती दे सकती हैं।

इतिहास के पन्ने बताते हैं कि इराक के सद्दाम हुसैन और लीबिया के मुअम्मर गद्दाफी जैसे नेताओं ने जब अपने परमाणु कार्यक्रम छोड़े, तो अंततः उन्हें सत्ता से हाथ धोना पड़ा। यही कारण है कि उत्तर कोरिया के किम जोंग-उन जैसे नेता अपने परमाणु कार्यक्रम को अपनी सुरक्षा की गारंटी मानते हैं। हाल ही में उन्होंने भी ईरान संकट का हवाला देते हुए अपने फैसले को सही ठहराया। विश्लेषकों का मानना है कि अमेरिका-इजराईल के हमलों से भले ही ईरान का परमाणु कार्यक्रम अल्पकाल के लिए धीमा पड़े, लेकिन इससे उसकी परमाणु हथियार हासिल करने की इच्छा और मजबूत होगी। क्योंकि अब यह केवल शक्ति का सवाल नहीं, बल्कि अस्तित्व का प्रश्न बन चुका है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि यह संघर्ष केवल दो या तीन देशों के बीच की लड़ाई नहीं है, बल्कि यह उस वैश्विक व्यवस्था की परीक्षा है, जिसमें शक्ति संतुलन, कूटनीति व सामरिक संयम की भूमिका सबसे अहम होती है। अगर समय रहते समाधान नहीं निकाला गया, तो यह युद्ध एक ऐसे परमाणु संकट में बदल सकता है, जिसका असर पूरी मानवता को भुगतना पड़ेगा।

■ राममनोहर रायकवार

## दैनिक राशिफल

- **मेष राशि**:- समय आज बेहद शानदार बना हुआ है, मन प्रसन्न रहेगा। कामकाज की स्थिति बढ़िया रहेगी, प्रेम-संबंध सुधरेंगे।
- **वृषभ राशि**:- परिस्थितियों के आपके पक्ष में आने की पूरी संभावना है, मानसिक प्रसन्नता रहेगी, धन की आवक होगी।
- **मिथुन राशि**:- समय आज कमजोर सा है, मन अशांत रहेगा। बहस करने से बचें, कामकाज में सावधानी बरतें।
- **कर्क राशि**:- सितारों की अनुकूलता लगातार आपको लाभ देती जा रही है, कार्यक्षेत्र मजबूत रहेगा, प्रेम-संबंध मन के अनुकूल रहेंगे।
- **सिंह राशि**:- सितारे आज बेहद शानदार स्थिति में है, आपके द्वारा सोचे गए कार्य आसानी से संपन्न होंगे।
- **कन्या राशि**:- समय धीरे-धीरे मजबूत हो रहा है, कामकाज की स्थिति बढ़िया रहेगी। संतान से जुड़ा हुआ कोई कार्य संपन्न होगा।
- **वृश्चिक राशि**:- पराक्रम भाव में बनी शुभ ग्रह स्थिति आपको लगातार लाभ देगी, सहयोग में वृद्धि होगी, संबंध शानदार रहेंगे।
- **धनु राशि**:- समय अभी ठीक नहीं है, घर परिवार को लेकर परेशानी बनी रहेगी, धन की चिंता रहेगी।
- **मकर राशि**:- सितारों की अनुकूलता के चलते आपके कार्यों में मजबूती बनी रहेगी, लोग आपकी प्रशंसा करेंगे, प्रेम-संबंध शानदार रहेंगे।
- **कुंभ राशि**:- समय आज ठीक नहीं है, मन तनाव से भरा रहेगा। बेकार के कार्यों में धन खर्च हो सकता है, सहयोग में कमी रहेगी।
- **मीन राशि**:- समय आने वाले दिनों में भी आपकी मदद करेगा, इसका भरपूर लाभ उठाकर अपने आवश्यक कार्य तेजी से करें।
- **तुला राशि**:- सितारों की आज अनुकूलता आपके पक्ष में रहने जा रही है, मन शांत होगा, काम में रुचि बढ़ेगी।

# मध्य-पूर्व संघर्ष का भारतीय खेती पर असर



वैश्विक तनावों की आंच अब सीमाओं से आगे बढ़कर खेत-खलिहानों तक महसूस की जाने लगी है। इजराइल-ईरान संघर्ष ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति का हर उतार-चढ़ाव भारतीय कृषि जैसी मूलभूत व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकता है। ऊर्जा संकट से आगे बढ़कर उर्वरक आपूर्ति पर पड़ा इसका असर किसानों की चिंताओं को नया आयाम दे रहा है।

वैश्विक राजनीति के रणक्षेत्र में छिड़े संघर्ष अक्सर केवल सीमाओं तक सीमित नहीं रहते, उनकी तपिश दूरदराज के देशों की अर्थव्यवस्थाओं और जनजीवन तक महसूस की जाती है। अमेरिका समर्थित इजराइल-ईरान तनाव ने यही सच्चाई एक बार फिर उजागर कर दी है। इस संघर्ष का असर केवल कच्चे तेल और गैस की कीमतों तक सिमटा नहीं है, इसकी परछाई अब भारतीय कृषि व्यवस्था पर भी दिखाई देने लगी है। दरअसल, होर्मुज जलडमरूमध्य, जो वैश्विक ऊर्जा और व्यापार का एक महत्वपूर्ण मार्ग है, जो इस संघर्ष के कारण बाधित हुआ है। जहाजों की आवाजाही में आई कमी ने आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावित किया है। इसका सबसे बड़ा असर उर्वरकों के आयात पर पड़ा है, जिन पर भारत की कृषि काफी हद तक निर्भर है। भारत अपनी कुल उर्वरक जरूरतों का लगभग 60 से 70 प्रतिशत पश्चिम एशियाई देशों से मंगवाता है। ऐसे में समुद्री मार्गों में अवरोध का सीधा असर किसानों की तैयारियों पर पड़ना स्वाभाविक है। ओमान, सऊदी अरब, कतर, संयुक्त अरब अमीरात और बहरीन जैसे खाड़ी देश भारत के लिए यूरिया और डीएपी जैसे प्रमुख उर्वरकों के मुख्य स्रोत हैं।

**इसके** अतिरिक्त यूरिया उत्पादन के लिए आवश्यक प्राकृतिक गैस और फॉस्फेट का भी बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से आता है। लेकिन जब जहाजों की गति थमने लगती है, तो केवल माल ही नहीं रुकता, आशंकाएं भी बढ़ने लगती हैं। उर्वरकों की संभावित कमी और उनकी बढ़ती कीमतें किसानों के लिए चिंता का कारण बन सकती हैं, विशेषकर तब, जब खरीफ सीजन की बुवाई निकट हो। हालांकि, इस चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में केंद्र सरकार ने संतुलन बनाए रखने के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं। आपूर्ति के स्रोतों में विविधता लाने की दिशा में मोरक्को और अन्य देशों से आयात बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि देश में उर्वरकों का पर्याप्त भंडार मौजूद है और किसानों को खाद संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा। सरकारी आंकड़े भी इस आश्वासन को बल देते हैं। वर्तमान में देश में यूरिया का भंडार पिछले वर्ष की तुलना में अधिक है, जबकि डीएपी का स्टॉक लगभग दोगुना हो चुका है। एनपीके जैसे अन्य उर्वरकों की उपलब्धता भी संतोषजनक है।

**यह** स्थिति संकेत देती है कि खरीफ सीजन की बुवाई के दौरान किसानों को अपेक्षित संसाधन मिल सकेंगे। सिर्फ भंडारण ही नहीं, उत्पादन के स्तर पर भी सुधार देखने को मिला है। प्राकृतिक गैस की बेहतर उपलब्धता ने उर्वरक संयंत्रों की क्षमता को बढ़ाया है, जिससे घरेलू उत्पादन में वृद्धि हुई है। इसके अलावा, सरकार ने समय रहते वैश्विक टेंडर जारी कर आयात सुनिश्चित किया है, ताकि मांग बढ़ने के समय आपूर्ति बाधित न हो। सरकार की रणनीति का एक महत्वपूर्ण पहलू निगरानी तंत्र को सशक्त बनाना भी है। कालाबाजारी और जमाखोरी पर नियंत्रण रखने के लिए राज्यों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे उर्वरक सही समय पर किसानों तक पहुंच सके। यदि यह संतुलन बना रहा, तो कृषि उत्पादन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। कुल मिलाकर यह स्पष्ट है कि वैश्विक संघर्षों की छाया भले ही भारतीय खेतों तक पहुंच गई हो, पर दूरदर्शी नीतियों और समयबद्ध प्रयासों के कारण स्थिति नियंत्रण में है। अब निगाहें मानसून पर टिकी हैं, क्योंकि वही इस पूरी तस्वीर को अंतिम रूप देगा।

■ जसवंत सिंह राजपूत

## ज्ञान-विज्ञान

# LPG से LNG तक ऊर्जा का बदलता चेहरा

दुनिया में बढ़ते तनाव और ऊर्जा संकट का असर अब सीधे हमारी रसोई और जेब तक पहुंच रहा है। ऐसे में LPG, CNG, PNG और LNG जैसे शब्द बार-बार सुनाई दे रहे हैं, लेकिन अक्सर लोग इनके अंतर को लेकर भ्रमित रहते हैं। दिखने में ये सभी गैसें एक जैसी लगती हैं, मगर इनका निर्माण, उपयोग और महत्व पूरी तरह अलग है। आइए समझते हैं कि कौन-सी गैस किस काम आती है और क्यों यह फर्क जानना जरूरी है।

### PNG: पाइप से आने वाली सुविधा

शहरी जीवन में तेजी से लोकप्रिय हो रही PNG यानी पाइप्ड नेचुरल गैस, अब सिलेंडर की जगह लेती जा रही है। यह गैस पाइपलाइन के जरिए सीधे घरों तक पहुंचती है, जिससे सिलेंडर खत्म होने की चिंता खत्म हो जाती है। इसमें मुख्य रूप से मीथेन गैस होती है और इसका उपयोग भी खाना पकाने में ही होता है। इसकी सबसे बड़ी सुविधा यह है कि इसका भुगतान बिजली-पानी की तरह मीटर के आधार पर किया जाता है, जिससे पारदर्शिता और सुविधा दोनों बढ़ती हैं।



### CNG: सड़कों का सस्ता ईंधन

ष्हल्ल- यानी कंप्रेस्ड नेचुरल गैस, आज के समय में पेट्रोल और डीजल का सस्ता और पर्यावरण के अनुकूल विकल्प बन चुकी है। इसमें प्राकृतिक गैस को उच्च दबाव पर संपीड़ित किया जाता है, जिससे इसे वाहनों में ईंधन के रूप में इस्तेमाल किया जा सके। यह गैस न केवल प्रदूषण कम फैलाती है, बल्कि माइलेज के मामले में भी बेहतर मानी जाती है। यही कारण है कि शहरों में ऑटो, बस और कारों में ष्हल्ल का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है।




### LPG: रसोई की भरोसेमंद गैस



एलपीजी यानी लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस, हमारे घरों की रसोई से सबसे ज्यादा जुड़ी हुई गैस है। लाल सिलेंडर में आने वाली यही गैस हर दिन खाना पकाने में इस्तेमाल होती है। इसे कच्चे तेल की रिफाइनिंग या प्राकृतिक गैस की प्रोसेसिंग के दौरान तैयार किया जाता है। इसकी खासियत यह है कि इसे कम दबाव पर ही तरल रूप में बदला जा सकता है, जिससे इसे सिलेंडर में भरकर आसानी से घर-घर पहुंचाया जाता है।




### LNG: वैश्विक व्यापार की गैस

LNG यानी लिक्विफाइड नेचुरल गैस का इस्तेमाल मुख्य रूप से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गैस के परिवहन के लिए किया जाता है। जब प्राकृतिक गैस को बेहद कम तापमान, करीब 162 डिग्री सेल्सियस तक ठंडा किया जाता है तो वह तरल बन जाती है। इस रूप में गैस को जहाजों के जरिए एक देश से दूसरे देश तक पहुंचाना आसान और सुरक्षित हो जाता है। भारत जैसे देश अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा इसी रूप में आयात करते हैं, इसलिए वैश्विक संकट का इसका सीधा असर देश की ऊर्जा व्यवस्था पर पड़ता है।

### गैस का फर्क और आपकी जेब

हालांकि ये सभी गैसें ऊर्जा के स्रोत हैं, लेकिन इनका उपयोग अलग-अलग जरूरतों के हिसाब से होता है। LPG जहां हर घर की रसोई का आधार है, वहीं PNG उसी का आधुनिक और सुविधाजनक विकल्प बनकर उभरी है। दूसरी ओर स्हल्ल देश की ऊर्जा आपूर्ति और आयात व्यवस्था की रीढ़ है, जबकि ष्हल्ल आम लोगों के लिए सस्ता और पर्यावरण के अनुकूल परिवहन का साधन बन चुकी है। इस प्रकार, ये गैसें सिर्फ नाम में ही नहीं, बल्कि काम और असर में भी एक-दूसरे से बिल्कुल अलग हैं।

मौत से जन्मी आस्था

# टॉयलेट में होती है अनोखी पूजा

### 'पर्पल लेडी' का रहस्य



दुनिया में आस्था के रंग जितने विविध हैं, उतने ही हैरान करने वाले भी। मंदिरों, मस्जिदों और गिरजाघरों से परे एक ऐसी परंपरा भी है, जहां लोग आधी रात को टॉयलेट के सामने सिर झुकाते हैं। यह सुनकर भले ही अजीब लगे, लेकिन चीन की 'जिगु' यानी 'पर्पल लेडी' की पूजा एक ऐसी परंपरा है, जिसमें रहस्य, भय और श्रद्धा तीनों का अनोखा संगम देखने को मिलता है।

### अनोखी पूजा का रहस्य

चीन की लोक परंपराओं में यह मान्यता गहराई से जुड़ी है कि घर का हर कोना किसी न किसी अदृश्य शक्ति से प्रभावित होता है। ऐसे में टॉयलेट को भी सिर्फ एक साधारण जगह नहीं, बल्कि एक रूहानी ऊर्जा का स्थान माना जाता है। साल के पहले चंद्र महीने के पंद्रहवें दिन, जिसे लैनटर्न फेस्टीवल के रूप में मनाया जाता है, महिलाएं टॉयलेट की विशेष सफाई करती हैं और वहां जिगु देवी का प्रतीक एक छोटा पुतला स्थापित करती हैं। इसके बाद अगरबत्ती जलाकर पूजा की जाती है।

### भविष्य बताने की अनोखी रस्म

इस पूजा का सबसे रहस्यमय पहलू भविष्यवाणी से जुड़ा है। लोग जिगु देवी के सामने बैठकर अपने जीवन से जुड़े सवाल पूछते हैं चाहे वह खेती का हाल हो, स्वास्थ्य की चिंता हो या कारोबार का भविष्य। मान्यता है कि यदि पुतले में हल्की सी भी हरकत दिखाई दे या कोई संकेत मिले, तो उसे देवी का उत्तर माना जाता है। यह अनुभव लोगों के लिए किसी चमत्कार से कम नहीं होता, भले ही वैज्ञानिक दृष्टिकोण इसे महज संयोग या भ्रम मानता हो।





### आस्था, सफाई और संस्कृति का संगम

यह परंपरा केवल रहस्य और डर तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें एक गहरा सामाजिक संदेश भी छिपा है। टॉयलेट की सफाई और उसे पवित्र मानने की यह सोच स्वच्छता के महत्व को भी दर्शाती है। साथ ही, यह उस दर्दनाक इतिहास को सम्मान देने का एक तरीका है, जिसने इस अनोखी आस्था को जन्म दिया। चीन की यह विचित्र परंपरा यह साबित करती है कि आस्था केवल भव्य मंदिरों तक सीमित नहीं होती, बल्कि वह हर उस जगह बस सकती है, जहां इंसान अपने विश्वास और भावनाओं को जोड़ देता है।

### दर्दनाक कहानी से जन्मी आस्था

इस परंपरा के पीछे एक बेहद करुण और रहस्य छिपा है। कहते हैं कि सदियों पहले एक निर्दोष महिला को ईर्ष्या व षड्यंत्र के चलते टॉयलेट में मौत के घाट उतार दिया था। उसकी असमय मृत्यु व अधूरी पीड़ा ने लोगों के मन में भय और संवेदना पैदा की। धीरे-धीरे उस महिला की आत्मा को शांति देने के लिए उसे देवी का दर्जा दे दिया गया। अब यह श्रद्धा एक परंपरा में बदल गई, जो आज भी जीवित है।

# डुमास बीच रहस्य, सौंदर्य और सन्नाटे का अनोखा संगम

गुजरात के सूरत शहर से लगभग 21 किलोमीटर दूर स्थित डुमास बीच अपने भीतर रहस्य, प्राकृतिक सौंदर्य और लोककथाओं का अद्भुत मेल समेटे हुए है। यह समुद्र तट न केवल अपनी काली रेत के कारण प्रसिद्ध है, बल्कि यहां से जुड़ी रहस्यमयी कहानियां भी इसे भारत के सबसे अनोखे समुद्री तटों में शामिल करती हैं।

डुमास बीच की विशेषता इसकी काली रेत है, जो भारत के अधिकांश समुद्र तटों से इसे अलग बनाती है। कहा जाता है कि यह क्षेत्र कभी हिंदू श्मशान घाट हुआ करता था, जिसके कारण यहां की रेत का रंग काला हो गया। वहीं वैज्ञानिक दृष्टिकोण से यह रेत खनिजों की अधिकता के कारण काली प्रतीत होती है, लेकिन स्थानीय लोगों के बीच इसके पीछे कई रहस्यमयी मान्यताएं प्रचलित हैं।

### रहस्य: अलौकिक वातावरण

इस बीच से जुड़ी सबसे चर्चित बात है यहां का अलौकिक वातावरण। स्थानीय लोग और पर्यटक अक्सर दावा करते हैं कि रात के समय यहां अजीब आवाजें सुनाई देती हैं जैसे फुसफुसाहट या किसी के कदमों की आहट। कई लोगों ने यह भी बताया कि देर रात अकेले घूमने पर उन्हें किसी अदृश्य उपस्थिति का एहसास हुआ। हालांकि इन घटनाओं का कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है, लेकिन ये कहानियां इस स्थान को रोमांच और रहस्य से भर देती हैं।



### प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर

डुमास बीच का प्राकृतिक सौंदर्य भी कम आकर्षक नहीं है। लहरों की गूंज, तेज हवाओं का स्पर्श व दूर तक फैले खजूर के पेड़ इसे एक अलग ही पहचान देते हैं। यहां का सूर्यास्त देखने लायक होता है, जब आकाश लालिमा से भर उठता है एवं समुद्र की लहरें सुनहरी चमक बिखेरती हैं। यह दृश्य पर्यटकों को एक अनोखी शांति और सुकून देता है। यह बीच खाने-पीने के शौकीनों के लिए खास है। यहां मिलने वाले स्थानीय स्ट्रीट फूड, जैसे भुट्टा, भेलपुरी और खास गुजराती स्नैक्स, पर्यटकों के अनुभव को और भी यादगार बना देते हैं। सप्ताहांत में यहां काफी भीड़ होती है, जबकि सप्ताह के अन्य दिनों में यह स्थान अपेक्षाकृत शांत रहता है।



### भूतिया जगह के रूप में प्रसिद्धि

डुमास बीच का नाम अक्सर भूतिया जगह के रूप में लिया जाता है, लेकिन यह केवल डर का प्रतीक नहीं है। यह स्थान प्रकृति, संस्कृति और लोककथाओं का संगम है, जो हर आगंतुक को एक अलग अनुभव प्रदान करता है। जहां एक ओर यह रोमांच पसंद लोगों को आकर्षित करता है, वहीं दूसरी ओर प्रकृति प्रेमियों के लिए यह सुकून भरा ठिकाना भी है। डुमास बीच एक ऐसा स्थल है, जहां सन्नाटा भी कहानी कहता है और लहरें भी रहस्य बुनती हैं। अगर आप कभी सूरत जाएं, तो इस अनोखे समुद्र तट का अनुभव जरूर लें, शायद यहां की हवा आपको भी कोई अनकही कहानी सुना दे।

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन के लिए संपर्क करें।
मोबाइल नंबर ........
7906815587, 9758444242

# तीसरे दिन रामगंगा नदी में उतराता मिला शाहबाद के युवक का शव

## दो दिनों तक पानी में तलाशते रहे एसडीआरएफ और लोकल गोताखोर

- नहाने के दौरान पानी में डूब गया था युवक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** नगर के युवक का शव तीसरे दिन बुधवार सुबह नदी के पानी में उतराता मिला। शव को देखकर परिजनों और पुलिस को सूचित किया।जिसके बाद परिजनों और गोताखोरों ने युवक के शव को पानी से बाहर निकाला। परिजनों के पोस्टमार्टम कराने के इंकार के बाद बुधवार दोपहर बाद युवक को सुपुर्द ए खाक कर दिया गया।

बताते चले कि शाहबाद के खटपुर निवासी मोईज उर्फ मोनू (20) सोमवार दोपहर में अपने तीन दोस्तों के साथ रामगंगा में नहाने के लिए गया था।नहाने के दौरान गहरे पानी में चले जाने के


शाहबाद की रामगंगा नदी में उतराता शाहबाद के युवक का शव( -जागरण मोर्चा

मोइस पानी में डूब गया। साथ गए युवकों ने शोर मचाकर लोगों को एकत्र किया। जिसके बाद पहले दिन दर्जनों लोकल गोताखोरों ने पानी में युवक को खोजा, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया। प्रशासन ने दूसरे दिन एसडीआरएफ की टीम को बुलाया और मंगलवार दूसरे दिन एसडीआरएफ और लोकल गोताखोरों ने युवक की तलाश में पूरे दिन सर्च अभियान चलाया, लेकिन दो दिनों तक युवक का कोई भी निशान नहीं मिल सका। अचानक बुधवार सुबह युवक का शव रामगंगा पुल के आगे पानी में उतराता दिखाई दिया। जिसके बाद परिजनों और गोताखोरों ने शव को पानी से बाहर निकाला। इस दौरान कोतवाल प्रदीप कुमार, एसआई रमेश चंद्र आदि मौजूद रहे।

### युवक के जनाज़े में उमड़ा लोगो का जनसैलाब, हर आंख नम

नगर निवासी मोइस उर्फ मोनू का शव जैसे ही उसके घर पहुंचा, परिवार में चीखपुकार मच गई। मोहल्ले के हर व्यक्ति की आंखों नम हो गई। गमगीन माहौल में दोपहर में युवक को सुपुर्द ए खाक किया गया। मोइस के जनाज़े में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। आंसू लोगों की आंखों से बह निकले।



### डूबने वाली जगह से 700 मीटर दूर मिला शव

शाहबाद। युवक मोइस जिस जगह पानी में नहा रहा था, उसका शव उस जगह से लगभग 700 मीटर दूर पानी में उतराता मिला। दो दिनों तक लोकल गोताखोर और एसडीआरएफ जिस जगह युवक की तलाश कर रही थी, युवक का शव उस जगह से बहकर रामगंगा पुल से आगे चला गया और रामगंगा पुल से 100 मीटर आगे पानी में उतराता दिखाई दिया।

# अवैध खनन एवं परिवहन पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई

- चेक प्वाइंटों पर बढ़ी सतर्कता, 26,260 रुपये का जुर्माना



जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार जनपद में अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए व्यापक स्तर पर सघन चेकिंग अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील स्थानों पर चेक प्वाइंट स्थापित कर प्रशासनिक एवं संबंधित विभागीय टीमों को तैनात किया गया है, जो निरंतर संदिग्ध वाहनों की गहन जांच कर रही हैं।

इसी क्रम में चेकिंग के दौरान एक वाहन को अवैध रूप से खनन सामग्री का परिवहन करते हुए पकड़ा गया। जांच में अनियमितताएं पाए जाने पर संबंधित वाहन के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए 26,260 रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है कि जनपद में अवैध खनन एवं परिवहन की गतिविधियों पर पूर्णतः रोक लगाई जाए तथा इसमें संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि चेकिंग अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जाए तथा रात्रि के समय भी विशेष सतर्कता बरती जाए। प्रशासन द्वारा यह भी कहा गया है कि अवैध खनन से न केवल राजस्व की हानि होती है, बल्कि पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसलिए इस प्रकार की गतिविधियों के विरुद्ध निरंतर अभियान चलाते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि जनपद में कानून व्यवस्था एवं संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

## एक नजर

### सड़क हादसे में रिक्शा चालक की मौत

**रामपुर।** मंगलवार रात को शाहबाद मार्ग पर अज्ञात ने वाहन ने ई-रिक्शा चालक की जान चली गई। सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के ग्राम आगापुर निवासी मुलायम सिंह (55) ई रिक्शा चलाते थे। मंगलवार को भी वह सुबह रिक्शा लेकर घर से चले गए। सवारियां मिलने पर वह मिलक चिकना तक चले गए। देर शाम वह वापस अकेले रिक्शा लेकर घर लौट रहे थे। रास्तेमें अज्ञात वाहन ने रिक्शे को रौंद दिया। जिससे हादसे में मुलायम सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।




# नकली नोटों के साथ दो आरोपी गिरफ्तार


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। -जागरण मोर्चा

**रामपुर ।** गंज पुलिस ने सूचना के आधार पर दो युवकों को नकली नोटों के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसके बाद कोर्ट में पेश किया। जहां से आरोपी जेल चले गए। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर

अपराधियों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।इसी के चलते पुलिस को सूचना मिली कि दो युवक नकली नोटों के साथ गंज क्षेत्र में मौजूद हैं। वह लोग नुमाइश में नोटों को खपाने की कोशिश करेंगे। वहां पर मौजूद दो युवकों ने भागने की कोशिश की,लेकिन पुलिस ने घेराबंदी करके दबोच लिया।तलाशी लेने पर उनके पास से पांच-पांच सौ रुपये के 21 नकली नोट, मोबाइल व तमंचा बरामद हुआ। आरोपियों ने अपना नाम गंज कोतवाली के मोहल्ला घुइयां तालाब निवासी सिनवान व मोहल्ला चाह मोटे कल्लन निवासी मिन्हाज बताया। पुलिस दोनों को गंज कोतवाली ले आई और रिपोर्ट दर्ज कर ली। दोनों ने बताया कि मेले और भीड़ वाले इलाकों में नोट चलाते हैं।

## बिजली वसूली टीम से अभद्रता

**सैफनी।** विद्युत विभाग की बकाया वसूली टीम के साथ अभद्रता, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में एक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। घटना मंगलवार सुबह की बताई जा रही है, जब विभागीय कर्मचारी अजय कुमार अपनी टीम के साथ थाना क्षेत्र के भजनपुर गांव में बकाया बिल वसूली के लिए पहुंचे थे। आरोप है कि टीम द्वारा उपभोक्ता बाबू उर्फ बब्बू से बकाया बिजली बिल जमा करने के लिए कहा गया, जिस पर वह भड़क गया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने कर्मचारी अजय कुमार को धक्का दे दिया और जबरन फैक्ट्री के अंदर ले जाने का प्रयास किया। इस दौरान उसने जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि यदि पुलिस में शिकायत की गई तो अंजाम गंभीर होगा।पीड़ित का कहना है कि आरोपी ने न केवल अभद्र भाषा का प्रयोग किया, बल्कि सरकारी कार्य में भी बाधा उत्पन्न की। घटना के बाद टीम में भय का माहौल बन गया।मामले को लेकर पीड़ित पक्ष की ओर से थने में तहरीर दी गई थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## अवैध खनन रोकने को लेकर चेकिंग कर रहे कर्मियों पर डंपर चढ़ाने का प्रयास, केस दर्ज

**शाहबाद।** शहर के रामपुर रोड स्थित नवीन मंडी समिति के गेट के पास बने चेक पोस्ट पर ड्यूटी के दौरान एक तेज रफ्तार डंपर चालक ने ड्यूटी पर तैनात कर्मियों पर डंपर चढ़ाने का प्रयास किया और डंपर रोकने के बजाय चेक पोस्ट पर लगे बैरियर को ही तोड़ डाला। इस मामले में संग्रह अमीन की तहरीर पर डंपर चालक और मालिक के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया है।मंगलवार सात बजे राजस्व विभाग के कर्मचारी चेक पोस्ट पर अवैध खनन और ओवरलोडिंग की जांच के लिए तैनात थे। इसी दौरान नीले रंग का एक डंपर जिस पर तिरपाल से ढका हुआ था, वहां पहुंचा तो कर्मचारियों ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन चालक ने वाहन नहीं रोका और अचानक तेज गति से आगे बढ़ा दिया। डंपर की तेज रफ्तार देखकर मौके पर अफरातफरी मच गई। कर्मचारियों ने किसी तरह हटकर अपनी जान बचाई। इस दौरान डंपर ने एक बैरियर को टक्कर मारकर गिरा दिया और दूसरे बैरियर को घसीटते हुए फरार हो गया। जांच में सामने आया कि डंपर के आगे कोई नंबर प्लेट नहीं थी, जबकि पीछे की नंबर प्लेट को भी छिपाने का प्रयास किया गया था। गहराई में लगी नंबर प्लेट पर यूपी 14 के टी 03894 अंकित पाया गया। अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अज्ञात चालक और वाहन स्वामी के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा और जानलेवा हमले की धाराओं में कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# शहर विधायक ने रैली को झंडी दिखाकर किया रवाना

- सीएमओ कार्यालय में दिलाई गई शपथ, 30 तक संचालित रहेगा अभियान

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** शहर विधायक आकाश सक्सेना ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही रोगों पर नियंत्रण करने के लिए शपथ भी दिलाई गई। रैली सीएमओ कार्यालय से शुरू होकर मलेरिया कार्यालय पर जाकर सम्पन्न हुई।

इस मौके पर विधायक ने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों से कहा कि जनपद में 1 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान संचालित रहेगा। संचारी रोगों पर नियंत्रण कराने के लिए सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को जागरूक और अपने गांव, मोहल्ले के वातावरण


सीएमओ कार्यालय में शपथ ग्रहण कराते शहर विधायक आकाश सक्सेना।

को स्वच्छ रखेंगे। समुदाय को साफ-सफाई और स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे। घर के आसपास सफाई का विशेष ध्यान,पेयजल की व्यवस्था, कचरे का निस्तारण, झाडियों की कटाई लार्वा निरोधक रसायन का छिड़काव और फागिंग कराई जाएगी। रैली में सीएमओ डॉ.दीपा सिंह, डिप्टी सीएमओ डॉ.संतोष कुमार, एसीएमओ डॉ.सत्यमूर्ति तोमर, डॉ.सत्यप्रकाश, डॉ.राजीव कुमार वर्मा, जिला मलेरिया अधिकारी संजय सिंह चौहान, एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ.ताहिर, सहायक मलेरिया अधिकारी राजेश कुमार राय, बायोलॉजिस्ट देवेंद्र कुमार, फाइलेरिया निरीक्षक राहिना कौसर, मलेरिया निरीक्षक रिंकू वर्मा आदि मौजूद रहे।

# रामपुर और संभल के सांसदों ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री से की भेंट

**रामपुर।** क्षेत्रीय विकास और जन-सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए सांसद जनाब मोहिब्बुल्लाह नदवी एवं संभल के सांसद जिया उर रहमान बर्क ने नई दिल्ली में भारत सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापू राम मोहन नायडू से शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात का मुख्य उद्देश्य मुरादाबाद स्थित मूंढापांडे हवाई अड्डे को अविलंब क्रियाशील बनाना था।

क्षेत्रीय विकास में बाधा सांसदों ने मंत्री को अवगत कराया कि मूंढापांडे हवाई अड्डे का बुनियादी ढांचा 2023 से पूरी तरह तैयार है,


केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री से की भेंट करते सांसद।

लेकिन संचालन में देरी के कारण वेस्ट यूपी का यह महत्वपूर्ण हिस्सा विकास की मुख्यधारा से कटा हुआ है। सांसदों ने जोर देकर कहा कि रामपुर और मुरादाबाद 'पीतल नगरी और हस्तशिल्प के बड़े केंद्र हैं।केंद्रीय मंत्री किंजरपु राम मोहन नायडू ने सांसदों द्वारा उठाए तर्कों से सहमति जताई। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश देने और मुंडापांडे हवाई अड्डे को प्राथमिकता के आधार पर चालू करने का ठोस आश्वासन दिया। यह जानकारी सांसद मीडिया प्रभारी महबूब अली पाशा (एडवोकेट) ने दी।

## कैश काउंटर पर लगी रही भीड़

**रामपुर।** नवाब गेट स्थित डिवीजन बिजली निगम के कैश काउंटर पर दिनभर उपभोक्ताओं की भीड़ लगी रही। कतार में लगे उपभोक्ताओं की धक्कामुक्की भी हुई।

काफी जद्दोजहद के बाद उपभोक्ताओं ने बिजली का बिल जमा किया। मालूम हो कि जिन उपभोक्ताओं द्वारा बकाया जमा नहीं किया जा रहा है तो उनके कनेक्शन काटे जा रहे हैं।

कनेक्शन कटने के बाद उपभोक्ता कैश काउंटर की ओर रूख कर रहे हैं। बुधवार को भी कैश काउंटर पर यही हाल रहा। बिल जमा करने को उपभोक्ताओं की भीड़ लगी रही।

# 22 वर्षीय युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता, गुमशुदगी की तहरीर

- 31 मार्च 2026 की रात करीब 9:15 बजे निकला था घर से

**स्वार।** थाना क्षेत्र स्वार के ग्राम अलीनगर जागीर निवासी 22 वर्षीय युवक मोहम्मद हासिम संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। परिजनों ने थाने में तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराने की मांग की है। मोहम्मद नूर का पुत्र मोहम्मद हासिम बीती 31 मार्च 2026 की रात करीब 9:15 बजे घर से निकला था, जिसके



बाद वह वापस नहीं लौटा। परिजनों ने रात भर और अगले दिन भी आसपास के क्षेत्रों में काफी तलाश की, लेकिन युवक का कोई सुराग नहीं लग सका।परिजनों के अनुसार, लापता युवक की उम्र करीब 22 वर्ष है, रंग गेहुआ, कद लगभग 6 फीट, शरीर पतला और बाल बड़े हैं। घटना के समय उसने काले-सफेद चेक की शर्ट और नीली जींस पहन रखी थी।

पीड़ित पिता मोहम्मद नूर ने थाना स्वार में तहरीर देकर बेटे की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर शीघ्र तलाश कराने की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# काली पट्टी बांधकर बीमा कर्मियों ने किया प्रदर्शन

- 4 लेबर कोड के लागू होने पर बीमाकर्मियों ने लिया निर्णय

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** बुधवार को बीमा कर्मियों ने हाथ पर काली पट्टी बांधकर कार्य कराया। साथ ही बीमा कर्मियों ने प्रदर्शन कर सरकार विरोधी के नारे लगाए। 4 लेबर कोड के लागू होने पर काला दिवस भी मनाया।

बीमा कर्मचारी संघ हल्द्वानी डिवीजन के शाखा अध्यक्ष दीवान सिंह ने कहा कि कार्यरत करोड़ों आंगनबाड़ी, आशा वर्क्स, शिक्षामित्र, अनुदेशक स्वास्थ्य सेविकाएं सरकार के अधीन कार्य कर रहे हैं। लेकिन इनके साथ अन्याय किया जा रहा है। पिछले 8-10 वर्षों से मात्र 10 हजार प्रतिमाह बेसिक स्कूलों में पढ़ाते है। सरकार उनको महंगाई



भत्ता तक नहीं दे रही हैं। कहा कि सरकार के असहमत होने पर कार्मिक हड़ताल का सहारा ले रहे हैं, लेकिन आने वाले समय में हड़ताल करने पर कार्मिकों को अपने रोजगार से हाथ धोना पड़ सकता है।

प्रदर्शन करने वालों में भगवान दास, दीवान सिंह, हरि सिंह, राजेंद्र सिंह बिष्ट, महेंद्र सिंह, राकेश कुमार, विजय श्रीवास्तव, कंचन पांडेय, चंद्रशेखर, मोहम्मद शादाब, सुरेश और अरूण कुमार आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में किया पेश

**टांडा।** थाना टांडा पुलिस ने न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए दहेज अधिनियम के तहत दो वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। दोनों वारंटी पिता-पुत्र हैं, जो ग्राम खेड़ा गजरौला के निवासी हैं। गिरफ्तार वारंटियों के नाम विनोद



पुत्र रामप्रसाद व रामप्रसाद पुत्र हीरालाल निवासी ग्राम खेड़ा गजरौला हैं।ये दोनों आरोपी दहेज अधिनियम के मामले में न्यायालय के समक्ष तारीखों पर हाजिर नहीं हो रहे थे।जिसके कारण इनके खिलाफ न्यायालय द्वारा वारंट जारी किए गए थे। पुलिस ने उन्हें बुधवार को वारंट के आधार पर गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

खेल -कूद

मैच के मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर किया परिचय

# कुंडेश्वरी ने बरेली झुमका को 6-1 से हराकर अगले राउंड में किया प्रवेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** क्रीड़ा भारती एवं अंबेडकर क्लब के द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय बाबा साहब भीमराव अंबेडकर फुटबॉल टूर्नामेंट के चौथे दिन मुख्य अतिथि संजय नरूला वरिष्ठ भाजपा नेता के द्वारा युवा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं उनका उत्साहवर्धन किया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन का आनंद लिया।

बुधवार को मैच कुंडेश्वरी और बरेली झुमका के बीच में मैच खेला गया। जिसमें दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन


मैदान पर भिड़ती टीमें। -जागरण मोर्चा

किया। पहले हाफ में मैच शुरू होते ही कुंडेश्वरी के खिलाड़ी अजय ने मैच 2 मिनट में 1 गोल मारकर बढ़त बना ली। फिर मैच 20 वें मिनट मे पवन ने गोल दाग कर 2 शून्य की बढ़त बना ली। मैच का पहला हाफ अपने नाम कर लिया। वहीं बरेली झुमका की टीम पूरे हाफ में संघर्ष करती रही। लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। दूसरे हाफ के 45 वें मिनट में कुंडेश्वरी के पवन ने एक ओर गोल कर दिया।

वही 49 वें मिनट में अजय ने एक गोल फिर कर बरेली झुमका की कमर तोड़ दी। मैच के 60 वे मिनट में कुंडेश्वरी के बलजीत ने पांचवा गोल दागा। मैच के 64 वे मिनट में कुंडेश्वरी के लव कुश ने छटा गोल कर मुकाबला एक तरफ कर दिया। मैच के आखिरी 2 मिनट पहले बरेली झुमका कार्तिक ने गोल कर अपनी तुम को शून्य से हारने से बचाया। कुंडेश्वरी ने बरेली झुमका को 6-1 हरा कर टूर्नामेंट के अगले राउंड में प्रवेश किया। अजीत कुमार निर्णायक और शिवम और आदित्य नें लाइनमैन की भूमिका निभाया। गुरुवार को मैच यंग मैन टांडा और हीरो क्लब रामपुर के बीच शाम 4 बजे से खेला जाएगा। इस अवसर पर डॉ.अनूप कुमार सिंह, मनोज कुमार,अभिषेक विकास कुमार, महेश कुमार, नीरज चौहान, राजेंद्र कुमार, आकाश बाबू, अमित चौहान, नितिन इशू, कमेंटेटर विजेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

पूरे भारत में सबसे कम फीस में अपने Business का रजिस्ट्रेशन कराएं घर बैठे
REGISTRATION INDIA™©
हजारों संतुष्ट ग्राहक
ITR फाइलिंग मात्र ₹999/-
We Provide all consultancy related Services to NGO, Trust, Society, Private Limited Company, GST Registration, ITR Filing, TDS, FSSAI, Income tax
अपना काम Expert CA और Expert Advocate से ही करायें और भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।
• MSME ₹ 499 • NGO Registration ₹12999
• 12 A ₹4999 • Niti Ayog (NGO Darpan) ₹999
• 80G ₹4999 • E- Anudan ₹999
• Trade Mark ₹7999 • Private Company Registration ₹11999
अपने संस्थान की किसी भी प्रकार की वेबसाइट बनवायें।
ISO Registration ₹4999
Contact: 7500223290 7500277920
T&C Apply
एल.आई.सी. रोड, सिविल लाइन्स, रामपुर 244901 (यू.पी.) Email: teamindia5050@gmail.com

# अजय सिंह बने ओवरऑल चैंपियन

## जिला स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में उमड़ा प्रतिभागियों का सैलाब

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** स्थानीय पुलिस लाइन शूटिंग रेंज में संपन्न हुई तीन दिवसीय जिला स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता ने सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। जिला राइफल क्लब के तत्वावधान में आयोजित यह प्रतियोगिता न केवल प्रतिभागियों की रिकॉर्ड संख्या के लिए, बल्कि अपनी पारदर्शिता और शानदार प्रबंधन के लिए भी लंबे समय तक याद रखी जाएगी। इस वर्ष की प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण दिग्गज शूटर रहे स्व. राजेंद्र सिंह चौहान 'रज्जू सिंह' की स्मृति में दिया जाने वाला 'ओवरऑल चैंपियन अवार्ड' रहा। जिले के ख्याति प्राप्त राष्ट्रीय खिलाड़ी अजय सिंह को इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप से नवाजा गया। रज्जू सिंह के पुत्र दीपेंद्र सिंह चौहान ने विजेता को ट्रॉफी के साथ 2100 रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान कर इस स्मृति को जीवंत किया।



विजेताओं को पुरस्कृत करते डीएम, एसपी। –जागरण मोर्चा

प्रतियोगिता में पहली बार 'अंडर-12' बालक-बालिका वर्ग को शामिल किया गया, जिसने न केवल प्रतियोगिता का उत्साह बढ़ाया बल्कि प्रतिभागियों की संख्या में एक नया कीर्तिमान भी स्थापित किया। महिला शक्ति का प्रदर्शन भी इस बार अद्वितीय रहा; जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह की धर्मपत्नी अंतिमा सिंह ने महिला वर्ग में श्रेष्ठता सिद्ध की, वहीं अनीता चौधरी और लक्ष्य सक्सेना ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पुरस्कार जीते। उभरती हुई प्रतिभाओं में राष्ट्रीय खिलाड़ी अजय सिंह के पुत्र दीपेंद्र सिंह, प्रजीत शुक्ला (प्रपौत्र स्व. रोशन लाल शुक्ल), गौरंगी चौहान (पौत्री रज्जू सिंह चौहान), निवान सिंह, सार्थक सिंह और आयरा अल्वी जैसी 'नई पौध' ने अपने सटीक निशानों से भविष्य की सुनहरी तस्वीर पेश की। प्रतियोगिता की निर्विवाद और सफल संपन्नता के पीछे जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह एवं सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर के विशेष प्रयास रहे। अधिकारियों के एक बड़े वर्ग ने भी इस बार शूटिंग रेंज पर अपना कौशल दिखाया। पीलीभीत राइफल क्लब की इस पहल ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आने वाले समय में पीलीभीत प्रदेश के भीतर शूटिंग का एक नया 'हब' बनकर उभरेगा। नई पीढ़ी के बढ़ते रुझान और पारदर्शी व्यवस्था ने इस आयोजन को जिले के खेल इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय बना दिया है।

### राष्ट्रमंडल खेलों के लिए तैयार हो रही है नई खेप -शूटिंग का भविष्य उज्ज्वलः जी.सी. सिंह

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश राइफल शूटिंग एसोसिएशन के महामंत्री एवं नेशनल शूटिंग एसोसिएशन के सह–सचिव जी.सी. सिंह ने कहा कि वर्ष 2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की सफलता के लिए भारतीय शूटरों को अभी से तैयार करने की आवश्यकता है। पीलीभीत में आयोजित जिला स्तरीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता के दौरान उन्होंने जोर देकर कहा कि देश में शूटिंग का भविष्य अत्यंत उज्ज्वल है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और खेल मंत्री के अथक प्रयासों के चलते भारत को 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी मिली है, जिसका आयोजन अहमदाबाद में किया जाएगा। इस वैश्विक आयोजन से भारतीय खिलाड़ियों को न केवल अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा, बल्कि विश्व पटल पर भारत का मान भी बढ़ेगा। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए जी.सी. सिंह ने पिछले ओलंपिक खेलों में भारतीय शूटरों द्वारा जीते गए तीन पदकों का उल्लेख किया। उन्होंने जानकारी दी कि भारत सरकार 'खेलो इंडिया' और 'टॉप्स' जैसी योजनाओं के माध्यम से खिलाड़ियों को विदेशी कोचों से प्रशिक्षण दिलाने और विदेश में अभ्यास करने की सुविधा प्रदान कर रही है। इन योजनाओं के तहत खिलाड़ियों के रहने और खाने का संपूर्ण व्यय सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है। उन्होंने सफलता के लिए 'अनुशासन' को सबसे अनिवार्य तत्व बताया।



# साकिब बने 'शार्प शूटर' प्रदीप ने भी दिखाया दम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** कलम की ताकत से फाइलों का निस्तारण करने वाले अधिकारियों ने जब हाथों में रायफल थामी, तो उनका निशाना देख हर कोई दंग रह गया। मौका था शहर के प्रतिष्ठित रायफल क्लब द्वारा आयोजित वार्षिक शूटिंग प्रतियोगिता का, जहाँ जिले के आला अधिकारियों ने अपनी खेल भावना और एकाग्रता का परिचय दिया। 32 बोर अधिकारी वर्ग की इस रोमांचक स्पर्धा में कड़ा मुकाबला देखने को मिला। अपनी सधी हुई दृष्टि और मजबूत पकड़ के दम पर मोहम्मद साकिब (उप निबंधक सदर) ने सटीक निशाने साधते हुए प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर 'चैंपियन' का खिताब अपने नाम किया। वहीं, प्रतियोगिता में अंत तक कड़ी टक्कर देते हुए प्रदीप कुमार सिंह (सहायक आयुक्त सहकारिता) ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। मैदान पर फाइलों की आपाधापी से दूर, अधिकारियों का यह 'खिलाड़ी अवतार' देख मौजूद दर्शक और क्लब के सदस्य उत्साहित नजर आए। क्लब के पदाधिकारियों ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं न केवल तनाव कम करती हैं, बल्कि अधिकारियों की निर्णय लेने की क्षमता और एकाग्रता को भी धार देती हैं। विजेताओं को अंत में बरखेड़ा विधायक महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद, जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने पुरस्कृत किया।




## पीटीआर में अब सुबह 6 और दोपहर 3 बजे से मिलेगी जंगल सफारी

**पीलीभीत।** अप्रैल माह की शुरुआत और बदलते मौसम के मिजाज को देखते हुए पीलीभीत टाइगर रिजर्व प्रशासन ने जंगल सफारी के समय में महत्वपूर्ण बदलाव किया है। डीएफओ मनीष सिंह ने बताया कि नई समय सारिणी आज से प्रभावी हो गई है, जो जून माह तक लागू रहेगी। उन्होंने कहा कि यह निर्णय टाइगर कंजर्वेशन प्लान के मानकों और हाल ही में हुई टाइगर फाउंडेशन की बैठक में लिए गए फैसलों के आधार पर लिया गया है। बढ़ती गर्मी और वन्यजीवों की सक्रियता को ध्यान में रखते हुए पर्यटकों की सुविधा के लिए सुबह और शाम की पाली के समय को पुनर्गठित किया गया है। जंगल सफारी का आनंद अब पर्यटक सुबह 6:00 बजे से 9:30 बजे तक। दोपहर 3:00 बजे से शाम 6:15 बजे तक ले सकते हैं। डीएफओ का कहना है कि मौसम में आए बदलाव के कारण वन्यजीवों की चहल-पहल के समय में भी परिवर्तन आता है। ऐसे में नई समय सारिणी न केवल पर्यटकों को बेहतर 'साइटिंग' का अवसर प्रदान करेगी, बल्कि वन्यजीवों के संरक्षण नियमों का भी सुचारू पालन सुनिश्चित करेगी। पीटीआर प्रशासन ने सभी पर्यटकों और गाइडों से अपील की है कि वे नए समय का पालन करें और जंगल के नियमों के भीतर रहकर ही प्रकृति का आनंद लें।

# प्रतिनिधि व पूर्व चेयरमैन ने किया स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य का मझोला नगर में प्रथम आगमन पर पूर्व चेयरमैन और वरिष्ठ भाजपा नेता राम औतार अग्रवाल के कार्यालय पर स्वागत एवं अभिनंदन हुआ।



कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष का स्वागत वरिष्ठ व्यापारी विजय भाटिया, कैलाश मित्तल, हरदासपुर प्रधान सुलेंद्र सिंह, गिधौर प्रधान प्रतिनिधि सोनपाल सिंह, सूरज सागर, गुलशन स्वर्णकार, बंदी लाल अग्रवाल, सूर्य वर्मा, मनजिंदर सिंह समेत क्षेत्र के गणमान्य जन ने माल्यार्पण करके किए। इसके बाद राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल और पूर्व चेयरमैन अजय गोयल ने जिलाध्यक्ष श्री मौर्य को शाल भेंटकर उनका सम्मान किया। पूर्व चेयरमैन राम औतार अग्रवाल ने नव मनोनीत जिलाध्यक्ष श्री मौर्य को अपना आशीर्वाद और सफल और ऐतिहासिक कार्यकाल हेतु आशीर्वाद दिया। जिलाध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में सम्मान और स्वागत हेतु सभी आगंतुकों का आभार और इतने शॉर्ट नोटिस पर बड़ी संख्या में लोगों के आने पर उनका धन्यवाद व्यक्त किया और मझोला के सम्मान को बनाए रखने का वादा करते हुए हर पार्टी कार्यकर्ता को अपना परिजन समझते हुए उसकी हर पीड़ा में उसके साथ खड़े होने की प्रतिज्ञा दोहराई। वहीं उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से वर्ष 2027 चुनावों हेतु कमर कस लेने और फिर से जिले की चारों सीटों पर भाजपा का परचम लहराने हेतु जुट जाने हेतु आह्वाहन किया।









## जनप्रतिनिधि और डीएम ने दिखाई 'स्कूल चलो अभियान' को हरी झंडी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जिला स्तरीय स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ मरौरी ब्लॉक के जूनियर हाई स्कूल टाह पौटा से किया गया।

बुधवार को मुख्य अतिथि बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, व मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास, जिला विद्यालय निरीक्षक राजीव कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विधायक स्वामी प्रवक्ता एवं जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को सम्मान जनक तरीके से रोली अक्षत का तिलक लगाकर माला पहनाई और उन्हें निशुल्क पाठ्य पुस्तके बाटी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा शिक्षा शेरनी का दूध है इसे जो पियेगा वह दहाड़ेगा। जिलाधिकारी ने कहा कोई भी बच्चा बुनियादी शिक्षा से वंचित न रहे शिक्षकों और जनप्रतिनिधियों और समाज के प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह स्कूल न जाने वाले बच्चों को स्कूल में दाखिला दिलवाने के लिए प्रेरित करें। इसके बाद सभी अतिथियों ने स्कूल चलो अभियान की रैली को स्कूल परिसर से गांव के लिए रवाना किया। रैली की अगुवाई जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह ने की।



## मेधावी छात्राओं को मिलीं साइकिलें

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** बिलसंडा क्षेत्र के पी.एम. श्री कंपोजिट विद्यालय बमरौली में पुरस्कार वितरण समारोह और 'स्कूल चलो अभियान' रैली का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख राकेश प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी जितेंद्र सिंह भदौरिया और खंड शिक्षा अधिकारी शिव शंकर मौर्य द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर समाजसेवी जितेंद्र सिंह भदौरिया द्वारा एक अनूठी पहल करते हुए कक्षा आठ उत्तीर्ण करने वाली सात मेधावी छात्राओं को पुरस्कार स्वरूप साइकिल और दो सौ रुपये की नकद धनराशि प्रदान की गई। इस जागरूकता रैली में शिक्षा विभाग के अधिकारियों, विद्यालय स्टाफ और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर ग्रामीणों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में विवेक श्रीवास्तव, सती शंकर मिश्रा, संजय जायसवाल, अरविंद कुमार, सोमपाल राठौर, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष गजेंद्र प्रताप, मंत्री उमेश चंद्र मिश्रा और कोषाध्यक्ष उमेश गंगवार सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। अंत में आगंतुक अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का सफल समापन किया गया।

### व्हाइटनर और थिनर के नशे के विरुद्ध निकाली रैली

**पीलीभीत।** बच्चों के बेहतर भविष्य और उनके स्वास्थ्य की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए स्थानीय एस.एन. इंटर कॉलेज में एक विशेष जागरूकता एवं संवेदनशीलता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. जावेद अहमद के कुशल निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को आधुनिक समय में उभरते नशीले पदार्थों के खतरों से आगाह करना और उन्हें एक स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रेरित करना था।



# भीषण आग से सैकड़ों बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

## घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय विधायक मौके पर पहुंचे

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** ददरौल विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सफत्यारा और पैतापुर में मंगलवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब अचानक गेहूं की तैयार खड़ी फसल में भीषण आग लग गई। तेज हवा के चलते आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और सैकड़ों बीघा फसल को अपनी चपेट में ले लिया।

कुछ ही समय में मेहनत से तैयार की गई किसानों की पूरी फसल जलकर राख हो गई, जिससे क्षेत्र के किसानों को लाखों रुपये का भारी नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने आग बुझाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन तेज लपटों के कारण आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया। सूचना पर दमकल विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। आग लगने के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है, हालांकि शॉर्ट सर्किट या खेतों में लगी आग के फैलने की आशंका जताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय विधायक अरविंद कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और अधिकारियों के साथ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों से मुलाकात कर उनका हाल जाना और हर संभव सहायता दिलाने का भरोसा दिया। विधायक ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि नुकसान का शीघ्र सर्वे कर रिपोर्ट तैयार की जाए, ताकि प्रभावित किसानों को जल्द से जल्द मुआवजा मिल सके। विधायक ने कहा कि किसानों की फसल उनकी जीवनरेखा होती है और इस तरह की घटनाएं उनके सामने बड़ी आर्थिक चुनौती खड़ी कर देती हैं। उन्होंने प्रशासन से कहा कि राहत कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और पात्र किसानों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाए। इस घटना में कई किसानों की पूरी सालभर की मेहनत बर्बाद हो गई। जानकारी के अनुसार, ग्राम नवादा इंदेपुर और सफत्यारा के कई किसानों जैसे बृजलाल वर्मा, ऊषा देवी, मोनू वर्मा, शोभित वर्मा, रोहित वर्मा, सोनू और देवनरायन की फसल पूरी तरह जल गई है। लेखपाल द्वारा मौके पर सर्वे कर नुकसान का प्रारंभिक आकलन कर लिया गया है। विधायक द्वारा जिलाधिकारी को पत्र भेजकर प्रभावित किसानों को तत्काल शासन स्तर से आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की गई है।



## जीएफ कॉलेज के प्रोफेसर को मिला भारत सरकार का पेटेंट

**शाहजहांपुर।** जीएफ कॉलेज के वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. पुनीत कुमार श्रीवास्तव ने अंतरराष्ट्रीय शोध के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल कर जनपद का नाम रोशन किया है। उन्हें उनके द्वारा विकसित एआई आधारित "स्टैटिस्टिकल डाटा एनालिसिस किट डिवाइस" के डिजाइन के लिए भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय से आधिकारिक प्रमाण-पत्र प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि उन्होंने अपने सह-आविष्कारकों के साथ मिलकर हासिल की है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. मोहसिन हसन खान ने डॉ. श्रीवास्तव को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान न केवल कॉलेज बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि यह नवाचार शिक्षा और शोध के क्षेत्र में नई संभावनाओं को जन्म देगा।



## रेडक्रॉस ब्लड बैंक निर्माण अटका अफसरों की उदासीनता पर उठे सवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** लखनऊ में हुई इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी प्रदेश की प्रबंध समिति की बैठक में महानगर में प्रस्तावित रेडक्रॉस ब्लड बैंक और कार्यालय निर्माण का मुद्दा जोर-शोर से उठा। बैठक की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने की, जिसमें शाहजहांपुर से सचिव डॉ. विजय जौहरी ने हिस्सा लिया।

बैठक में ब्रजेश पाठक ने ब्लड बैंक निर्माण की प्रगति की जानकारी ली और आश्वासन दिया कि अपने आगामी शाहजहांपुर दौरे में संबंधित अधिकारियों के साथ रेडक्रॉस पदाधिकारियों की बैठक कर इस मामले को आगे बढ़ाया जाएगा। डॉ. विजय जौहरी ने बताया कि स्थानीय स्तर पर कई बार अधिकारियों से बातचीत के बावजूद अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा है, जिससे ब्लड बैंक निर्माण का काम अटका हुआ है। उन्होंने यह भी बताया कि इस संबंध में पहले राजभवन में भी पत्र दिया गया था, जिसे मुख्यमंत्री तक भेजा गया था। इसके बाद शासन स्तर से जिला प्रशासन को कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए थे। इसके बावजूद अब तक वक्फ संपत्ति (खलील शर्की मोहल्ला) पर रेडक्रॉस को कब्जा नहीं दिलाया गया है, जिससे ब्लड बैंक निर्माण शुरू नहीं हो सका है। उन्होंने अधिकारियों की इस उदासीनता पर सवाल उठाते हुए जल्द कार्रवाई की मांग की है।

## दूध और गिरवी रखे सोना का विवाद सुलझा

**पीलीभीत।** शहर के थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के अंतर्गत दो पक्षों के बीच लंबे समय से चल रहा पैसों का विवाद बुधवार को आपसी सहमति और समझौते के साथ समाप्त हो गया। मामला सोने के जेवर गिरवी रखने और दूध के लेनदेन के बकाया रुपयों से जुड़ा था, जिसमें दोनों पक्षों ने पुलिस की मौजूदगी में बैठकर हिसाब-किताब स्पष्ट किया।

नई बस्ती निवासी पीयूष अग्रवाल (प्रथम पक्ष) और ग्राम खपरैल गौटिया निवासी राहुल कुमार मिश्रा (द्वितीय पक्ष) ने एक-दूसरे के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई थी। पीयूष अग्रवाल के पास राहुल मिश्रा की 6.67 ग्राम सोने की गांठ (एक झुमकी व एक अंगूठी) गिरवी रखी थी, जिसका मूलधन व ब्याज मिलाकर 2 लाख 2 हजार रुपये देय थे। दूसरी ओर, राहुल मिश्रा का पीयूष अग्रवाल पर दूध की आपूर्ति का 1 लाख 41 हजार 490 रुपये बकाया था। दोनों पक्षों ने आपसी गणना के बाद यह स्वीकार किया कि अब राहुल कुमार मिश्रा को पीयूष अग्रवाल को 60,510 रुपये का शुद्ध भुगतान करना शेष है।

# सजे स्कूलों में बच्चों का अभिनंदन

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ कई स्कूलों में जागरूकता रैली व पुस्तक वितरण का हुआ आयोजन

**पूरनपुर।** शैक्षिक शिक्षा सत्र के पहले दिन बेसिक शिक्षा परिषद से संचालित परिषदीय स्कूलों के मुख्य द्वार पर रंग-बिरंगे गुब्बारों से सजावट की गई। शिक्षकों ने गेट पर आने वाले छात्रों का तिलक लगाकर एवं पुष्पों की वर्षा कर स्वागत किया। कई स्कूलों में स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकाली गई। पुस्तकों का भी वितरण किया गया।

एक अप्रैल से नए शैक्षिक सत्र की शुरूआत हो गई है। परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कंपोजिट स्कूलों के खाते में बच्चों के स्वागत अभिनंदन आदि के लिए प्रत्येक स्कूल को 25 हजार रुपये भेजे गए हैं। बुधवार को खंड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेन्द्र सिंह के निर्देशन में प्राथमिक विद्यालय खाता, चांटफिरोजपुर, रंपुरा कपूरपुर, धुरिया पलिया, रंपुरा फकीरे, पिपरिया दुलई सहित अधिकांश स्कूलों में शिक्षासत्र के पहले दिन भव्य सजावट की गई। स्कूलों के मुख्य द्वार पर रंग-बिरंगे गुब्बारों से सजाकर शिक्षकों ने अपने विद्यालय स्टाफ के सहयोग से रंग-बिरंगे गुब्बारों से विद्यालयों को सजाया। स्कूल के शिक्षक सुबह हाथ में थाली लेकर छात्रों के स्वागत के लिए मुख्य गेट पर खड़े हो गए। स्कूल में आने वाले प्रत्येक छात्र का माथे पर तिलक लगाकर एवं पुष्पों की वर्षा कर स्वागत किया गया और स्कूल चलो अभियान रैली निकाली गई। छात्रों को पुस्तकें वितरित की गई। इससे स्कूल पहुंचे बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। चांट फ़िरोजपुर में ब्लाक प्रमुख मानसी अपूर्व सिंह ने हरी झंडी दिखाकर स्कूल चलो अभियान रैली का शुभारंभ किया। उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह ने कहा कि हर समस्या का समाधान शिक्षा से ही सम्भव है इसलिए बच्चों की शिक्षा में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। बीईओ ने ग्रामीणों से अपील की कि छह से 14 वर्ष के बच्चों को अपने नजदीकी परिषदीय स्कूलों में नामांकन बढ़ चढ़कर कराएं। इस मौके पर शिक्षिका पारुल गुप्ता, राधाकृष्ण कुशवाहा, विनीत कुमार, विजयपाल सिंह, अजय कुशवाहा, रंजीत सिंह, अवनीश कुमार अवस्थी, प्रभुदयाल, इन्तेजार अहमद खां, रोहित मिश्रा, अंजू जैसवार, अवधेश कुमार, कंचन देवी कुशवाहा, कपिल पाण्डेय, उमाशंकर, रामसेवक, शेखर दीक्षित, वीरपाल, ऋषि सक्सेना, नीराजना शर्मा, सूर्यप्रकाश गंगवार, ब्रजेश शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# स्कूलों में रोली-टीका और स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** नए शैक्षिक सत्र के पहले दिन जनपद में 'स्कूल चलो अभियान' की शुरुआत उत्साह और भावनाओं के साथ हुई। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कलेक्ट्रेट परिसर से एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर अभियान का शुभारंभ किया।

यह वैन गांव-गांव जाकर लोगों को बच्चों को स्कूल भेजने के लिए जागरूक करेगी। विद्यालयों में बच्चों का रोली-तिलक लगाकर, मिष्ठान खिलाकर और पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि शिक्षा ही समाज और देश की दिशा तय करती है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे हर हाल में अपने बच्चों को स्कूल भेजें, क्योंकि शिक्षित बच्चे ही देश का भविष्य हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। कार्यक्रम के दौरान प्राथमिक विद्यालय हथौड़ा के बच्चों को निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकें भी वितरित की गईं, जिससे उनका उत्साह बढ़ा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता ने बताया कि अभियान का उद्देश्य हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ना है। सभी के सहयोग से शत-प्रतिशत नामांकन और बेहतर शिक्षा सुनिश्चित की जाएगी। इस मौके पर एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्रा, एसडीएम प्रियंका सहित कई अधिकारी, शिक्षक और गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने मिलकर हर बच्चे को स्कूल से जोड़ने का संकल्प लिया।




## नए सत्र की शुरुआत पर स्कूल में बच्चों का जोरदार स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** विकास खंड भावलखेड़ा के प्राथमिक विद्यालय नईबस्ती में नए शैक्षिक सत्र के पहले दिन बच्चों का बड़े उत्साह के साथ स्वागत किया गया। 'स्कूल चलो अभियान' के तहत विद्यालय को रंग-बिरंगे गुब्बारों से सजाया गया और बच्चों पर पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया गया। विद्यालय पहुंचने वाले बच्चों को रोली-तिलक लगाकर मिठाई खिलाई गई, जिससे बच्चों और अभिभावकों में खुशी का माहौल रहा। पहले ही दिन स्कूल में नामांकन को लेकर अच्छा रुझान देखने को मिला। करीब 10 बच्चों ने अपने अभिभावकों के साथ पहुंचकर प्रवेश लिया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक राजकुमार तिवारी, शिक्षक शिवकुमार, दिनेश आनंद, प्रेक्षा अवस्थी, कल्पना सिंह और गौरी मिश्रा मौजूद रहे।

## तंत्र-मंत्र के जाल में उलझाकर महिला से लाखों की ठगी

**बदायूं।** कोतवाली बिसौली क्षेत्र में ठगी का एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। पीड़िता रीनू गुप्ता ने बताया कि 28 मार्च को जब वह बिसौली में दीपक टॉकीज के पास से गुजर रही थी, तभी एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे रोककर परिवार के बारे में ऐसी बातें बताईं कि वह दंग रह गई। उस व्यक्ति ने दावा किया कि रीनू के बेटे पर 'भारी संकट' आने वाला है। उसने बातों में उलझाकर उसके शरीर से सारे जेवर उतरवा लिए। ठग ने 1 तोला सोने की चेन, 3 तोला की अंगूठियां, 1 तोला के कुंडल और एक सैमसंग मोबाइल अपने पास रख लिया और पीड़िता को 20 कदम आगे जाकर वापस आने को कहा। जब तक रीनू वापस लौटी, ठग कीमती सामान लेकर चंपत हो चुका था।

# ट्रांस शारदा क्षेत्र में स्वास्थ्य उपकेंद्र ठप

जागरण मोर्चा कार्यालय



**पूरनपुर।** ट्रांस शारदा क्षेत्र के गांव राणाप्रताप नगर में उप स्वास्थ्य केन्द्र का भवन जगह-जगह से टूटकर खंडहर बनता जा रहा है। भवन के चारो तरफ घास खड़ी है। ऐसा लगता है कि यह स्वास्थ्य उपकेंद्र नहीं बल्कि चारागाह है। जिम्मेदारों की इस अनदेखी से क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी लाभ नहीं मिल पा रहा है।

आरोप है कि ग्रामीणों द्वारा कई बार जिम्मेदार अधिकारियों को पत्र देकर भवन की मरम्मत कराकर स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू कराने की मांग की लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश पनप रहा है। सरकार द्वारा नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर करने पर जोर दिया जा रहा है। नजदीक में ही लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिले इसके लिए गांव-गांव स्वास्थ्य उपकेंद्र या हेल्थ एवं बेलनेस सेंटर संचालित किए जा रहे हैं। बावजूद इसके लोगों को सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। ट्रांस शारदा क्षेत्र के गांव राणाप्रताप नगर व आसपास गांव के ग्रामीणों का उपचार या टीकारकरण के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी जैसे गर्भवती महिलाओं व जच्चा-बच्चा का टीकाकरण सहित अन्य सेवाओं के लिए उप स्वास्थ्य केंद्र का भवन देखरेख के अभाव में जर्जर हो गया है। ऐसे में लंबे समय से स्वास्थ्य सेवाएं बाधित है। ग्रामीणों ने कई बार जिले के आलाधिकारियों से शिकायत की और भवन की मरम्मत कराने की गुहार लगाई लेकिन सुनवाई नहीं हुई। बताते हैं कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा भी मौके पर जाकर निरीक्षण किया जा चुका है लेकिन उन्होंने भी ग्रामीणों की समस्या पर ध्यान नहीं दिया। यहां का केंद्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भरतपुर हजारा मुरैना गांधीनगर की देखरेख में संचालित होता है। राणा प्रताप नगर के ग्राम प्रधान रमावती देवी, पूर्व बीडीसी शशीकला शर्मा, पूर्व प्रधान हरीश खंडूजा, गोरख नाथ वर्मा, मोहम्मद फारुख, कमरुद्दीन अंसारी, सुरेश, विजय कुमार आदि ने अधिकारियों को उप स्वास्थ्य केंद्र के भवन की मरम्मत कराकर स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू कराने की मांग की है।

## मिशन शक्ति के तहत छात्राएं होंगी आत्मनिर्भर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** राम लुभाई साहनी राजकीय महिला महाविद्यालय में 'मिशन शक्ति' अभियान के अंतर्गत छात्राओं को सशक्त और स्वावलंबी बनाने की दिशा में एक प्रभावी कदम उठाया गया है। महाविद्यालय में छात्राओं के सर्वांगीण विकास और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने के उद्देश्य से 'कैरियर एवं कौशल विकास समिति' का औपचारिक गठन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सचिन बिहार ने कौशल विकास की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आधुनिक युग में केवल किताबी ज्ञान पर्याप्त नहीं है; पेशेवर कौशल ही छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगा।

संचारी रोग अभियान | वित्त मंत्री ने जागरुकता रैली को रवाना कर स्वास्थ्य सुरक्षा का दिया संदेश

# वित्त मंत्री ने जागरुकता रैली को दिखाई हरी झंडी

जागरण मोर्चा कार्यालय




**शाहजहांपुर।** जिले में संचारी रोगों से बचाव के लिए जागरूकता बढ़ाने हेतु संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कलेक्ट्रेट परिसर से जन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया।

यह अभियान 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगा। इसके साथ ही 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक "दस्तक अभियान" भी संचालित किया जाएगा, जिसके तहत आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को संचारी रोगों से बचाव के उपाय बताएंगी। रैली में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और 7 का वार, संचारी रोगों पर प्रहार व स्वास्थ्य व्यवहार अपनाना है संचारी रोगों को हराना है जैसे संदेशों के जरिए स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाई। अभियान के दौरान नगर निगम की ओर से कचरा उठाने वाली गाड़ियों, टीपर और ट्रैक्टरों को सजाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने मच्छरों की रोकथाम के लिए फॉगिंग और दवा छिड़काव भी किया।

### वित्त मंत्री ने पुलिस अधिकारियों के साथ हनुमत धाम परिसर का किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर।** आगामी हनुमान जयंती पर्व को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में सुरेश कुमार खन्ना ने पुलिस अधिकारियों के साथ हनुमत धाम परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का जायजा लिया गया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि पर्व के दिन श्रद्धालुओं की अधिक भीड़ को देखते हुए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए।

## दलित युवती के घर में घुसकर दबंगों ने की मारपीट, दी धमकी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** थाना बिसौली के मोहल्ला गुलाबबाग में जातिगत भेदभाव और मारपीट की घटना सामने आई है। पीड़िता कुमारी मनीषा पुत्री स्व. पूरनलाल ने पुलिस को बताया कि चार मार्च की दोपहर करीब 1 बजे गांव के ही दबंग निखिल, सुमित और छोटू पुत्रगण विश्वनाथ अपने एक अन्य साथी के साथ लाठी-डंडे लेकर जबरन उसके घर में घुस आए। आरोपियों ने मनीषा और उसके परिवार के साथ गाली-गलौज करते हुए जमकर मारपीट की। पीड़िता का आरोप है कि हमलावर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर रहे थे और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे थे।

## संक्षेप समाचार

### एसपी सौरभ दीक्षित ने संभाला कार्यभार, पहले दिन ही सुनी जनता की फरियाद



**शाहजहांपुर।** नवागत पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने कार्यभार संभाल लिया है। उनके जिले में पहुंचते ही एसपी ग्रामीण, एसपी सिटी, सीओ सिटी सहित अन्य पुलिस अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद एसपी सौरभ दीक्षित ने पहले ही दिन जनसुनवाई कर फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी समस्याओं का जल्द और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। सौरभ दीक्षित 2017 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं और इससे पहले कासगंज व फिरोजाबाद में पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात रह चुके हैं। उनके कार्यभार संभालने से जिले की कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने की उम्मीद जताई जा रही है।

### नवीन सत्र का हुआ शुभारंभ

**बदायूं।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान से संबद्ध शिव देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सिविल लाइंस में सनातन परंपरा अनुसार विद्यालय के शैक्षिक सत्र 2026–27 के लिए मां शारदे के चित्र पर पुष्पार्चन के साथ हवन के कार्यक्रम से नवीन सत्र का श्री गणेश हुआ। इस कार्यक्रम में आचार्य प्रवर दिग्विजय सिंह यजमान रहे। एवं पुरोहित के रूप में दिनेश शर्मा एवं मुकेश शर्मा ने सामूहिक रूप से सहयोग किया। प्रथम दिवस पर छात्रों ने भी हवन में भाग लिया। सभी आचार्यों ने भी इस यज्ञ में सामूहिक रूप से आहुतियां प्रदान की। इस अवसर पर पधारे हुए सभी बंधुओं का प्रधानाचार्य वेद रतन शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

### वजीरगंज: घर में घुसकर बुजुर्ग महिला को बंधक बना गहने चोरी

**बदायूं।** थाना वजीरगंज क्षेत्र के ग्राम रहेड़िया में चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। पीड़ित देवकी उर्फ देवेन्द्र पुत्र केदारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 25 मार्च को वह गांव में ही आयोजित 'कालसेन बाबा' के मेले में गया था। घर पर उसकी वृद्ध माता जाना देवी अकेली थीं। शाम करीब 8:30 बजे गांव का ही निवासी गोविन्द पुत्र गांधी जबरन घर में घुस आया। आरोप है कि उसने घर में रखी दो जोड़ी पायल, एक जोड़ी कुंडल, चांदी के पांच सिक्के, सोने की दो अंगूठियां, चांदी का टीका और बच्चों के चांदी के कड़े (खडुआ) चोरी कर लिए। पीड़ित ने बताया कि वह काफी समय तक अपने स्तर पर पता लगाने का प्रयास करता रहा, लेकिन सफलता न मिलने पर पुलिस की शरण ली। वजीरगंज पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक मनोज कुमार को सौंपी गई है।

### शराब के नशे में दबंगों ने युवक को पीटा, दी जान से मारने की धमकी

**बदायूं।** थाना उधैती के ग्राम रियोनाई कुन्दन में आपसी विवाद और मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित नेकसिंह पुत्र जीवनलाल ने पुलिस को बताया कि 25 मार्च की रात करीब दस बजे वह अपने घर पर था। इसी दौरान गांव के ही दो सगे भाई दुर्गेश और अरविन्द पुत्रगण पूसे शराब के नशे में धुत्त होकर उसके दरवाजे पर आए और गाली-गलौज करने लगे। जब नेकसिंह ने विरोध किया, तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से उस पर हमला कर दिया, जिससे उसे काफी गंभीर चोटें आईं। शोर सुनकर जब ग्रामीण मौके पर एकत्र हुए, तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने थाने पहुंचकर अपना डॉक्टरी परीक्षण कराया और आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। विवेचना उपनिरीक्षक हरिभान सिंह द्वारा की जा रही है।

### रास्ते के विवाद में खूनी संघर्ष, आठ पर मुकदमा

**बदायूं।** थाना कादरचौक के कलुआ नगला गांव में रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। पीड़ित पप्पू पुत्र रामस्वरूप ने न्यायालय के आदेश पर दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 8 नवंबर 2025 को उनके पड़ोसी श्यामपाल ने रास्ते में चबूतरा (पटिया) बढ़ाकर निर्माण कर लिया था, जिससे वाहन निकालने में दिक्कत हो रही थी। शिकायत करने पर श्यामपाल, उसके पुत्रों और परिवार के अन्य सदस्यों (कुल 8 लोग) ने लाठी-डंडों और लात-घूसों से पीड़ित और उसके बेटों पर हमला कर दिया। हमलावर पीड़ित के घर में भी घुस गए और तोड़फोड़ की। इस मारपीट में पीड़ित पक्ष को गंभीर चोटें और फ्रैक्चर आए हैं। आरोप है कि स्थानीय पुलिस ने पहले सुनवाई नहीं की, जिसके बाद न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। अब पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सरकारी जमीन पर अवैध बाजार लगाने का भंडाफोड़

**बदायूं।** थाना मूसाझाग क्षेत्र के ग्राम सैजनी में सरकारी अभिलेखों में दर्ज 'रास्ता' की जमीन पर अवैध रूप से बाजार लगाने और अवैध वसूली का मामला सामने आया है। क्षेत्रीय लेखपाल हेमसिंह द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार, जांच में पाया गया कि गाटा संख्या 230/0.809 हे0 के आंशिक भाग पर बिना किसी सक्षम अधिकारी की अनुमति के तहबाजारी (बाजार) लगाई जा रही थी। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि राकेश सिंह व राजेश सिंह पुत्रगण श्याम बहादुर सिंह अपने परिजनों और सहयोगियों के साथ मिलकर दुकानदारों से अवैध रूप से धन वसूली कर रहे थे। लेखपाल की तहरीर पर पुलिस ने सरकारी संपत्ति के दुरुपयोग और अवैध वसूली की धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि सरकारी जमीन पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा या बिना अनुमति व्यावसायिक गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी।




# पीएम दोनों रैलियों में कांग्रेस पर बरसे

## प्रियंका बोलीं- असमिया पहचान बचाएंगे, सीएम सरमा को भी घेरा

**एजेंसी समाचार**

**गुवाहटी।** विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रचार चरम पर है।





राज्य में सियासी पारा चढ़ने का संकेत इसी बात से मिल रहा है कि आज पीएम मोदी ने भाजपा की दो रैलियों को संबोधित किया। उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथ लिया। दूसरी तरफ कांग्रेस के लिए प्रियंका गांधी ने असमिया पहचान बचाने का वादा कर वोट देने की अपील की।

असम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज दो जनसभाओं को संबोधित किया। पीएम मोदी ने धेमाजी के बाद बिस्वनाथ ने भाजपा की रैली को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा-एनडीए के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों को गिनाने के अलावा कांग्रेस के दौर में हुए फैसलों पर भी बात की। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को राष्ट्रीय सुरक्षा और घुसपैठ जैसे मुद्दों पर कटघरे में खड़ा किया। दूसरी तरफ कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने नाजिरा में आयोजित पार्टी की चुनावी रैली के दौरान असमिया पहचान बचाने का वादा किया। उन्होंने कांग्रेस पार्टी को जिताने की अपील करते हुए रैली में देर से पहुंचने के लिए माफी भी मांगी। कांग्रेस के प्रत्याशियों के पक्ष में वोट करने की अपील करते हुए प्रियंका ने असम के हित में फैसले लेने वाले हाथों को मजबूत बनाने का आह्वान भी किया। पीएम मोदी और प्रियंका ने अपनी जनसभाओं में और किन बातों पर जोर दिया? पढ़िए इस खबर में

पीएम मोदी ने कहा, असम की जनता भारत रत्न भूपेन हजारिका जी का अपमान भी नहीं भूल सकती। भाजपा-एनडीए सरकार ने महान भूपेन हजारिका को भारत रत्न दिया, लेकिन कांग्रेस के वर्तमान अध्यक्ष ने इसका उपहास उड़ाया, मजाक उड़ाई। हमने तो कांग्रेस के भी उन नेताओं का सम्मान किया, जिन्होंने असम और देश के लिए अपना योगदान दिया। लेकिन, कांग्रेस अपने नेताओं को भी भुला देती है।

पीएम मोदी ने पश्चिम एशिया में हो रहे ईरान-अमेरिका संघर्ष का परोक्ष जिक्र करते हुए कहा, आज असम कच्चे तेल के उत्पादन में नए रिकॉर्ड बना रहा है। पेट्रोल, डीजल और गैस का उत्पादन बढ़ रहा है। जब पूरी दुनिया पेट्रोलियम और कच्चे तेल की कमी से जूझ रही है, तब असम भारत को मजबूत बना रहा है। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि असम कच्चे तेल के उत्पादन में नए रिकॉर्ड बना रहा है। पेट्रोल, डीजल और गैस का उत्पादन बढ़ रहा है। जब पूरी दुनिया पेट्रोलियम और कच्चे तेल की कमी से जूझ रही है, तब असम भारत को मजबूत बना रहा है।

# चंडीगढ़ में ब्लास्ट: पंजाब भाजपा मुख्यालय के बाहर धमाका

## दूर तक गूंजी आवाज, पूरे शहर में अलर्ट

**एजेंसी समाचार**

**चंडीगढ़।** पंजाब व हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ में बम ब्लास्ट हुआ है। बुधवार दोपहर बाद सेक्टर-37 स्थित भाजपा मुख्यालय के बाहर धमाका होने से वहां अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि धमाके की आवाज दूर तक सुनाई दी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, दमकल विभाग और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं और जांच शुरू कर दी गई है।



इस घटना के बाद वहां दशहत का माहौल बना हुआ है। पुलिस ने पूरे इलाके को सील कर जांच शुरू कर दी है। वहीं आसपास के सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। वहीं भाजपा कार्यालय में हैंड ग्रेनेड फेंकने का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दो लोग बम फेंकते दिखाई दे रहे हैं।

जानकारी के अनुसार शाम करीब पांच बजे सेक्टर-37 स्थित पंजाब भाजपा मुख्यालय के बाहर एक स्कूटी खड़ी थी, उसमें जोरदार धमाका हुआ है। धमाके में किसी कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। चंडीगढ़ की एसएसपी और आईजी पुष्पेंद्र कुमार मौके पर पहुंच गए हैं। यह स्कूटी किसकी थी अभी कोई सूचना नहीं है। भाजपा कार्यालय के भीतर कोई नुकसान नहीं है। वहीं फायर ब्रिगेड, डॉग स्क्वायड, बम स्क्वायड को भी मौके पर बुलाया गया है। फॉरेंसिक टीम भी मौके पर मौजूद है और नमूने जुटाए जा रहे हैं। इस घटना के बाद पूरे शहर में अलर्ट कर दिया गया है।

# नारायण साईं तलाक केस में पत्नी ने मांगे पांच करोड़ रुपये, कोर्ट में सुनवाई हुई पूरी

**एजेंसी समाचार**

**इंदौर।** तीन साल से ज्यादा समय से चल रहे प्रवचनकार आसाराम के बेटे नारायण साईं के तलाक को लेकर लगाई गई याचिका में सुनवाई पूरी हो गई है। फैमिली कोर्ट जल्दी ही इस मामले में अपना फैसला सुनाएगी। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है।

नारायण साईं की पत्नी जानकी इंदौर में रहती हैं। उन्होंने तलाक की अर्जी दाखिल करते हुए पांच करोड़ रुपये के स्थायी गुजारा भत्ता नारायण साईं से दिलवाने की मांग की है। बुधवार को कोर्ट में इस मामले पर अंतिम बहस पूरी हुई। अदालत ने दोनों पक्षों के तर्कों को सुनने के बाद अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया है।

इंदौर निवासी जानकी भी आश्रम की सेवादार थीं। नारायण साईं ने करीब पंद्रह साल पहले उनके साथ विवाह किया था, लेकिन वह अपने साथ नहीं रखता था। जानकी ने वर्ष 2023 में तलाक की याचिका इंदौर के कोर्ट में दायर की थी। उन्होंने कोर्ट के सामने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि नारायण साईं लंबे समय से जेल में बंद हैं। इसी वजह से वह उनसे अलग होना चाहती है।



तलाक के साथ ही उन्होंने अपने भविष्य के भरण पोषण के लिए पांच करोड़ रुपये की राशि दिलाने की गुहार लगाई है। इस सुनवाई को लेकर नारायण साईं कई बार इंदौर आ चुका है। नारायण फिलहाल दूसरे केस में जेल में सजा काट रहा है। नारायण के पिता आसाराम भी एक किशोरी से दुष्कर्म के मामले में जोधपुर जेल में बंद है। पिछले दिनों आसाराम जमानत पर इंदौर में इलाज कराने आया था।

# 'नौकरी-मुआवजा बाद में, पहले मौत का बदला मौत': रिटायर्ड फौजी की हत्या पर छलका बेटी का दर्द

**एजेंसी समाचार**

**झुंझुनूं।** झुंझुनूं जिले के बामनवास गांव में रिटायर्ड फौजी उदयवीर सिंह चाहर की हत्या का मामला लगातार चर्चा में बना हुआ है। अब दिवंगत रिटायर्ड फौजी उदयवीर सिंह चाहर की बेटी मनमोहन चाहर ने एक वीडियो जारी कर कहा कि मेरे पिताजी को बुलाकर अचानक अकरम ने हत्या कर दी। हम लोगों को न्याय चाहिए। न्याय में आरोपी को सिर्फ फांसी चाहिए। इसलिए मैं प्रशासन से मांग करती हूं कि हमें न्याय दिया जाए। इस वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी साझा किया गया है। इससे पहले उन्होंने एक अन्य वीडियो में कहा था कि बाप म्हारो गयो है, मुआवजो और नौकरी बाद में, पहले मौत का बदला मौत।

जानकारी के अनुसार, घटना रविवार रात करीब 9 बजे की है, जब उदयवीर सिंह गांव की एक दुकान पर बैठे हुए थे। इसी दौरान गांव के अकरम नामक युवक से कहासुनी हो गई, जो जल्द ही विवाद में बदल गई। आरोप है कि अकरम ने गुस्से में आकर चाकूनुमा धारदार हथियार से उदयवीर सिंह पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए।

हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल उदयवीर सिंह को तत्काल चिड़ावा के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर होने पर जयपुर रेफर किया गया। हालांकि, जयपुर ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई।



घटना के बाद बामनवास गांव में तनाव की स्थिति बन गई थी। सूचना मिलते ही सूरजगढ़, पिलानी और चिड़ावा थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। एएसपी देवेंद्र सिंह राजावत ने भी घटनास्थल का दौरा किया। एहतियात के तौर पर गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया और फ्लैग मार्च निकाला गया। मृतक का शव चिड़ावा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया।

मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी अकरम को जयपुर रेलवे स्टेशन से हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। वहीं प्रशासन ने आरोपी द्वारा सरकारी भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया।

घटना के विरोध में ग्रामीणों ने सड़क जाम कर धरना दिया। प्रदर्शनकारियों ने मृतक के परिजनों को एक करोड़ रुपये का मुआवजा और सरकारी नौकरी देने की मांग रखी। साथ ही आरोपी के अवैध अतिक्रमण को हटाने की मांग भी की गई। प्रशासनिक कार्रवाई और आरोपी की गिरफ्तारी के बाद ग्रामीणों ने धरना समाप्त कर दिया।

फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया परिजनों की मौजूदगी में पूरी की जाएगी, जिसके बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। प्रशासन और पुलिस की ओर से स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

# कोलकाता में कांग्रेस दफ्तर पर बवाल: टिकट बंटवारे को लेकर भिड़े कार्यकर्ता, एक शख्स घायल

**एजेंसी समाचार**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बुधवार को विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार चयन को लेकर जमकर हंगामा हुआ। विरोध प्रदर्शन के दौरान दो गुटों में झड़प हो गई, जिसमें कम से कम एक पार्टी कार्यकर्ता घायल हो गया।बताया जा रहा है कि नाराज कार्यकर्ता बाहरी उम्मीदवारों के नामांकन को रद्द करने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। इसी दौरान विवाद बढ़ गया और दोनों गुटों के बीच मारपीट शुरू हो गई।

विरोध बालीगंज विधानसभा सीट से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सोमें मित्रा के बेटे रोहन मित्रा को उम्मीदवार बनाए जाने को लेकर था। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि इस सीट के लिए पहले जायद हुसैन को टिकट देने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन बाद में उन्हें दरकिनार कर दिया गया। प्रदर्शन कर रहे कार्यकताओं ने राज्य कांग्रेस नेतृत्व पर विधानसभा चुनाव के टिकट बेचने का भी आरोप लगाया। मुख्यालय के बाहर इस आरोप वाले पोस्टर भी लगाए गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, तीखी बहस अचानक हाथापाई में बदल गई और पुलिस की मौजूदगी में ही कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। इस दौरान एक कार्यकर्ता के सिर पर रॉड से हमला किया गया, जिससे वह घायल हो गया। कुछ प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर धरना भी दिया और हिंसा में शामिल लोगों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए नारेबाजी की।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, कुछ कार्यकताओं ने युवा कांग्रेस नेता काशिफ रजा पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि रजा ने अपने समर्थकों को भेजकर पार्टी कार्यकताओं पर हमला करवाया। झड़प के दौरान महिला कार्यकताओं के साथ दुर्व्यवहार के भी आरोप लगे हैं। एक महिला कार्यकर्ता के बेहोश होने की भी खबर है। पुलिस की मौजूदगी के बावजूद स्थिति तनावपूर्ण बनी रही और सुरक्षा कर्मियों के सामने ही झड़प और बहस जारी रही।

रविवार को कांग्रेस द्वारा 284 विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा के बाद से कई जिलों में असंतोष सामने आ रहा है। आमता, बगनान, श्यामपुर, उलूबेड़िया दक्षिण और उलूबेड़िया पूर्व सीटों से भी विरोध की खबरें हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व विधायक असीत मित्रा ने भी उम्मीदवार चयन पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि स्थानीय कार्यकताओं की भावनाओं का ध्यान नहीं रखा गया, जिससे संगठन कमजोर होगा और चुनाव में पार्टी को नुकसान हो

# राज्यसभा: सरकार ने कहा- दो चरणों में पूरी हुई चक्रवात जोखिम न्यूनीकरण परियोजना, तटीय राज्यों को मिला लाभ

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने राष्ट्रीय चक्रवात जोखिम न्यूनीकरण परियोजना (एनसीआरएमपी) को मंजूरी दी थी। इसका मुख्य उद्देश्य तूफानों के खतरे को कम करने के लिए मजबूत बुनियादी ढांचा बनाना था। साथ ही बुनियादी ढाचों और लोगों को आपदा का सामना करने के लिए तैयार करना था। यह परियोजना तटीय पर्यावरण के संरक्षण के साथ संतुल बनाने पर जोर देती है। परियोजना को देश के आठ तटीय राज्यों में दो चरणों में लागू किया गया था। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में लिखित जवाब में यह जानकारी दी।

नित्यानंद राय ने बताया कि एनसीआरएमपी का पहला चरण



जनवरी 2011 में आंध्र प्रदेश और ओडिशा के लिए स्वीकृत किया गया। यह चरण दिसंबर 2018 में पूरा हुआ। दूसरा चरण जुलाई 2015 में गोवा, गुजरात, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल के लिए मंजूर किया गया। यह चरण मार्च 2023 में पूरा हुआ। परियोजना के मुख्य हिस्सों में 'तूफान की पहले से चेतावनी देने वाली प्रणाली, बहुउद्देशीय तूफान आश्रय, लोगों के सुरक्षित निकलने के लिए रास्ते और पुल, खारे पानी से बचाने की दीवारें, भूमिगत तार और केबल, कई तरह के जोखिमों से निपटने के लिए तकनीकी मदद और प्रशिक्षण, और पूरी परियोजना का संचालन और प्रबंधन' शामिल हैं।

# लश्कर हैंडलर पर खुलासा: शाबिर को मिला था इन जगहों पर ग्रेनेड फेंकने का टारगेट

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के गाजीपुर से पकड़े गए लश्कर हैंडलर शाबिर अहमद लोन उर्फ राजा उर्फ डाक्टर का लश्कर में रुतबा ऐसे नहीं बढ़ा। दिल्ली में देश विरोधी पोस्टर लगाने और भारतीय मीडिया में कवरेज मिलने पर लश्कर ने उसे और टॉरगेट दिए और मिशन में कामयाब होने पर डिप्टी कमांडर की उपाधि भी दी थी। उसे भारत में पुजारियों की हत्या करने, देश विरोधी नारे वाले पोस्टर लगाने, भीड़-भाड़ वाली जगहों पर ग्रेनेंड फेंकने जैसे टारगेट दिए गए थे। इनमें सबसे बड़ा टारगेट वंदे मातरम ट्रेन मे देश विरोधी पोस्टर लगाने का मिला था।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि स्पेशल सेल की नई दिल्ली रेंज में तैनात इंस्पेक्टर सुनील राजैन और इंस्पेक्टर धीरज महलावत की टीम ने फरवरी माह में लश्कर के इस बांग्लादेशी मॉड्यूल का पदार्फाश कर सात बांग्लादेशी समेत आठ कथित आतंकी पकड़े थे।

# पश्चिम बंगाल में मीर जाफर के वंशजों की अनदेखी?

## SIR में 346 लोगों के नाम कटे, प्रशासनिक प्रक्रिया पर उठे सवाल

**एजेंसी समाचार**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले से सामने आया एक मामला अब राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बन गया है। बंगाल के पूर्व नवाब मीर जाफर के वंशजों के नाम मतदाता सूची से हटाए जाने के बाद चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता और प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं।

सूत्रों के मुताबिक विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत की गई कार्रवाई में नवाबी खानदान के करीब 346 सदस्यों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए। इस घटनाक्रम ने न केवल राज्य की राजनीति में हलचल मचाई है,



बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी मतदाता अधिकारों और पहचान से जुड़े मुद्दों को लेकर बहस तेज कर दी है। प्रभावित परिवार 15वीं और 16वीं पीढ़ी से संबंधित बताया जा रहा है, जिससे यह मामला ऐतिहासिक और सामाजिक दृष्टि से भी अहम हो गया है। सवाल उठ रहे हैं कि लंबे समय से सूची में शामिल लोगों के नाम अचानक कैसे हटाए गए और इसके पीछे क्या प्रक्रिया अपनाई गई।

मुर्शिदाबाद के लालबाग क्षेत्र में स्थित नव आदर्श हाई स्कूल के बूथ संख्या 121 से नवाबी परिवार के कई सदस्यों के नाम गायब पाए गए हैं।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
विज्ञापन दर
रू. 500/*- Size 40 Sqcm (Colour)
* नियम एवं शर्तें लागू
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें
7579849555, 9627739857, 9411916020, 9997745413

जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/ 4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, ( उ०प्र० ) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, ( उ०प्र० ) से प्रकाशित । सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0- 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा ।

# मुझ पर गुलाबी जर्सी अच्छी लगती है....

● सीएसके को एक ही ओवर में दो झटके देने के बाद बोले रवींद्र जडेजा

**गुवाहाटी।** आईपीएल 2026 में रवींद्र जडेजा की जर्सी का रंग बदल गया है। जडेजा अब जानी-पहचानी सीएसके की पीली जर्सी की जगह राजस्थान रॉयल्स की गुलाबी जर्सी में दिख रहे हैं। जडेजा ने कहा है कि उन पर गुलाबी जर्सी अच्छी लगती है। सोमवार को बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में सीएसके के खिलाफ मैच में जडेजा ने बेहतरीन गेंदबाजी की। सीएसके की पारी की समाप्ति के बाद आरआर में लौटने और अपनी गेंदबाजी पर जडेजा ने बातचीत की। आरआर में अपनी वापसी पर इस दिग्गज ऑलराउंडर ने कहा कि मुझे लगता है कि मुझ पर गुलाबी रंग अच्छा लगता है। जडेजा ने सीएसके को एक ही ओवर में दो झटके दिए। उन्होंने सरफराज खान और शिवम दुबे जैसे खतरनाक बल्लेबाजों को एक ही ओवर में आउट कर सीएसके की कमर तोड़ दी। उन्होंने तीन ओवर में 18 रन देकर दो विकेट लिए।




## दुबे को लेकर जडेजा का बयान

अपनी गेंदबाजी पर जडेजा ने कहा, 'मैं शिवम दुबे को काफी समय से जानता हूं।उसके खिलाफ नेट्स में काफी गेंदबाजी की है, इसलिए पता है कि वह स्पिनरों का सामना कैसे करते हैं।मैं इसके लिए तैयार था और मैंने ऑफ-स्टंप के बाहर गेंदबाजी करने की कोशिश की।मुझे पता था कि वह मेरे खिलाफ बड़े शॉट खेलने की कोशिश करेंगे।मुझे लगा कि विकेट थोड़ा चिपचिपा है और गेंद टर्न हो रही है, इसलिए मुझे गेंदबाजी करने में बहुत मजा आया।मेरा काम बस सही जगहों पर गेंद डालना था और बाकी काम पिच पर छोड़ देना था।' रवींद्र जडेजा की आरआर के साथ यह दूसरी पारी है। आरआर ने शेन वॉर्न की कप्तानी में 2008 में खेला गया आईपीएल का पहला सीजन जीता था।जडेजा उस टीम के सदस्य रहे हैं।

# मुंबई के होटल के कमरे में फर्श पर पड़ा मिला आईपीएल इंजीनियर का शव

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग के रोमांच के बीच मुंबई से एक दुखद खबर सामने आई है। टूर्नामेंट के ब्रॉडकास्ट क्रू का हिस्सा रहे 76 वर्षीय ब्रिटिश नागरिक इयान विलियम्स लैंगफोर्ड की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। वह मुंबई के मरीन ड्राइव स्थित मशहूर ट्राइडेंट होटल में ठहरे हुए थे, जहां सोमवार को उनका शव कमरे के फर्श पर पड़ा मिला। जानकारी के मुताबिक, इयान 24 मार्च से ही आईपीएल की कवरेज के सिलसिले में होटल में रुके थे। 29 मार्च को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच हुए मुकाबले के बाद वह अपने कमरे (नंबर 2715) में लौट गए थे। अगले दिन यानी 30 मार्च को जब होटल रिसेप्शन से उन्हें फोन किया गया, तो वहां से कोई जवाब नहीं आया। बार-बार संपर्क करने की कोशिश नाकाम होने के बाद होटल स्टाफ उनके कमरे तक पहुंचा।जब कमरे के अंदर से कोई हलचल महसूस नहीं हुई, तो स्टाफ ने मास्टर की का इस्तेमाल कर दरवाजा खोला। अंदर का नजारा हैरान करने वाला था—इयान जमीन पर बेसुध गिरे हुए थे। होटल के इन-हाउस डॉक्टर को तुरंत मौके पर बुलाया गया, जिन्होंने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना की सूचना मिलते ही मरीन ड्राइव पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने फिलहाल इसे आकस्मिक मृत्यु के तौर पर दर्ज किया है। शव का पोस्टमार्टम करा लिया गया है और शुरुआती रिपोर्ट में अभी तक किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि या साजिश के संकेत नहीं मिले हैं। पुलिस अब इस मामले के हर पहलू को खंगाल रही है ताकि मौत के सटीक कारणों का पता लगाया जा सके।



# वैभव सूर्यवंशी का तूफान! 15 साल, 15 गेंदों में फिफ्टी...

52 रन 17 गेंद

➲ राजस्थान रॉयल्स को मिली चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ एकतरफा जीत




**गुआहाटी, एजेंसी।** सोमवार रात आईपीएल- 2026 के अपने पहले ही मुकाबले में वैभव सूर्यवंशी ने धमाका कर दिया। उन्होंने महज 15 गेंदों में अर्धशतक जड़ते हुए 17 गेंदों पर 52 रन ठोक डाले। उनकी इस विस्फोटक पारी की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 128 रनों का लक्ष्य सिर्फ 12.1 ओवरों में 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया।दरअसल, सूर्यवंशी की 15 गेंदों में अर्धशतक वाली पारी ने उन्हें रातोरात चर्चा का केंद्र बना दिया। जिस आत्मविश्वास और निडरता के साथ उन्होंने बड़े-बड़े शॉट लगाए, जिससे यह साफ हो गया कि इस खिलाड़ी में कुछ खास है। पावरप्ले में गेंदबाजों पर दबाव बनाना और मैच का रुख बदल देना- ये गुण आमतौर पर अनुभवी खिलाड़ियों में देखने को मिलते हैं, लेकिन सूर्यवंशी ने इतनी कम उम्र में यह कर दिखाया।हालांकि, इस पूरे उत्साह के बीच क्रिकेट के जानकारों और पूर्व खिलाड़ियों ने एक अहम संदेश दिया है- टैलेंट साफ दिख रहा है, लेकिन टीम इंडिया का टिकट अभी पक्का नहीं है।

## लंबे समय तक अच्छा प्रदर्शन करना होगा

सूर्यवंशी सिर्फ प्रतिभाशाली नहीं, बल्कि मैच-विनर बनने की क्षमता भी रखते हैं। यही वजह है कि उन्हें 'फ्यूचर स्टार' के तौर पर देखा जाने लगा है। लेकिन क्रिकेट के दिग्गज इस उत्साह में संतुलन बनाए रखने की सलाह दे रहे हैं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर अंबति रायडू और पीयूष चावला ने साफ कहा है कि इंटरनेशनल क्रिकेट का स्तर बिल्कुल अलग होता है, जहां सिर्फ टैलेंट से काम नहीं चलता। उनके मुताबिक, सूर्यवंशी को अभी निरंतरता और मैच सिचुएशन की समझ पर काम करने की जरूरत है। एक-दो शानदार पारियां किसी खिलाड़ी को चर्चा में जरूर ला सकती हैं, लेकिन टीम इंडिया में जगह बनाने के लिए लंबे समय तक लगातार प्रदर्शन करना पड़ता है।सूर्यवंशी की उम्र इस पूरी चर्चा का सबसे अहम पहलू है। 15 साल की उम्र में वह अभी क्रिकेट के शुरुआती चरण में ही हैं। इस स्तर पर खिलाड़ी का मानसिक विकास, दबाव झेलने की क्षमता और तकनीकी मजबूती तीनों ही चीजें समय के साथ बेहतर होती हैं। ऐसे में चयनकर्ताओं के लिए यह जरूरी हो जाता है कि वे खिलाड़ी को जल्दबाजी में इंटरनेशनल क्रिकेट में न धकेलें।भारतीय टीम में मौजूदा प्रतिस्पर्धा भी किसी से छिपी नहीं है। टॉप ऑर्डर में पहले से कई स्थापित बल्लेबाज मौजूद हैं, जो लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। ऐसे में सूर्यवंशी के लिए सीधा टीम इंडिया में जगह बनाना आसान नहीं होगा।ऐसे में सही रास्ता यही है- धीरे-धीरे आगे बढ़ना और हर स्तर पर खुद को साबित करना। अगर सूर्यवंशी इस प्रक्रिया से गुजरते हैं, तो न सिर्फ उनका खेल निखरेगा, बल्कि वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की चुनौतियों के लिए भी पूरी तरह तैयार हो पाएंगे।दूसरी ओर, जल्दबाजी में लिया गया फैसला उनके करियर के लिए नुकसानदेह भी हो सकता है। कई बार देखा गया है कि बहुत कम उम्र में बड़े मंच पर उतारे गए खिलाड़ी दबाव में आकर अपनी लय खो देते हैं। ऐसे में चयनकर्ताओं और टीम मैनेजमेंट की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि वे खिलाड़ी के विकास को प्राथमिकता दें।हालांकि, यह भी सच है कि सूर्यवंशी ने जिस तरह का टैलेंट दिखाया है, उसे ज्यादा समय तक नजरअंदाज करना भी मुश्किल होगा। अगर वह इसी तरह लगातार रन बनाते रहे और बड़े मैचों में खुद को साबित करते रहे, तो वह दिन दूर नहीं जब उन्हें टीम इंडिया की जर्सी पहनने का मौका मिल सकता है।

## जन्मदिन पर इसलिए नहीं काटा केक

आईपीएल 2026 में राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच गुवाहाटी के बरसापारा स्टेडियम में वैभव सूर्यवंशी का तूफान देखने को मिला।इस 15 वर्षीय युवा बल्लेबाज ने अपने प्रदर्शन से सबका दिल जीत लिया है।हालांकि, उन्होंने सिर्फ अपने खेल से नहीं, बल्कि मैच के बाद अपने मजेदार बयान से भी सुर्खियां बटोरी हैं।मैच के बाद जब वैभव सूर्यवंशी से उनके जन्मदिन के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने हंसते हुए एक दिलचस्प खुलासा किया। उन्होंने कहा, 'मैंने जन्मदिन पर कुछ खास नहीं किया।केक काटने का प्लान था, लेकिन मैं जल्दी सो गया ताकि केक चेहरे पर लगाने से बच सकूं।' उनका यह जवाब सुनकर कमेंटेटर हंस पड़े।दरअसल, क्रिकेट टीमों में अक्सर जन्मदिन पर खिलाड़ी केक काटने के बाद एक-दूसरे के चेहरे पर केक लगा देते हैं, जिससे बचने के लिए वैभव ने यह तरीका अपनाया।हालांकि वैभव ने अपने जन्मदिन पर कोई जश्न नहीं मनाया, लेकिन तीन दिन बाद मैदान पर उन्होंने शानदार अंदाज में अपनी खुशी जाहिर की।उन्होंने सिर्फ 15 गेंदों में अर्धशतक जड़कर सीएसके के खिलाफ टीम को आठ विकेट से शानदार जीत दिलाई।इस मैच में पहले गेंदबाजी करते हुए राजस्थान रॉयल्स ने सीएसके को 127 रन पर समेट दिया।इसके बाद टीम ने सिर्फ 12.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।अपने बल्लेबाजी प्लान को लेकर वैभव ने बताया, 'प्लान था कि पावरप्ले में अच्छी तरह से खेलें।शुरुआत में विकेट थोड़ा मुश्किल था, लेकिन जैसे-जैसे गेंद पुरानी हुई, बैट पर अच्छी तरह आने लगी।मैं डिफेंस के बारे में भी सोचता हूं, लेकिन छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए पावरप्ले बहुत अहम होता है।अगर उस समय गेंदबाज हावी हो जाएं तो मैच पलट सकता है, लेकिन हमारा पावरप्ले शानदार रहा।' वैभव सूर्यवंशी ने बताया कि टीम मैनेजमेंट और सीनियर खिलाड़ियों ने उन्हें अपने प्राकृतिक खेल पर टिके रहने की पूरी आजादी दी है।

# सौरव गांगुली ने किया बीसीसीआई का समर्थन, हर जगह खेले जाएं टेस्ट

**कोलकाता।** भारत के पूर्व कप्तान और बंगाल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष सौरव गांगुली चाहते हैं कि ईडन गार्डंस पर ज्यादा से ज्यादा टेस्ट हों लेकिन उन्हें यह देखकर भी खुशी होती है कि पारंपरिक प्रारूप के मैच गुवाहाटी और रांची जैसे केंद्रों पर खेले जा रहे हैं।बीसीसीआई ने पिछले सप्ताह भारतीय क्रिकेट टीम के 2026-27 के घरेलू सत्र का ऐलान करते हुए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के टेस्ट कोलकाता और मुंबई जैसे पारंपरिक केंद्रों पर नहीं कराने का फैसला किया है। ये मैच 21 जनवरी से 25 फरवरी तक नागपुर, चेन्नई, गुवाहाटी, रांची और अहमदाबाद में खेले जाएंगे।

गांगुली ने स्पोर्ट्सस्टार की किताब 'मिरेकल एट ईडन' के विमोचन से इतर कहा, 'ईडन गार्डंस पर बड़े टेस्ट मैच होते देखना हमेशा अच्छा लगता है। कैब के अध्यक्ष और पूर्व खिलाड़ी होने के नाते मैं चाहता हूं कि यहां टेस्ट मैच हो लेकिन हमने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट की मेजबानी की थी। इसके बाद टी20 विश्व कप के मैच हुए और अब आईपीएल के मैच भी यहां हो रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'हम सभी चाहते हैं कि ईडन पर ज्यादा मैच हो लेकिन यह समझना भी जरूरी है कि दूसरे मैदानों पर भी मैच होने चाहिए।'



गुवाहाटी नवंबर 2025 में ही टेस्ट केंद्र बना और वहां एक साल के भीतर दूसरा टेस्ट होने जा रहा हैं। वहीं अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम पर पिछले साल अक्टूबर में ही टेस्ट हुआ था। वानखेड़े स्टेडियम पर आखिरी टेस्ट नवंबर 2024 में खेला गया था। कैलेंडर के अनुसार कोलकाता (तीन जनवरी , 2027) और मुंबई (9 जनवरी, 2027) में जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे होंगे जबकि दिल्ली में इस साल 13 दिसंबर को श्रीलंका के खिलाफ वनडे खेला जाएगा।

पहली बार इस मसले पर बोलते हुए पूर्व अध्यक्ष ने कहा, 'पूरे भारत में अच्छे स्टेडियम है। चेन्नई, गुवाहाटी और रांची में टेस्ट होते देखकर अच्छा लगता है। वहां सुविधायें काफी अच्छी है।' वहीं भारत के पूर्व स्पिनर वेंकटपति राजू ने कहा, 'हमारे समय में कोलकाता, कानपुर, चेन्नई , दिल्ली और मुंबई में ही टेस्ट होते थे। उसका अपना आकर्षण था और मुझे लगता है कि फिर ऐसा ही होना चाहिए।'

गांगुली ने इस मौके पर यह भी कहा कि ईडन गार्डंस पर 2001 की टीम के मिलने की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा, 'हम ईडन पर यह समारोह करेंगे। इस महीने की शुरूआत में होना था लेकिन सचिन तेंदुलकर के बेटे की शादी के कारण देर हो गई।'

# नसीम शाह पर जुर्माना लगाया मुख्यमंत्री नवाज पर किया था कमेंट

**लाहौर,एजेंसी।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज नसीम शाह पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने 2 करोड़ पाकिस्तानी रुपए का जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई मरियम नवाज की आलोचना वाले ट्वीट के बाद हुई, जिसे नसीम के अकाउंट से पोस्ट होने के कुछ देर बाद डिलीट कर दिया गया। इसे सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की शर्तों का उल्लंघन माना।विवाद की शुरुआत के पहले मैच के बाद हुई। चेयरमैन मोहसिन नकवी ने पहले घोषणा की थी कि ईंधन बचाने और पश्चिमी एशिया संकट के कारण टूर्नामेंट बिना दर्शकों के होगा। लेकिन मैच के दौरान पूर्व पीएम नवाज शरीफ की बेटी और पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज गद्दाफी स्टेडियम पहुंचीं और खिलाड़ियों से मिलीं। नसीम शाह के अकाउंट से एक पोस्ट को कोट-ट्वीट करते हुए लिखा गया 'उन्हें लॉर्ड्स की रानी की तरह ट्रीट क्यों किया जा रहा है विवादित ट्वीट के कुछ मिनट बाद ही उसे डिलीट कर दिया गया। इसके बाद नसीम ने एक और पोस्ट कर सफाई दी कि उनका अकाउंट हैक हो गया था।




# शाहीन पर 10 लाख का जुर्माना सुरक्षा नियमों को तोड़ने का है आरोप

**लाहौर,एजेंसी।** पाकिस्तान सुपर लीग 2026 में विवाद थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा मामले में शाहीन शाह अफरीदी पर उनकी ही टीम लाहौर कलंदर्स ने 10 लाख पाकिस्तानी रुपये का जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई सुरक्षा नियमों के उल्लंघन के आरोपों के बाद की गई है। यह विवाद उस समय शुरू हुआ जब टीम होटल में कुछ अनधिकृत लोगों के प्रवेश को लेकर सुरक्षा एजेंसियों ने आपत्ति जताई। रिपोर्ट के मुताबिक, ये चार लोग सिकंदर रजा के जानने वाले थे, जिन्हें खिलाड़ियों के कमरे में आने की अनुमति नहीं दी गई थी।पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सुरक्षा अधिकारियों और पीएसएल के सीईओ सलमान नजीर ने स्पष्ट रूप से इस अनुरोध को खारिज कर दिया था। इसके बावजूद आरोप है कि शाहीन अफरीदी और सिकंदर रजा ने उन लोगों को कमरे में एंट्री दिलाई।इस पूरे मामले पर लाहौर कलंदर्स ने आधिकारिक बयान जारी करते हुए कहा, 'यह मामला किसी जानबूझकर नियम तोड़ने का नहीं, बल्कि एक गलतफहमी का परिणाम है। हम सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल का पूरा सम्मान करते हैं। हम एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर) का सख्ती से पालन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए बेहतर संवाद की आवश्यकता है।'इस घटना के बाद टीम प्रबंधन ने अनुशासन बनाए रखने के लिए शाहीन अफरीदी पर 10 लाख पाकिस्तानी रुपये का जुर्माना लगाया। हालांकि, सिकंदर रजा के खिलाफ कोई आधिकारिक अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की गई है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सिकंदर रजा ने पूरी जिम्मेदारी अपने ऊपर लेते हुए कहा, 'इस मामले की जिम्मेदारी मेरी है। शाहीन अफरीदी को इसके लिए दोषी नहीं ठहराया जाना चाहिए।'




# आरबीआई का बड़ा कदमः यूपीआई और डिजिटल पेमेंट्स के लिए 'टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन' अनिवार्य

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** भारत में बढ़ते डिजिटल लेन-देन के बीच ऑनलाइन धोखाधड़ी को रोकने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सख्ती बढ़ा दी है। 1 अप्रैल 2026 से लोकप्रिय यूपीआई (यूपीआई) प्लेटफॉर्म सहित सभी डिजिटल पेमेंट्स के लिए टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन अनिवार्य हो गया है। आरबीआई के इस कदम से अब केवल पिन डालकर पेमेंट करना संभव नहीं होगा, इससे ग्राहकों की गाढ़ी कमाई पहले से कहीं अधिक सुरक्षित हो जाएगी।




आरबीआई के निर्देशों के अनुसार, बैंक और गैर-बैंक संस्थाओं सहित सभी भुगतान प्रणाली सेवा का संचालन करने वाली कंपनियों और प्रतिभागियों को 1 अप्रैल, 2026 तक इन दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करना अनिवार्य था। केंद्रीय बैंक ने बैंक धोखाधड़ी को कम करने और जवाबदेही में सुधार के लिए यह व्यवस्था लागू की है।

दोहरे सत्यापन की अनिवार्यताः आज से उपयोगकताओं को केवल अपना यूपीआई पिन दर्ज करके लेन-देन करने की अनुमति नहीं मिलेगी। इसके बजाय, उन्हें वन-टाइम पासवर्ड (ओटीपी), फिंगरप्रिंट ऑथेंटिकेशन या फेशियल रिकॉग्निशन के जरिए ट्रांजैक्शन को वेरिफाई करना होगा।

पिन चोरी होने पर भी सुरक्षाः इस नियम का सबसे बड़ा फायदा यह है कि यदि किसी को आपका पिन पता भी चल जाए, तो भी दोहरे सत्यापन के बिना अनधिकृत भुगतान सफल नहीं हो सकेंगे।

ओटीपी का बढ़ता उपयोगः आरबीआई ने सभी डिजिटल पेमेंट्स के लिए 2FA अनिवार्य किया है और वर्तमान में डिजिटल भुगतान इकोसिस्टम ने मुख्य रूप से एसएमएस-आधारित वन-टाइम पासवर्ड (ओटीपी) को इस अतिरिक्त कारक के रूप में अपनाया है।

बैंकिंग एप में स्क्रीनशॉट और रिकॉर्डिंग पर पूरी तरह से प्रतिबंध

भुगतान सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए, उपयोगकर्ता अब किसी भी बैंकिंग ऐप में स्क्रीनशॉट या स्क्रीन रिकॉर्डिंग नहीं ले सकेंगे। किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी से उपयोगकर्ता को बचाने के लिए इसे पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि ओटीपी दर्ज करने की प्रक्रिया के कारण लेन-देन में कुछ सेकंड की देरी हो सकती है।

# बजट सत्र का समय बढ़ा सकती है सरकार; लोकसभा सीटों के परिसीमन पर होगी चर्चा

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** संसद का बजट सत्र 28 जनवरी को शुरू हुआ था और 2 अप्रैल को समाप्त होने वाला था। हालांकि, सरकार इसे कुछ दिनों के अंतराल के साथ दो-तीन दिन और बढ़ाने पर विचार कर रही है। जानकारी के अनुसार, गुरुवार को लोकसभा और राज्यसभा दोनों के पीठासीन अधिकारी सदनों को स्थगित करेंगे और घोषणा करेंगे कि वे एक खास तारीख पर फिर मिलेंगे।

एक सूत्र ने बताया, "सदन अनिश्चितकाल के लिए स्थगित नहीं होगा, बल्कि इस घोषणा के साथ स्थगित होगा कि एक खास तारीख को फिर से सदन की बैठक होगी। हम इसी महीने बहुत जल्द फिर मिलेंगे।" सूत्रों के अनुसार, अप्रैल के तीसरे सप्ताह में संभवित रूप से दो से तीन दिनों की बैठक बुलाई जा सकती है।




हालांकि, सरकार की इन योजनाओं पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। सूत्रों का मानना है कि बढ़ी हुई अवधि के दौश्रान सरकार संसद में संविधान संशोधन विधेयक पेश कर सकती है। यह विधेयक नारी शक्ति वंदन अधिनियम, जिसे आमतौर पर महिला आरक्षण कानून के नाम से जाना जाता है में संशोधन करेगा।



# केरल में भाजपा का रोड शो

तिरुअनंतपुरम। भारतीय जनता पार्टी ने केरल के अटिंगल में मंगलवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के नेतृत्व में भव्य रोड शो का आयोजन किया। पार्टी के अनुसार, इस रोड शो के दौरान सड़कों पर भारी भीड़ उमड़ी और पूरा इलाका भगवा रंग में रंगा नजर आया। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक पार्टी के झंडों के साथ रैली में शामिल हुए। विधानसभा चुनाव में भाजपा राज्य में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए लगातार अभियान चला रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### आर्टेमिस-द्वितीय के लिए उल्टी गिनती शुरू

वाशिंगटन। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने बुधवार को भेजे जाने वाले अपने चंद्रमा मिशन आर्टेमिस–द्वितीय के लिए मंगलवार से उल्टी गिनती शुरू कर दी है। नासा ने मंगलवार को एक अपडेट में कहा कि परीक्षण उड़ान के लिए उल्टी गिनती फ्लोरिडा में एजेंसी के कैनेडी स्पेस सेंटर में चल रही है, जहां चार अंतरिक्ष यात्री अपने कंसोल पर पहुंच रहे हैं।

### पटाखों के धमाके से चार पुलिसकर्मी घायल

मछलीपट्टनम। आंध्र प्रदेश में कृष्णा जिले के चलपल्ली पुलिस स्टेशन में जब्त किए गए पटाखों में अचानक धमाका हो गया, जिससे पुलिस के चार जवान घायल हो गए। घायलों में एक सब–इंस्पेक्टर भी शामिल है। पुलिस ने बताया कि वे एक रेड के दौरान अवैध रूप से बनाए जा रहे पटाखों की भारी मात्रा को जब्त करके बाहर निकाल रहे थे, ताकि अदालत के आदेश पर उन्हें नष्ट किया जा सके। इसी दौरान पटाखे नीचे गिर गए और उनमें धमाका हो गया।

### हैदराबाद एयरपोर्ट पर 25.45 किलो गांजा जब्त

हैदराबाद। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) और कस्टम्स अधिकारियों ने संयुक्त अभियान में बैंकॉक से हैदराबाद पहुंचे दो यात्रियों से 25.45 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक कैनबिस (गांजा) जब्त किया है। विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर डीआरआई हैदराबाद जोनल यूनिट के अधिकारियों ने हैदराबाद कस्टम्स की एयर इंटेलिजेंस यूनिट (एआईयू) के साथ मिलकर दोनों भारतीय यात्रियों को एयरपोर्ट पर उतरते ही रोका था।

### यादव होंगे डीजीसीए के अगले महानिदेशक

नई दिल्ली। सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी वीर विक्रम यादव



को नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) का महानिदेशक नियुक्त किया है। वह फैज अहमद किदवई की जगह लेंगे। यादव वर्तमान में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के रूप में कार्यरत हैं।

### पेंढारकर होंगे पाकिस्तान सीमा पर नए डीजीएमओ

नई दिल्ली। भारतीय सेना में बड़ा बदलाव किया जा रहा है। अब



लेफ्टिनेंट जनरल अभिजीत एस. पेंढारकर पाकिस्तान सीमा पर नए डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशंस (डीजीएमओ) होंगे। वह उत्तर–पूर्व में सेना की स्पीयर कॉर्प्स की कमान संभालने वाले अनुभवी अधिकारी हैं। मौजूदा डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई को डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (स्ट्रेटेजी) के तौर पर जिम्मेदारी दी जाएगी, जिससे बदलते युद्ध के माहौल में ऑपरेशनल स्ट्रेटेजी को एक नई दिशा मिलेगी।

'द वॉल स्ट्रीट जर्नल' समाचार पत्र ने अमेरिकी प्रशासन के अधिकारियों के हवाले से दी रिपोर्ट

# होर्मुज जलडमरूमध्य खोले बिना ईरान के खिलाफ युद्ध समाप्त करने को तैयार ट्रंप

## तेल और लिक्विफाइड नेचुरल गैस की आपूर्ति का प्रमुख मार्ग है

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सहयोगियों से कहा है कि वह होर्मुज जलडमरूमध्य खोले बिना ईरान के खिलाफ युद्ध समाप्त करने को तैयार हैं। 'द वॉल स्ट्रीट जर्नल' अखबार ने अमेरिकी प्रशासन के अधिकारियों के हवाले से यह रिपोर्ट दी है।

रिपोर्ट के अनुसार ट्रंप और उनके सहयोगियों ने हाल के दिनों में आकलन किया कि इस अहम जलमार्ग को खोलने का कोई भी अभियान संघर्ष को उनकी तय समय-सीमा (चार से छह सप्ताह) से आगे बढ़ा देगा। उन्होंने फैसला किया कि अमेरिका को अपने मुख्य लक्ष्य हासिल करने चाहिए और मौजूदा शत्रुता को खत्म करना चाहिए, जबकि साथ ही तेहरान पर कूटनीतिक दबाव बनाना चाहिए ताकि व्यापार का मुक्त प्रवाह फिर से शुरू हो सके।

अधिकारियों ने अखबार को बताया कि अगर यह तरीका नाकाम रहता है, तो अमेरिका यूरोप और खाड़ी देशों में अपने सहयोगियों पर दबाव डालेगा कि वे जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की पहल करें।

गौरतलब है कि 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरान में कई ठिकानों पर हमले किए, जिनमें तेहरान भी शामिल था; इन हमलों से काफी जान माल का नुकसान हुआ। ईरान ने इसके जवाब में इजरायली क्षेत्र और पश्चिम एशिया में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए।




ईरान के आसपास बढ़े इस तनाव के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य की प्रभावी रूप से नाकेबंदी हो गई है। यह मार्ग फारस की खाड़ी के देशों से वैश्विक बाजार तक तेल और लिक्विफाइड नेचुरल गैस (एलएनजी) की आपूर्ति का एक प्रमुख मार्ग है। इस नाकेबंदी ने इस क्षेत्र में तेल के निर्यात और उत्पादन के स्तर को भी प्रभावित किया है। इसके परिणामस्वरूप, दुनिया भर के अधिकांश देशों में ईंधन की कीमतें बढ़ रही हैं।

## ट्रंप बोले- जिन देशों के पास तेल की कमी है, वे होर्मुज जाकर खुद ले लें

अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि जो देश जेट ईंधन की कमी से जूझ रहे हैं उन्हें थोड़ी बहादुरी दिखाकर होर्मुज जलडमरुमध्य जाकर ईंधन ले लेना चाहिए। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर जारी एक संदेश में कहा कि ऐसे देशों को अव्वल तो अमरीका से कच्चा तेल खरीदना चाहिए, क्योंकि उसके पास यह पर्याप्त मात्रा में है। इसके साथ ही इन देशों को थोड़ी बहादुरी दिखाकर होर्मुज का रुख करना चाहिए, क्योंकि अमरीका अब इनकी मदद नहीं करेगा। ट्रंप ने लिखा, 'ब्रिटेन जैसे देश जिन्होंने ईरान को हराने में शामिल होने से मना कर दिया और जो देश होर्मुज जलडमरुमध्य बंद होने के कारण जेट ईंधन हासिल नहीं कर पा रहे, उनके लिए मेरे पास एक सुझाव है। पहला, अमरीका से खरीदें। हमारे पास खूब सारा कच्चा तेल है। दूसरा, थोड़ी हिम्मत दिखाएं और जलडमरुमध्य जाकर तेल ले लें।' उन्होंने कहा, 'आपको अपने लिए लड़ना सीखना होगा। अब अमरीका आपकी मदद नहीं करेगा, जैसे आपने हमारी मदद नहीं की। ईरान को तो हराया जा चुका है। मुश्किल काम हो चुका है। जाइए अपना तेल ले लीजिए।'

## यूरोपीय संघ ने ईरान पर लगे प्रतिबंधों को बढ़ाया

यूरोपीय संघ (ईयू) ने कथित मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघनों को लेकर ईरान पर लगे प्रतिबंधों को 13 अप्रैल, 2027 तक बढ़ा दिया है। यूरोपीय संघ परिषद ने यह जानकारी दी। परिषद ने एक बयान में कहा, 'परिषद ने आज ईरान में मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन के जवाब में यूरोपीय संघ के प्रतिबंधात्मक उपायों को 13 अप्रैल 2027 तक बढ़ाने का निर्णय लिया है।'
बयान के अनुसार, इन उपायों में ईयू में प्रवेश पर प्रतिबंध और संपत्ति को फ्रीज करना, साथ ही ईरान को दूरसंचार निगरानी उपकरणों के निर्यात पर प्रतिबंध शामिल है। इसमें ईयू के नागरिकों और कंपनियों को प्रतिबंध सूची में शामिल व्यक्तियों और संस्थाओं को धन उपलब्ध कराने से भी प्रतिबंधित किया गया है। ईयू ने 2011 में ईरान के खिलाफ प्रतिबंध लगाना शुरू किया था और तब से हर साल प्रतिबंधों को बढ़ाया जाता है। इस बार, प्रतिबंधों के विस्तार का कारण हालिया विरोध प्रदर्शनों के दौरान ईरान द्वारा कथित मानवाधिकार उल्लंघन बताया गया है।

असम विधानसभा चुनाव

# सीतारमण ने जारी किया भाजपा का 'संकल्प पत्र'



असम प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार सुबह पार्टी मुख्यालय अटल बिहारी वाजपेयी भवन में विधानसभा चनाव के लिए 'संकल्प पत्र' जारी किया। इस संकल्प पत्र का औपचारिक विमोचन केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने किया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल और मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं सांसद दिलीप सैकिया, केंद्रीय मंत्री पवित्र मार्घेरिटा, असम भाजपा के प्रभारी बैजयंत पांडा, असम सरकार के मंत्री रंजीत कुमार दास, सांसद प्रदान बरुवा आदि मौजूद रहे।

### कांग्रेस ने असम के साथ की अनदेखी

सीतारमण ने असम में भाजपा नीत राजग सरकार के बीते दस वर्ष की सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी देते हुए रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, सुरक्षा, आधारभूत ढांचा, शांति, महिला विकास, आदि पर प्रकाश डालते हुए कांग्रेस सरकार के द्वारा राज्य की अनदेखी का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने अगले पांच वर्षों में राज्य के सामूहिक विकास के लिए उठाए जाने वाले भाजपा के संकल्प पर भी प्रकाश डाला।

## सोनिया गांधी की अस्पताल से छुट्टी



नई दिल्ली। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी को मंगलवार को सर गंगा राम अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। उन्हें 24 मार्च को बुखार होने के बाद सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सोनिया गांधी अब पूरी तरह स्वस्थ हैं। डॉक्टरों के अनुसार वे एक सिस्टमिक इन्फेक्शन के लिए एंटीबायोटिक्स दी गईं। सोनिया गांधी को 24 मार्च की रात 10:22 बजे बुखार के चलते सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## टाइगर श्रॉफ के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे सुनील शेट्टी



बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी अब जल्द ही टाइगर श्रॉफ के साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। खास बात यह है कि सुनील पहले जैकी श्रॉफ के साथ 'बाजः ए बर्ड इन डेंजर' और 'बॉर्डर' जैसी फिल्मों में काम कर चुके हैं और अब उनके बेटे टाइगर के साथ उनकी जोड़ी बन रही है। इस खबर के सामने आते ही सोशल मीडिया पर फैंस के बीच उत्साह देखने को मिल रहा है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह एक बड़े स्तर की एक्शन-थ्रिलर फिल्म होगी, जिसमें टाइगर मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। हालांकि फिल्म का शीर्षक अभी तय नहीं किया गया है। निर्माताओं ने सुनील शेट्टी के किरदार को फिलहाल गुप्त रखा है, लेकिन माना जा रहा है कि वह फिल्म में अहम भूमिका निभाएंगे। इस फिल्म की शूटिंग 10 अप्रैल से मुंबई में शुरू होने की संभावना है। इसके लिए गोरेगांव और मलाड में भव्य सेट तैयार किए जा रहे हैं।

## ईडी ने 15 हजार करोड़ से अधिक की संपत्ति सौंपी

■ निवेशकों को राहत की उम्मीद

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बहुचर्चित पीएसीएल लिमिटेड (पर्ल्स ग्रुप) घोटाले में बड़ी कार्रवाई करते हुए 15 हजार करोड़ रुपए से अधिक की संपत्तियां सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित विशेष समिति को सौंप दी हैं। इस कदम से देशभर के लाखों निवेशकों को उनकी जमा राशि वापस मिलने की उम्मीद बढ़ गई है।

ईडी के अनुसार, पीएमएलए की विशेष अदालत ने करीब 15,582 करोड़ रुपए की मौजूदा बाजार कीमत वाली 455 अचल संपत्तियों को आर.एम. लोढ़ा की अध्यक्षता वाली समिति को ट्रांसफर करने का आदेश दिया है। यह समिति निवेशकों को धनवापसी की प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगी।

### सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर दर्ज हुई थी एफआईआर

यह घोटाला करीब 48 हजार करोड़ रुपये की ठगी से जुड़ा है, जिसकी जांच 2016 से जारी है। मामले की शुरुआत केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की 2014 में दर्ज एफआईआर से हुई थी, जो सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर दर्ज की गई थी। बाद में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) को निवेशकों की राशि लौटाने के लिए समिति गठित करने का निर्देश दिया गया।

लोकतंत्र सेनानी संघ की राष्ट्रीय कार्यसमिति घोषित

## जटिया मुख्य संरक्षक व सोनी बने राष्ट्रीय अध्यक्ष

■ बाथम को सचिव और कार्यालय मंत्री का दायित्व

भोपाल। लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व सांसद कैलाश सोनी ने संगठन की राष्ट्रीय कार्य समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की विधिवत घोषणा कर दी है। संगठन में पूर्व केंद्रीय मंत्री व भाजपा संसदीय बोर्ड के सदस्य सत्यनारायण जटिया को मुख्य संरक्षक, पूर्व सांसद मेघराज जैन एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्वनी चौबे संरक्षक की भूमिका में होंगे। वहीं में राष्ट्रीय सचिव तथा कार्यालय मंत्री का दायित्व मदन बाथम को सौंपा है।



मदन बाथम

### इन्हें मिली जिम्मेदारी

**उपाध्यक्ष :** रवि खासखेड़ीकर (महाराष्ट्र), ओ.पी. बब्बर (नई दिल्ली), देवराज बोहरा (राजस्थान), सच्चिदानन्द उपासने (छत्तीसगढ़), अशोक यादव (तेलंगाना), गोविन्द भारद्वाज (हरियाणा)

**महामंत्री :** सांसद राजेन्द्र गहलोत (राजस्थान)

**कोषाध्यक्ष :** संतोष शर्मा

**सचिव :** कोमल छेड़ा (महाराष्ट्र–गुजरात), जी. बाबू (तमिलनाडु), अनुपमा लिमये (महाराष्ट्र), सूर्यमणी सिंह (झारखंड)

**सहमंत्री :** मन्जूनाथ स्वामी (कर्नाटक), लोलारख उपाध्याय, वीरेंद्र वार्ष्णेय (उप्र), सत्येन्द्र गोयल (राजस्थान), राधेश्याम पाठक (बिहार) और श्रीधर दास (ओड़ीसा)

**सदस्य :** पद्मश्री डां विष्णु पंड्या (गुजरात), आगरा विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, जबलपुर विधायक अजय विश्नोई, पूर्व सांसद अशोक बाजपेयी (उप्र), पूर्व सांसद रामकृष्ण कुसमरिया (मप्र), महावीर भारद्वाज (हरियाणा), गिरीश शर्मा (पंजाब), पूर्व प्राचार्य डां रवि राय, जगदेव सिंह ठाकुर (हिमाचल), विजय गदरे, सत्यमूर्ति, के.पी. मणीलाल, भारतमाता मोहन, कांडा कुमार (दक्षिण भारत), बालचन्द्र गर्ग, गिरीश चन्द्र कंडपाल (उत्तराखंड) रघुनाथ दीक्षित, अजय सालोदकर, भारत चतुर्वेदी, राधू मिश्र, मंसुख राठी (आसाम), बाल गोपाल गुप्ता, यशपाल आर्य, दिलीप शर्मा, दत्तात्रेय त्रिपुरवार, गणपत लाल शर्मा, दिनेश कुमार खुंटेटा, ओमप्रकाश शर्मा, दिलीप बनर्जी, सुप्रिया बंदोपाध्याय (बंगाल), अरुण गुप्ता और महेन्द्र प्रसाद गुप्ता।

## नौसेना के लिए तैयार अगली पीढ़ी का पहला गश्ती पोत 'शची' लॉन्च

भारतीय नौसेना के लिए तैयार किए जा रहे 11 अगली पीढ़ी के अपतटीय गश्ती पोत में से पहला 'शची' मंगलवार को परीक्षण के लिए समुद्र में उतार दिया गया। गोवा में नौसेना उप प्रमुख वाइस एडमिरल तरुण सोबती की मौजूदगी में उनकी पत्नी शगुन सोबती ने नौसैन्य परम्पराओं के साथ लॉन्च किया। अपतटीय गश्ती पोत जैसे प्लेटफॉर्म को नौसेना में शामिल करना इसलिए जरूरी है, ताकि हम मौजूदा और नई चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहें। गश्ती पोतों का निर्माण गोवा शिपयार्ड लिमिटेड और गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स में एक साथ किया जा रहा है। ये देश में बने जहाज रक्षा और निगरानी, खोज और बचाव, अपतटीय संपत्तियों की सुरक्षा, राहत एवं बचाव और समुद्री डकैती विरोधी मिशन जैसे मल्टी डोमेन को बढ़ाएंगे।

